
✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 101 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, शनिवार, 5 सितम्बर 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com


## संक्षिप्त समाचार

### दो युवकों की चाकू गोदकर हत्या

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** भरतखंड थाना क्षेत्र के खजरैठा नयाटोला गांव में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। दो युवकों की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई है। आपसी विवाद को लेकर हुई चाकूबाजी ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। मृतकों की पहचान खजरैठा निवासी विनोद चौधरी के पुत्र गौरव कुमार और पप्पू चौधरी के पुत्र अंकुर कुमार के रूप में हुई है। मौत की खबर मिलते ही गांव में तनाव का माहौल बन गया है। स्थिति को देखते हुए पुलिस लगातार इलाके में निगरानी कर रही है। साथ ही गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस मामले में शामिल अपराधियों की गिरफ्तार करने के लिए सभी संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई सफलता मिलने की सूचना नहीं है।

## बाढ़ प्रभावितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना प्राथमिकता : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इस बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम सम्राट चौधरी ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के सर्वे से जुड़ी तस्वीरें शेयर की। साथ ही उन्होंने लिखा, 'एरियल सर्वे के माध्यम से बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया और राहत और बचाव कार्यों की स्थिति की समीक्षा की।




प्रभावित क्षेत्रों में आमजन को हरसंभव सहायता समय पर मिले, किसी को कोई परेशानी ना हो और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो, इसके लिए अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। एरियल सर्वे के बाद लोगों की सहायता के लिए सीएम सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को जरूरी आदेश भी दिए। सर्वे के बाद मुख्यमंत्री ने लोकसेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों साथ बैठक कर बिहार में विभिन्न नदियों, विशेषकर मां गंगा के बढ़ते जलस्तर की स्थिति की समीक्षा की। बाढ़ से संभावित प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को सुदृढ़ रखने तथा आमजन की सुरक्षा के लिए हर आवश्यक एहतियाती कदम उठाने को लेकर अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन-जीवन की सुरक्षा एवं प्रभावित लोगों को समय पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बिहार पुलिस सेवा के दस अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के गृह विभाग ने 10 पुलिस अधिकारियों के तबादले और नई जगह तैनाती का आदेश जारी किया है। तबादले में 2018, 2023 और 2024 बैच के बिहार पुलिस सेवा के अधिकारी शामिल हैं। इनमें कई अधिकारियों को अलग-अलग जिलों में नए पद पर भेजा गया है। 2018 बैच के पूर्ण कुमार झा को पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना जबकि 2023 बैच की कोमल मीणा को पटना का पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण बनाया गया है। 2023 बैच की सुषमा सागर को पटना में ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, विधि-व्यवस्था जबकि 2024 बैच के अनिकेत कुमार द्विवेदी को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1, जहानाबाद बनाया गया है। वहीं 2024 बैच की दीप्ति मोनाली को जमुई का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, 2024 बैच के हेमंत सिंह को भागलपुर नगर का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1, 2024 बैच के कार्तिकेयन ए को मुजफ्फरपुर नगर का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, 2024 बैच के केतन अशोक इंगोले को रजौली का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार 2024 बैच के प्रसन्न कुमार एमडी को नरकटियागंज का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं 2024 बैच के सईम रजा को नवगछिया का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। इससे पहले वे भागलपुर में सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे।

## बिहार में शिक्षकों को दी जाएगी एआई की ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के शिक्षक अब एआई की क्लास लेंगे। शिक्षा विभाग की ओर से तैयारी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया शिक्षकों को एआई की ट्रेनिंग देगा। शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की ओर से पत्र भी लिखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सरकार का उद्देश्य राज्य के शिक्षकों को एआई का सही तरीके से उपयोग करना और विद्यार्थियों को भी इसमें दक्ष बनाना है। गूगल एजुकेशन फॉर इंडिया की टीम और शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के साथ बैठक भी हुई थी। बताया जा रहा है कि शिक्षकों की ट्रेनिंग के लिए शिक्षा विभाग और गूगल एजुकेशन फॉर इंडिया के बीच एमओयू साइन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि एमओयू साइन होने के बाद गूगल अपने रिसोर्स पर्सन को बिहार भेजेगा जो कि शिक्षकों को एआई की ट्रेनिंग देंगे। साफ है कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब शिक्षा विभाग शिक्षकों की एआई की ट्रेनिंग के लिए गूगल के साथ एमओयू कर रहा है। शुरुआत में शिक्षा विभाग इसके लिए जिला स्तर पर शिक्षकों का चयन करेगा। इसके बाद उन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करेगा।


## ड्रग्स-तंबाकू छोड़ें, पढ़ाई और भविष्य पर दें ध्यान : निशांत


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जन्माष्टमी के मौके पर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार पटना के इस्कॉन मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने बिहार के युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने युवाओं को अपनी जिंदगी और सेहत पर ध्यान देने का संदेश दिया। निशांत कुमार ने कहा कि बिहार के युवाओं को ड्रग्स और तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हमें जिंदगी दी है। इसका सही इस्तेमाल करना चाहिए। इसे नशे में बर्बाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि ड्रग्स का



सेवन कर अपना जीवन खराब न करें। उन्होंने नशे से दूर रहकर पढ़ाई और बेहतर भविष्य पर ध्यान देने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह का नशा नहीं करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि उनकी जिंदगी बहुत कीमती है। नशे की वजह से इसे खतरे में नहीं डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्ज़ा सही दिशा में लगानी चाहिए। पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कार और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। निशांत कुमार ने तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में युवाओं को शुरुआत से ही नशे और तंबाकू से दूरी बनानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने पर ध्यान देने की अपील की।




# बिहार की धरती महान शिक्षकों और विद्वानों की : मंत्री

## शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर बिहार केसरी सम्मान में शामिल हुए मंत्री श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क सह जदयू विधायक दल के नेता मंत्री श्रवण कुमार ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के वास्तविक निर्माता होते हैं। उनके सम्मान से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। प्राचीन काल से ही बिहार शिक्षा और शिक्षकों की भूमि रही है। नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों ने पूरी दुनिया को ज्ञान का प्रकाश दिया है।




आचार्य चाणक्य से लेकर आर्यभट्ट तक, इस धरती ने महान शिक्षकों और विद्वानों को जन्म दिया है जिन्होंने शिक्षा को हमेशा सर्वोच्च सम्मान दिया है। मंत्री शुक्रवार को कंकड़बाग कॉलोनी में सरगम कला एवं समाज कल्याण मंच की ओर से बिहार केसरी सम्मान सह रंगारंग सांस्कृतिक समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान मंत्री ने जदयू के वरिष्ठ नेता पंकज पटेल, पटना के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. दिवाकर तेजस्वी, संस्था के अध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी, कार्यक्रम संयोजक रिषभ राठौर, वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक चोपड़ा, कलाकार शबनम परवीन, सिमरन कुमारी, सुनीता रंजन, आलिजा बानो सहित अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया।

## एनसीबी ने नष्ट किए 4.54 करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स जब्त


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पटना में 4.54 करोड़ रुपए मूल्य की जब्त ड्रग्स को नष्ट कर दिया जिससे नशामुक्त भारत के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर की गई यह कार्रवाई जब्त की गई ड्रग्स के पुनः प्रचलन को रोकने और ड्रग तस्करी नेटवर्क को बाधित करने के एनसीबी के संकल्प को रेखांकित करती है। ड्रग कार्टेल के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए जनता से समर्थन मांगते हुए एनसीबी ने कहा कि नागरिक मानस हेल्पलाइन (टोल-फ्रीः 1933) के माध्यम से ड्रग्स से संबंधित जानकारी दे सकते हैं। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। इससे पहले 31 अगस्त को अपने राष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत एनसीबी, मुंबई ने मुंबई के साइटेक सेंटर में प्रीकर्सर और अन्य रसायनों के लिए स्वैच्छिक आचार संहिता (वीसीसी) पर एक सेमिनार का आयोजन किया था।

## शिक्षक दिवस पर डॉ. राधाकृष्णन को विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया नमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रसिद्ध दार्शनिक एवं प्रखर शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जीवन और उनके विचार शिक्षा के महत्व को समझने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में शिक्षकों की भूमिका को सम्मान देने की प्रेरणा देते हैं। शिक्षा राष्ट्र के निर्माण और सामाजिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा, ज्ञान और राष्ट्र के भविष्य का सम्मान है। शिक्षित एवं संस्कारवान पीढ़ी ही देश के सतत विकास और सशक्त राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि यह दिवस देश के शिक्षकों के योगदान और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान देने के साथ-साथ उनमें



अनुशासन, नैतिकता और मानवीय मूल्यों का विकास करते हैं तथा उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षक दिवस के अवसर पर देश एवं राज्य के सभी शिक्षकों तथा शिक्षाविदों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे नई पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक जवाबदेही तथा राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

## राज्यपाल, बिहार के साथ महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल की शिष्टाचार भेंट



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त)सैयद अता हसनैन से लोक भवन, पटना में आज पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल से मुलाकात में महाप्रबंधक ने बिहार राज्य में यात्री सुविधा और रेल विकास से जुड़े पूर्व मध्य रेल की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से राज्यपाल को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने रेलवे के क्रिया-कलाप, यात्री सुविधा में और सुधार के उपायों तथा रेल विकास आदि से जुड़े विषयों पर राज्यपाल से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## 12 सितंबर को राज्यभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में वाहन मालिकों और चालकों के लिए राहत भरी खबर है। राज्यभर में 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा जिसमें 90 दिनों से अधिक समय से लंबित ई-चालानों का निपटारा 50 प्रतिशत राशि जमा कर किया जा सकेगा। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के सहयोग से यह विशेष अभियान सभी जिलों के न्यायालय परिसरों में चलेगा। इसके लिए 7 से 11 सितंबर के दौरान आम नागरिक डीटीओ ऑफिस में जाकर अपना चालान जमा कर सकेंगे। यह सुविधा चालान निपटारे में सहूलियत के लिए पहले से प्रदान की जा रही है। राजधानी पटना में लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को गांधी मैदान और सिविल कोर्ट में आयोजित किया जाएगा। आगामी आयोजन 'एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना-2026' के तहत किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य लंबे समय से लंबित ट्रैफिक मामलों का तेजी से निपटारा करना और लोगों को कानूनी प्रक्रिया में सुविधा देना है।

**20 हजार चालान से 5 करोड़ रुपए जमा**

इसके पूर्व मई माह में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में भी इसी तरह 50 प्रतिशत छूट के साथ 20 हजार से अधिक चालान निपटाए गए थे, जिसमें 5 करोड़ रुपए की राशि जमा की गई थी। अब राष्ट्रीय लोक अदालत में फिर से यह अवसर मिल रहा है।

## शिक्षकों के एआई संवर्द्धन के लिए गूगल इंडिया के साथ होगा समझौता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षक दिवस पर पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में शिक्षकों के एआई संवर्द्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जाएगी। इस दौरान शिक्षकों को एआई के क्षेत्र में सक्षम बनाने के लिए गूगल इंडिया के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की मौजूदगी में एससीईआरटी के निदेशक और गूगल के प्राधिकृत प्रतिनिधि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे। इस समझौते के माध्यम से शिक्षकों के एआई संबंधी ज्ञान और कौशल को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। विकास भवन स्थित सभागार में गुरुवार को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की मौजूदगी में हुई बैठक में समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में दोनों उप मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी करेंगे। इस दौरान हर जिले से चयनित एक-एक शिक्षक को राजकीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह को राज्य के अधिक से अधिक विद्यालयों तक पहुंचाने के लिए इसका सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय समेत राज्य के जिन माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब की सुविधा उपलब्ध है, वहां समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इससे विद्यालयों में मौजूद शिक्षक और विद्यार्थी भी सीधे जुड़ सकेंगे। समारोह के दूसरे सत्र में स्कूली बच्चे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे और अपनी प्रतिभा के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करेंगे।

## गरीबों के हित की राजनीति करता है हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा : संतोष कुमार सुमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के नेता डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि देश में आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की पहल सबसे पहले जीतन राम मांझी ने की थी। उन्होंने कहा कि फरवरी 2015 में बिहार के मुख्यमंत्री रहते मांझी की कैबिनेट ने आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित किया था। हालांकि कुछ ही दिनों बाद मांझी को मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया और यह निर्णय लागू नहीं हो सका। सुमन ने कहा कि बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का ऐतिहासिक निर्णय लेकर इसे पूरे देश में लागू किया। इसके लिए उन्होंने नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि गरीब की तकलीफ जाति देखकर नहीं आती।



इसलिए आरक्षण के लाभ की समीक्षा और दलित समाज में 'कोटे में कोटा' जैसे विषयों पर शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य किसी का अधिकार छीनना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ समाज के सबसे गरीब और वंचित परिवारों तक भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज के एक वर्ग द्वारा सामाजिक माध्यमों पर सवाल उठाए जाने के बाद कुछ लोगों को सवर्णों की चिंता होने लगी। सवाल है कि गरीबों की चिंता राजनीतिक दबाव के बाद ही क्यों शुरू होती है। सुमन ने कहा कि हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा संकीर्ण जातीय राजनीतिक समीकरणों के बजाय व्यापक गरीब-केंद्रित राजनीति में विश्वास करता है। पार्टी का नारा है– 'सबका इरादा नेक हो, भारत के गरीबों एक हो।'

उन्होंने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने डॉ. श्रीकृष्ण सिंह, जननायक कर्पूरी ठाकुर और बाबा दशरथ मांझी को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित किया था। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह और बाबा दशरथ मांझी को भारत रत्न देने की मांग अब भी जारी है। सुमन ने कहा कि हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा दबाव में अपने नारे और सिद्धांत नहीं बदलता तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत पर विश्वास करता है।

## एसबीआईएफएमएल ने फतुहा के विस्टेक्स अस्पताल में आपात, ट्रॉमा और सर्जरी की सेवाएं शुरू की

### 50 गांवों और आसपास के इलाकों के चार लाख लोगों को पहुंचेगा सीधा फायदा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फतुहा/पटना।** एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने डॉक्टर्स फॉर यू के साथ साझेदारी में फतुहा के मसढ़ी स्थित विस्टेक्स अस्पताल की अहम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद की। इसके तहत तीन प्रमुख इकाइयों के लिए जरूरी चिकित्सा उपकरण दिए गए हैं, आपात एवं ट्रॉमा केंद्र, केंद्रीय स्टरलाइजेशन सेवा विभाग और ऑपरेशन थिएटर। इससे अस्पताल समय पर आपात, ट्रॉमा, जांच और सर्जरी की सेवाएं दे पा रहा है।



एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ देबाशीष मिश्रा ने कहा कि एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड में हम ऐसी पहल के लिए प्रतिबद्ध हैं जो वंचित समुदायों तक जरूरी सेवाओं की पहुंच बढ़ाएं। विस्टेक्स अस्पताल में आपात, ट्रॉमा और सर्जरी की सेवाओं को मजबूत करने में हमारा सहयोग इसी सोच को दिखाता है क्योंकि इससे लोगों के घरों के पास ही अहम सरकारी स्वास्थ्य ढांचा पुख्ता होता है। हम ऐसी साझेदारियों को अहमियत देते हैं जो स्थानीय स्तर पर टिकाऊ बदलाव लाएं।

## अब गांवों में प्राथमिक पशु चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराएंगी 'सुधा सखियां'

### कॉम्फेड और जीविका के संयुक्त प्रयास से सात हजार जीविका दीदियों को दिया जा चुका है डेयरी और पशुपालन का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में पशु चिकित्सा और पशुपालन के क्षेत्र में मौन क्रांति लाने की तैयारी चल रही है जिसकी कमान 'सुधा सखियों' के हाथों में होगी। बिहार के दुग्ध क्षेत्र में महिला सशक्तीकरण को नई दिशा देते हुए बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (कॉम्फेड) ने 'सुधा सखी' पहल की शुरुआत की है। इस पहल का विस्तार राज्य की 8 हजार 53 पंचायतों तक किया जाना है। इसके पहले चरण में 38 जिलों से चयनित महिलाओं के लिए छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण पटना स्थित कॉम्फेड के सभागार में 31 अगस्त से शुरू हुआ है और 05 सितंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान सुधा सखियों को पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा, संतुलित पशु आहार, कृत्रिम गर्भाधान और वैज्ञानिक पशुपालन से जुड़ी आवश्यक सेवाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद ये सखियां गांव स्तर पर पशुपालकों और पशु चिकित्सकों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करेंगी। इस पहल से दो बड़े लाभ होंगे– एक तरफ ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्थायी रोजगार का अवसर मिलेगा वहीं दूसरी ओर पशुपालकों को अपने गांव में ही विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सेवाएं मिल सकेंगी। इसे बिहार के दुग्ध क्षेत्र में महिला नेतृत्व और ग्रामीण सेवा-तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इससे पहले कॉम्फेड और जीविका के संयुक्त प्रयास से करीब 7 हजार जीविका दीदियों को डेयरी और पशुपालन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ये प्रशिक्षित पशु सखियां अब अपने-अपने गांवों में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला सदस्यों को प्रशिक्षण दे रही हैं।

## राज्य में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता

### अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस रद्द : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा वर्तमान में किसी भी जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री ने बताया कि 04 सितंबर की स्थिति के अनुसार राज्य में 3.44 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.52 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 2.48 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 0.71 लाख मीट्रिक टन एमओपी तथा 1.17 लाख मीट्रिक टन एसएसपी का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि उर्वरक का उप-आवंटन आवश्यकता एवं आच्छादन के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। ताकि किसी भी क्षेत्र में कृत्रिम अभाव की स्थिति उत्पन्न न हो। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरक की निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री, कालाबाजारी, जमाखोरी तथा किसानों के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता को राज्य सरकार द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम ने दो नई योजनाएं शुरू की

### एलआइसी की बीमा प्लेटिनम एवं एलआइसी की जीवन रक्षा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर एलआईसी के सीईओ और एमडी आर. दोरईस्वामी ने आज दो नई योजनाएं-एलआईसी बीमा प्लेटिनम (प्लान 770) और एलआईसी जीवन रक्षा (प्लान 894) लांच की हैं। इन दोनों योजनाओं की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं- यह एक नॉन-पार्टिसिपेटिंग, नॉन-लिंक्ड व्यक्तिगत योजना है जो बचत और सुरक्षा का एक बेहतरीन संयोजन प्रदान करती है। यह एक सीमित प्रीमियम भुगतान योजना है जिसमें प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान भुगतान किए गए प्रति 1000/- के वार्षिक प्रीमियम पर 70/- की दर से गारंटीकृत जोड़ का लाभ मिलता है। यह गारंटीकृत जोड़ प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष के अंत में जमा किया जाएगा। इस योजना की एक खास विशेषता यह है कि प्रीमियम भुगतान अवधि खत्म होने के बाद 5वें वर्ष के अंत में पॉलिसीधारक के जीवित रहने पर मूल बीमा राशि के 70% के बराबर बूस्टर इनकम बेनिफिट देय होगा। योजना के तहत पेआउट अवधि (पॉलिसी अवधि में से प्रीमियम भुगतान अवधि घटाकर) के दौरान प्रत्येक वर्ष के अंत में मूल बीमा राशि के 10% के बराबर नियमित आय लाभ भी दिया जाएगा। न्यूनतम मूल बीमा राशि 3,00,000 है। इसकी कोई अधिकतम सीमा नहीं है, लेकिन अधिकतम मूल बीमा राशि बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरराइटिंग नीति के अनुसार स्वीकृति के अधीन होगी। मूल बीमा राशि 10,000/- के गुणकों में होनी चाहिए।

## बिहार में हाइटेक हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग को मिलेगा बढ़ावा

### हाजीपुर और फतुहा में स्थापित होंगी मेडिकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रदेश में फार्मास्युटिकल क्षेत्र को सुदृढ़ के साथ अत्याधुनिक दवाओं व मेडिकल उपकरण को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इसी क्रम में हाजीपुर और फतुहा औद्योगिक क्षेत्रों में आधुनिक मेडिकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित की जा रही है। इन परियोजनाओं से राज्य में मेडिकल उपकरणों, डिवाइसेज, सर्जिकल उत्पादों और दवाओं के स्थानीय उत्पादन को गति मिलेगी। हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र में मेसर्स एक्सल इंडस्ट्रीज द्वारा 5.47 करोड़ के निवेश से लगभग 0.31 एकड़ भूमि पर मेडिकल इक्विपमेंट, फर्नीचर और संबद्ध उत्पादों की आधुनिक विनिर्माण इकाई स्थापित की जा रही है। वहीं आइ ए फतुहा में मेसर्स एक्स सेल साइंटिफिक प्रा. लि. द्वारा 55 करोड़ के निवेश से लगभग 0.81 एकड़ भूमि पर मेडिकल डिवाइसेज, इम्प्लांट्स, ड्रग्स और सर्जिकल प्रोडक्ट्स के निर्माण की इकाई स्थापित की जा रही है। मेडिकल उपकरणों के स्थानीय उत्पादन को मिलेगी मजबूती। हाजीपुर और फतुहा में स्थापित होने वाली इन इकाइयों से राज्य में मेडिकल क्षेत्र से जुड़े उत्पादों के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। हाजीपुर की इकाई में मेडिकल इक्विपमेंट, मेडिकल फर्नीचर और संबद्ध उत्पादों जबकि फतुहा की इकाई में मेडिकल डिवाइसेज, इम्प्लांट्स, दवाओं और सर्जिकल उत्पादों का निर्माण किया जाएगा।

## केवाइपी बचाओ महा आंदोलन को मिली बड़ी सफलता 1700 केंद्रों पर प्रशिक्षण बहाली का आश्वासन

### चार दिन की भूख हड़ताल के बाद अनशन समाप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जंदाहा/वैशाली।** बिहार के केवाईपी केंद्र संचालकों द्वारा पटना के गर्दनीबाग में चलाए जा रहे केवाईपी बचाओ महाआंदोलन में शुक्रवार को बड़ा मोड़ आया। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद चार दिनों से जारी सामूहिक भूख हड़ताल समाप्त कर दी गई। सरकार की ओर से बिहार के करीब 1700 केवाईपी केंद्रों पर प्रशिक्षण बहाल कराने का आश्वासन दिया गया है। आंदोलन में जंदाहा प्रखंड स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संचालक सह केवाईपी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आनन्द रंजन झा ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने कहा कि 'संपूर्ण बिहार के केवाईपी केंद्र संचालकों की एकजुट लड़ाई में बड़ी सफलता



मिली है। बंद पड़े सभी केवाईपी प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण बहाल करने का आश्वासन मिला है। अब जल्द ही केंद्रों पर प्रशिक्षण शुरू होने की उम्मीद है।' भूख हड़ताल पर बैठे अमोद कुमार सिंह, आशुतोष कुमार, विकास झा, दयानंद झा, अरुण कुमार सिंह सहित बक्सर जिले के कई केवाईपी केंद्र संचालकों ने सरकार के आश्वासन के बाद अनशन समाप्त किया। इस दौरान उपस्थित सभी केवाईपी केंद्र संचालकों ने अनशनकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके संघर्ष और योगदान की सराहना की। आंदोलन के चौथे दिन केंद्र संचालक जितेंद्र तिवारी की तबीयत बिगड़ने के बाद दीघा विधायक संजीव चौरसिया धरना स्थल पहुंचे।

## बिहार राज्य योजना पर्षद के उपाध्यक्ष देवेश कुमार ने संभाला पदभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व विधान परिषद् सदस्य देवेश कुमार ने शुक्रवार को बिहार राज्य योजना पर्षद के उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने राज्य के समावेशी, संतुलित और सतत विकास के लिए योजना पर्षद की भूमिका को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सुनियोजित, साक्ष्य-आधारित और दीर्घकालिक योजना निर्माण आवश्यक है। पदभार ग्रहण करने के बाद देवेश कुमार ने कहा कि बिहार राज्य योजना पर्षद राज्य के विकास की दिशा तय करने और विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घकालिक एवं समावेशी विकास की रणनीति तैयार करने



वाली महत्वपूर्ण संस्था है। राज्य में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर और प्रभावी उपयोग करते हुए विकास के निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पर्षद की भूमिका को और सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। ऐसे में भविष्य की जरूरतों और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का निर्माण जरूरी है। योजना पर्षद राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास की प्राथमिकताओं, नीतियों और योजनाओं पर आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगी। उल्लेखनीय है कि बिहार राज्य योजना पर्षद का गठन वर्ष 1972 में किया गया था। पर्षद राज्य की वार्षिक और दीर्घकालीन योजनाओं के सूत्रण, अध्ययन, शोध तथा विभिन्न विकास कार्यक्रमों की समीक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में 24 घंटे अखंड कीर्तन का भव्य शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम हुआ। यहां 24 घंटे के अखंड हरे कृष्ण महामंत्र कीर्तन का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अखंड कीर्तन की शुरुआत बिहार राज्य धार्मिक न्यास पार्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर एवं भगवान की आरती संपन्न की। आज बिहार राज धार्मिक न्यास पर्षद के अंतर्गत सभी मठ मंदिरों में जन्माष्टमी पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है और हम सभी मठ और मंदिरों के सम्मानित महंत एवं सभी न्यास समिति के सदस्यों को जन्माष्टमी के अवसर पर शुभकामना देते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा और धर्म की स्थापना का प्रतीक है। इस तरह के अखंड कीर्तन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भक्ति भाव का संचार होता है।

## गांधी मैदान में सजा देशभर के हस्तशिल्प का अनूठा संसार

### 150 मास्टर कारीगरों के हुनर और हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-बिक्री, 10 सितंबर तक चलेगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय हस्तशिल्प एवं राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गांधी शिल्प बाजार (नेशनल) - 2026 प्रदर्शनी-सह-बिक्री का भव्य शुभारंभ गांधी मैदान, गेट नंबर 5 के पास किया गया। इस बाजार का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, विशिष्ट अतिथि विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) भारत सरकार



मुकेश कुमार, पूर्व अपर विकास आयुक्त (हथकरघा) सोहन कुमार झा, उप विकास अधिकारी, उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, बिहार सरकार सत्यानंद शर्मा, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हेमा देवी, एचपीओ ऋषिन पाल, सामजसेवी अर्चना, एनसीएचएचडी के टेक्निकल एडवाइजर मनोज झा एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर ललित बाबू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। गांधी शिल्प बाजार में देश के विभिन्न राज्यों से आए 150 मास्टर कारीगर अपने हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन और सीधे उपभोक्ताओं को बिक्री कर रहे हैं। इनमें 105 सामान्य वर्ग तथा 45 अनुसूचित जाति के कारीगर शामिल हैं।

# खतरे के निशान से ऊपर सोन नदी, 5.23 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा

## जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में फिर घुसने लगा नदी का पानी, प्रशासन अलर्ट मोड पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी का जलस्तर जिले में अब भी खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। शुक्रवार शाम चार बजे इंद्रपुरी बराज से सोन नदी में 5.23 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। पिछले 24 घंटे में जलस्तर में कमी के बाद शुक्रवार की सुबह से नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। इससे सोन तटवर्ती इलाकों में प्रशासन की चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह सात बजे इंद्रपुरी बराज से सोन नदी में 4.07 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था जो शाम चार बजे बढ़कर 5.23 लाख क्यूसेक हो गया। सोन नदी नौहट्टा प्रखंड के यदुनाथपुर में खतरे के निशान से 136 सेंटीमीटर और रोहतास प्रखंड के बंजारी में 54 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जलस्तर बढ़ने के कारण नौहट्टा, रोहतास, तिलौथू, नासरीगंज और डिहरी समेत कई प्रखंडों के तटीय गांवों में सोन नदी का पानी फिर से प्रवेश करने लगा है। वहीं, नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण आने वाले समय में जलस्तर बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

**तीन राज्यों से लगातार छोड़ा जा रहा पानी**

शुक्रवार को झारखंड के भीम बराज से 29,781 क्यूसेक, उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से 17,036 क्यूसेक और मध्य प्रदेश के बाणसागर जलाशय से 1.49 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके अलावा तीन दिन पूर्व बाणसागर से छोड़ा गया 71,816 क्यूसेक तथा गुरुवार को रिहंद जलाशय से छोड़ा गया 17,510 क्यूसेक पानी भी सोन नदी में पहुंच रहा है।

**कटाव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के उपाय**

जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि सोन सहित जिले की अन्य नदियों के जलस्तर पर जिला प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है। नौहट्टा प्रखंड के दारानगर और बेलौंजा में सोन तट पर तेजी से हो रहे कटाव को देखते हुए तटबंध की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।

**नासरीगंज में एसडीआरएफ की टीम कर रही खोज**

नासरीगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति के सोन नदी में डूबने की आशंका के बाद एसडीआरएफ की टीम को खोज अभियान में लगाया गया है। इसके साथ ही तटीय और संवेदनशील इलाकों में एसडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। प्रशासन ने लोगों से नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सतर्क रहने और नदी के किनारे जाने से बचने की अपील की है।

# एनएच-19 पर लूटकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** एनएच-19 पर पहलेजा गांव के समीप गुरुवार को हुई लूट की घटना का डालमियानगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटे गए 49 हजार रुपये नकद और मोबाइल बरामद किए गए। डालमियानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि घटना को लेकर पीड़ित अंकित कुमार उर्फ पवन कुमार के आवेदन पर डालमियानगर थाना कांड संख्या 186/26 दर्ज किया गया है। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(6)/317(2) के तहत दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में शिवम पाण्डेय (26), पिता प्रमोद पाण्डेय, ग्राम भरतपाव, थाना कृष्णाब्रह्म, जिला बक्सर, वर्तमान पता संदलपुर, कुम्हरार, पटना, मुलकराज आनंद उर्फ चंचल कुमार (27), पिता संजय कुमार यादव, ग्राम तेंगराहा, थाना शंकरपुर, जिला मधेपुरा, कृषराज उर्फ कृष्णा (25), पिता सुनील कुमार चौधरी, थाना गांधी मैदान, पटना, जो घटना में प्रयुक्त सिल्वर रंग की मारुति डिजायर कार संख्या बीआर01 पीएन 7570 का चालक बताया गया है तथा अनिश कुमार (23), पिता रमेश राजभर, ग्राम वसंतपुर, थाना शंकरपुर, जिला मधेपुरा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की रकम और मोबाइल के अलावा घटना में प्रयुक्त डिजायर कार, तीन अन्य मोबाइल फोन और एक चाकू भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार मामले में आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# तिलौथू के धीरज मिश्रा बने जेडीयू के जिला उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिला जनता दल यूनाइटेड के वर्तमान जिलाध्यक्ष बिंदा चन्द्रबंशी की अध्यक्षता में जिला जेडीयू की नई कमिटी की गठन की घोषणा की गयी। इस नई कमिटी में तिलौथू निवासी धीरज मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं तिलौथू क्षेत्र से अरुण राम, रामनाथ कुशवाहा, असलम अंसारी, शिवशंकर रजवार एवं शत्रुघ्न प्रसाद को भी जिला कमिटी में स्थान दिया गया है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। तिलौथू के कई कार्यकर्ताओं को जिला कमिटी में जिम्मेदारी मिलने से स्थानीय जेडीयू कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। जेडीयू के साथ-साथ एनडीए कार्यकर्ताओं ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि तिलौथू क्षेत्र के कई कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाने के साथ संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# हाजत से भागा शराब धंधेबाज, ड्यूटी में तैनात कर्मियों पर एफआइआर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर के उत्पाद विभाग के हाजत से एक अभियुक्त के फरार होने के मामले को डीएम ने काफी गंभीरता से लिया गया है। इस बात की जानकारी मिलते ही डीएम ने उत्पाद अधीक्षक गौतम कुमार को पूरे मामले की गहन जांच कर दोषी पाए जाने वाले सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कानूनी कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया है। डीएम के निर्देश पर जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर उत्पाद अधीक्षक ने ड्यूटी में तैनात कर्मियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया है। बताया जाता है कि 03 सितंबर को उत्पाद विभाग द्वारा वाहन जांच के दौरान कार्रवाई करते हुए एक मारुति सुजुकी कार से 358.350 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया था। उत्पाद विभाग ने शराब के साथ हरियाणा के अभियुक्त दीपक को गिरफ्तार कर उत्पाद थाना कांड संख्या 429/26 दर्ज कर उत्पाद थाना की हाजत में रखा था। 04 सितंबर की सुबह अभियुक्त उत्पाद हाजत से फरार हो गया। डीएम ने इसे काफी गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिया है कि इसमें जिन पदाधिकारी एवं कर्मियों की लापरवाही एवं संलिप्तता सामने आती है, उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने प्रारंभिक जांच के आलोक में संबंधित दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का भी निर्देश दिया है। डीएम के निर्देश पर मद्यनिषेध द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्यालय में उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। सीसीटीवी फुटेज के प्रारंभिक अवलोकन के उपरांत वहां प्रतिनियुक्त गृहरक्षकों की भूमिका संदिग्ध एवं घोर लापरवाहीपूर्ण पाई गई। इसके आलोक में जिलाधिकारी के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक द्वारा जिला समादेष्टा को पत्र प्रेषित कर प्रतिनियुक्त तीनों गृहरक्षकों को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई की गई है। साथ ही पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच हेतु अधीक्षक द्वारा उच्चस्तरीय जांच का गठन किया गया है। ताकि इस चूक के लिए जिम्मेदार अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों की भी जवाबदेही निर्धारित की जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्पाद अधीक्षक द्वारा संबंधित दोषियों के विरुद्ध मद्यनिषेध एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधिवत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कर्तव्य के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा संदिग्ध संलिप्तता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जनता दरबार में एसपी मिस्टर राज ने सुनीं 60 फरियादें, त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास के पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने सितंबर में दूसरी बार गुरुवार को जनता दरबार आयोजित कर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे 60 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें एसपी के समक्ष रखीं। एसपी ने सभी मामलों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों को शिकायतों की जांच कर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों की शिकायतों का नियमानुसार शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें तथा किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

# धरने का असर : वार्ड-सात में सड़क-नाली का काम शुरू, चार घंटे में बनी सहमति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रोहतास।** नगर पंचायत रोहतास के शिवपुर स्थित वार्ड संख्या-7 में सड़क, नाली और जलजमाव की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश आखिरकार रंग लाया। 24 घंटे के भीतर कार्य शुरू कराने के आश्वासन के बावजूद काम शुरू नहीं होने से नाराज महिला-पुरुष ग्रामीण गुरुवार की शाम करीब चार बजे नगर पंचायत कार्यालय के समीप धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड में लंबे समय से सड़क और नाली की स्थिति खराब है। बारिश के दौरान नाली का गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। जलजमाव के कारण स्थानीय लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना था कि समस्या को लेकर पूर्व में भी अधिकारियों से शिकायत की गई थी। अधिकारियों द्वारा 24 घंटे के अंदर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन समय बीत जाने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों के द्वारा फिर से दोबारा नगर पंचायत के मुख्य द्वार पर धरना शुरू होने के करीब चार घंटे बाद नगर पंचायत रोहतास के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक भारती मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित कार्य शुरू कराने की पहल की। उन्होंने कहा कि काम शुरू करा दिया गया है तथा कार्य पूरा होने तक वे मौके से नहीं जाएंगे। कार्यपालक पदाधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों में संतोष देखा गया। ग्रामीणों ने कहा कि उनका आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी सड़क, नाली और जलजमाव की समस्या के समाधान के लिए था। धरने में सुनील सुमन, उपेंद्र राम, राजू कुमार, कृष्णा राम, संतोष कुमार रवि, सीतेश कुमार, तारकेश्वर राम, सुरेंद्र राम, विनय कुमार, बिपिन बोल्ड, रघुनाथ राम, अरविंद राम, शत्रुघ्न राम, सीता राम, चिंता देवी, उर्मिला देवी, जिरामनी देवी और रीता देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम ने सोन नदी और कैनाल का किया निरीक्षण, निचले इलाकों में सतर्कता के निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। गुरुवार देर रात जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने डिहरी क्षेत्र में सोन नदी का स्थलीय निरीक्षण कर जलस्तर और जल प्रवाह की स्थिति का जायजा लिया। हालांकि इंद्रपुरी बराज से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोन नदी के जलस्तर में अब धीरे-धीरे कमी आ रही है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के अभियंताओं एवं अधिकारियों से नदी के जलस्तर में हो रहे उतार-चढ़ाव और जल प्रवाह की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने डिहरी कैनाल का भी निरीक्षण किया और जल निकासी की स्थिति का जायजा लिया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सोन नदी और नहर के जलस्तर की 24 घंटे लगातार निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही निचले एवं संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने और संभावित स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया। सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने बताया कि फिलहाल राहत की स्थिति है और सोन नदी का जलस्तर घट रहा है। इंद्रपुरी बराज के 69 गेट खोले गए हैं तथा बराज से 3,90,232 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है। जल निकासी और नदी के जलस्तर पर विभाग की पैनी नजर बनी हुई है।

# सीएम सम्राट चौधरी से मिले भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील कुमार

## सोन नदी के कटाव, तुतला भवानी रोड के चौड़ीकरण समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिला के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने तिलौथू क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तिलौथू क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और लंबे समय से अपेक्षित विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान सोन नदी के लगातार हो रहे मिट्टी कटाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। सोन नदी के कटाव के कारण क्षेत्र के कई स्थानों पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुशील कुमार ने मुख्यमंत्री से कटाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं बचाव के कार्य कराने की मांग की। इसके अलावा तिलौथू से तुतला भवानी जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण का मुद्दा भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। तुतला भवानी क्षेत्र धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस मार्ग के चौड़ीकरण से स्थानीय लोगों के साथ-साथ तुतला भवानी आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। चंद्रवंशी ने मुख्यमंत्री से तिलौथू प्रखंड एवं आसपास के क्षेत्रों में अन्य जरूरी विकास कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं, सड़क, सुरक्षा एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और संबंधित विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद क्षेत्र के लोगों में विकास कार्यों को लेकर उम्मीद बढ़ी है।

# शहर से गांव तक गूंजा कृष्ण जन्मोत्सव का उल्लास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार की रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस दौरान चारों ओर भक्तिमय माहौल रहा। विभिन्न मंदिरों और आश्रमों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। वीरन बिगहा स्थित त्रिदंडी देव सत्संग आश्रम, ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय तथा शिवगंज स्थित राधा-कृष्ण मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कहीं भगवान श्रीकृष्ण को पालने में झुलाया गया तो कहीं माखन-मिश्री का भोग लगाया गया। बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा का स्वरूप धारण कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रात्रि 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में शंख, घंटे-घड़ियाल और घंटियों की मंगल ध्वनि के बीच भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के जन्म का विधान पूरा कराया गया। शिवगंज कुटिया मंदिर के महंत मनोहर बाबा ने बताया कि मंदिर में सैकड़ों वर्षों से लगातार जन्माष्टमी पर डोल रखने की परंपरा चली आ रही है। इस अवसर पर रातभर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। त्रिदंडी देव सत्संग आश्रम में स्वामी रामानुजाचार्य की देखरेख में जन्माष्टमी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। वैष्णव जनों की ओर से आयोजित जन्मोत्सव के दौरान मधुराष्टकम् की मधुर पंक्तियों से पूरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशियां मनाईं। भक्तों ने आज मेरे अंगना में आयो नंदलाल, कृष्ण जन्म भयो आज बधावा लेकर आई और जरा चल के वृंदावन में देखो श्याम बंसी बजाते मिलेंगे जैसे भजनों की प्रस्तुति दी।

# सोन नदी जाने वाले रास्ते में छलका की जगह पुलिया बनाने की उठी मांग

## कमर भर पानी से होकर शव ले जाने को लोग मजबूर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (रोहतास)।** नगर पंचायत रोहतास के वार्ड नंबर-4 से सोन नदी की ओर जाने वाले रास्ते में बने छलके पर पानी जमा होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर श्मशान घाट जाने वाले लोगों के लिए यह रास्ता बड़ी समस्या बन गया है। बताया जाता है कि श्मशान घाट जाने से पहले छलका पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए शव को श्मशान घाट ले जाने के दौरान इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात के दिनों में पानी अधिक होने की स्थिति में लोगों को कमर भर पानी से होकर शव को ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे परिजनों और साथ जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# पुराने अनुमंडल कार्यालय परिसर के सदुपयोग हेतु एसडीओ ने दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी ने शुक्रवार को पुराने अनुमंडल कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया और परिसर के समुचित उपयोग को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध भवनों, खाली स्थान और संसाधनों का जायजा लिया तथा यह आकलन किया कि इस सरकारी संपत्ति का जनहित में किस प्रकार बेहतर उपयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी बिक्रमगंज को निर्देश दिया गया कि पुराने परिसर में जनकल्याणकारी और जनोपयोगी योजनाओं का विस्तार किया जाए ताकि आम नागरिकों को एक ही स्थान पर अधिक से अधिक सुविधाएं मिल सके। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि खाली पड़े सरकारी भवनों और भूमि का सदुपयोग प्रशासन की प्राथमिकता है और नगर परिषद स्तर से यहां आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएं। उन्होंने जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी संचालन, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और नागरिकों के लिए बैठने, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य उपलब्ध सरकारी परिसंपत्तियों का समुचित उपयोग करते हुए आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परिसर में संभावित गतिविधियों जैसे सेवा केंद्र, स्वास्थ्य शिविर, कौशल विकास, महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों के संचालन की संभावनाओं पर भी चर्चा की। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि पुराने परिसर के पुनः उपयोग से क्षेत्र में प्रशासनिक सेवाएं और जनसुविधाएं मजबूत होंगी तथा लोगों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

# जन्माष्टमी पर शांडिल्य कुटीर में गूंजे सुंदरकांड के स्वर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर काराकाट स्थित शांडिल्य कुटीर, राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ के कार्यालय में भक्ति और आस्था का सुंदर नजारा देखने को मिला। संघ की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सैकड़ों विप्र बंधु शामिल हुए और पूरे परिसर में घंटों तक भजन-कीर्तन और मंत्रों की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ मिलकर संपूर्ण सुंदरकांड का पाठ किया। पाठ के दौरान ढोल और झाल की थाप पर चौपाइयों की गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस मौके पर संघ की राष्ट्रीय कोषाध्यक्षा संध्या देवी और शिक्षक रविकांत तिवारी ने आए हुए सभी विप्र बंधुओं का स्वागत किया। उन्हें अंगवस्त्र, सुंदरकांड की पुस्तक और नगद दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया। संध्या देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन सिर्फ पूजा-पाठ के लिए नहीं होते, बल्कि इनसे समाज में अच्छे संस्कार, आपसी प्रेम, भाईचारा और मानवता की भावना बढ़ती है। इसी सोच के साथ संघ लगातार धार्मिक और सामाजिक काम कर रहा है। कार्यक्रम में यह निर्णय भी लिया गया कि अब हर महीने जिले के अलग-अलग गांवों में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया जाएगा जिससे सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिल सके। देर तक चले इस आयोजन से श्रद्धालु काफी खुश नजर आए और उन्होंने संघ के इस प्रयास की सराहना करते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की मांग की।

# राधा-रानी के श्रृंगार में सजी बालिकाएं बनीं आकर्षण का केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर दावथ सहित पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला जहां मंदिरों, विद्यालयों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में छोटे-छोटे बच्चों ने बाल कृष्ण, राधा रानी, यशोदा और नंद बाबा के रूप धारण कर सबका मन मोह लिया। नन्हें बालक मोर मुकुट, बांसुरी, पीत वस्त्र और चंदन का तिलक लगाए साक्षात बाल-गोपाल के स्वरूप में नजर आए, वहीं बालिकाएं राधा रानी के पारंपरिक श्रृंगार, लहंगा-चुनरी और आभूषणों में सज-धज कर अत्यंत आकर्षक लग रही थीं। कार्यक्रमों के दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता, भजन-कीर्तन, झांकी और रासलीला की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य और लीलाओं को देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और महाआरती का आयोजन किया गया।

# सफाई व्यवस्था का एसडीओ ने किया निरीक्षण, कार्यपालक पदाधिकारी को दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी ने शुक्रवार को नगर परिषद बिक्रमगंज के वार्ड संख्या 27 में साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के विभिन्न स्थानों पर कचरे के ढेर लगे पाए गए जिससे आसपास के क्षेत्र में गंदगी और अस्वच्छता का माहौल बना हुआ था। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने मौके पर उपस्थित नगर कार्यपालक पदाधिकारी बिक्रमगंज और कार्यपालक दंडाधिकारी बिक्रमगंज के साथ पूरे वार्ड का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नगर कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वार्ड संख्या 27 में पड़े कचरे का तत्काल उठाव कर उसका समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाए ताकि लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि भविष्य में वार्ड में दोबारा कचरा जमा न हो इसके लिए नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए और लापरवाही बरतने वालों पर आवश्यक कार्रवाई की जाए, अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना और जन-सुविधाओं का सुचारू संचालन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महिला समेत दो साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में वारिसलीगंज पुलिस ने एसपी अभिनव धीमान के निर्देश पर एक महिला समेत दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

**दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया**

पुलिस ने इनके पास से 20 हजार रुपए नकद, दो मोबाइल फोन और एक एटीएम कार्ड बरामद किया है। पुलिस को 4 सितंबर को सूचना मिली थी कि साइबर ठगी में शामिल एक युवक वारिसलीगंज बाजार में घूम रहा है। यह जानकारी एसपी अभिनव धीमान को दी गई। एसपी के निर्देश पर वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी के नेतृत्व में एक खास टीम बनाई गई। टीम ने वारिसलीगंज बाजार के सब्जी बाजार मोड़ और थाना क्षेत्र के कुंभी गांव में छापेमारी की। इस दौरान दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान



शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र के ससवहना, वर्तमान स्टेशन रोड निवासी अशोक कुमार की 30 वर्षीय पत्नी मुन्नी कुमारी और कुंभी गांव निवासी गुलशन सिंह के 19 वर्षीय बेटे शिवम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों साइबर अपराधी लोगों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, बजाज फाइनेंस और रिलायंस फाइनेंस जैसी कंपनियों से कम ब्याज पर लोन दिलाने का झांसा देते थे। इसी तरह वे ऑनलाइन ठगी करते थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ वारिसलीगंज थाना में कांड संख्या 634/26 दर्ज किया गया है। पुलिस कानूनी कार्रवाई पूरी कर दोनों को जेल भेजने की तैयारी कर रही है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी, एसआई सुशील कुमार, एसआई रमेश कुमार, पीएसआई मनोज कुमार राय, एएसआई पप्पू कुमार और एएसआई मंजर धुनिया समेत दूसरे पुलिसकर्मी शामिल थे।

# शराब और चोरी की बाइक के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**मुरहेना गांव स्थित मेहता ईंट भट्ठा के पास से की गिरफ्तारी, प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित भेजा गया जेल**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** सूबे में लागू शराबबंदी कानून को सख्ती से पालन कराने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए गए अभियान में रजौली थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के कुशल निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान मिली सटीक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुरहेना पंचायत के मेहता ईंट भट्ठा के समीप सफलतापूर्वक



घेराबंदी कर एक नामजद प्राथमिक अभियुक्त को धर दबोचा। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के बजवातरी गांव निवासी कृष्णा यादव के पुत्र कुंदन कुमार के रूप में की गई है। स्थल पर की गई सघन तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में 120 लीटर अवैध देसी महुआ शराब के साथ एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर जब्त की है। इस त्वरित और सफल छापेमारी अभियान का नेतृत्व पीटीसी उपेंद्र कुमार ने किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रजौली थाना कांड संख्या 478/26, शुक्रवार को दर्ज कर ली है और गिरफ्तार अभियुक्त कुंदन कुमार को सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के उपरांत पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं और बाइक चोरी के तार खंगालने में जुटी है।

## एक नजर

### पूर्व मुख्य पार्षद अशोक गुप्ता के निधन पर परिजनों से मिले एमएलसी नीरज कुमार



**नवादा।** नवादा नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद अशोक गुप्ता के निधन के उपरांत शुक्रवार को एमएलसी नीरज कुमार उनके आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि अशोक गुप्ता के निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके द्वारा नगर के विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। एमएलसी नीरज कुमार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि अपनों को खोने का दुख अत्यंत पीड़ादायक होता है, लेकिन परिवार के साथ समाज और शुभचिंतकों की संवेदनाएं इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करती हैं। इस दौरान जदयू नेता अजय सिंह, नवादा नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद संजय साहू, जदयू नेता राजीव रंजन, दीपक कुमार मुन्ना सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने अशोक गुप्ता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### रजौली ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र में भक्तिभाव से मनी कृष्ण जन्माष्टमी



**रजौली।** रजौली स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत धूमधाम और भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। सेवा केंद्र परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप के साथ-साथ वासुदेव द्वारा बाल कृष्ण को टोकरी में ले जाने की नयनाभिराम झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान परिसर भक्ति और आध्यात्मिकता के दिव्य रस में सराबोर रहा और लोगों ने इन आकर्षक झांकियों का भरपूर आनंद उठाया। सेवा केंद्र प्रभारी पूर्णिमा दीदी की अध्यक्षता में आयोजित इस भव्य समारोह में डोमचांच से पधारी आरती बहन सहित संस्था से जुड़े अनेक भाई-बहन एवं स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने श्रीकृष्ण के पावन जीवन और उनके कालजयी संदेशों का स्मरण करते हुए उन्हें अपने व्यावहारिक जीवन में आत्मसात करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# मॉडर्न शैक्षणिक समूह के विद्यालयों में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सभी विद्यालयों में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक झांकियों, मटकी और श्रीकृष्ण से जुड़ी मनमोहक सजावट से सजाया गया। पूरे परिसर में भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित नृत्य, संगीत, नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। 'नंद के आनंद भयो', 'राधे-राधे', 'यशोमती मैया से बोले नंदलाला' सहित विभिन्न कृष्ण भजनों एवं भक्तिमय गीतों पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। जैसे ही मंच पर राधा-कृष्ण की जोड़ी ने अपनी प्रस्तुति दी, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बाल कृष्ण की लीलाओं पर आधारित प्रस्तुतियां रहीं। विद्यार्थियों ने माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ कृष्ण की बाल लीलाओं और राधा-कृष्ण के प्रेम को अपनी प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत





कर दिया। नन्हे कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने मटकी फोड़ कार्यक्रम में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**श्रीकृष्ण के संदेशों से विद्यार्थियों को कराया परिचित**

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी बाल लीलाओं और श्रीमद्भगवद्गीता में दिए गए उनके उपदेशों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि श्रीकृष्ण ने मानव जीवन में सत्य, धर्म, कर्तव्य, कर्म और निष्काम भाव के महत्व को समझाया।

**निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने दी शुभकामनाएं**

इस अवसर पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और हमारी गौरवशाली परंपराएं हमारी पहचान हैं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कारों से जोड़ना मॉडर्न शैक्षणिक समूह की प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास करते है। अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कई अभिभावक अपने बच्चों की प्रस्तुतियों को कैमरे में कैद करते नजर आए। अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। श्रीकृष्ण के जयघोष, भक्ति संगीत और बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ जन्माष्टमी समारोह उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक चेतना की अमिट छाप छोड़ते हुए संपन्न हुआ।

# 151 एकड़ अधिग्रहित भूमि पर उगाई गई धान की फसल पर प्रशासन ने चलाई जेसीबी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** गंगाजल आपूर्ति योजना (फेज-II) के तहत जलाशय निर्माण के लिए नारदीगंज के मधुवन गांव पहुंची प्रशासनिक टीम को ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। 151 एकड़ अधिग्रहित भूमि पर उगाई गई धान की फसल पर जब प्रशासन ने जेसीबी चलाई, तो किसान उग्र हो गए। स्थिति संभालने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। किसानों का कहना है कि कागजी अधिग्रहण के बावजूद उन्हें अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। खून-पसीने से सींची फसल को नष्ट होता देख किसान और महिलाएं निर्माण रोकने पहुंच गए, जिससे अधिकारियों के साथ तीखी बहस हुई। वहीं, सीओ रईस आलम और थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और मुआवजा वितरण जारी है। मनाही के बावजूद किसानों ने खेती की थी। फिलहाल क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर निर्माण कार्य शांतिपूर्ण ढंग से जारी रखा गया है।

## नालंदा

# घर में घुसकर 98 हजार नकद समेत पांच लाख के जेवरात ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मानपुर थाना क्षेत्र के गोगड़ी पर गांव में चोरों ने परिजनों की मौजूदगी में ट्रांसपोर्ट कारोबारी नीरज कुमार के घर को खंगाल दिया। चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और पेटी-बक्सों के ताले तोड़कर 98 हजार रुपये नकद समेत करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। नीरज कुमार ने बताया कि घटना की रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो रहे थे। देर रात चोरों ने घर में प्रवेश कर झुमका, कर्णवाली, पायल, सोने की सिकड़ी समेत



अन्य आभूषण चोरी कर लिए। चोरों ने कीमती बर्तन और कपड़ों को हाथ तक नहीं लगाया। सुबह नींद खुलने पर परिजनों को घर का सामान बिखरा और बक्से टूटे मिले। परिजनों ने आशंका जताई कि चोरों ने वारदात से पहले किसी नशीले पदार्थ या स्प्रे का इस्तेमाल किया होगा, जिससे किसी को खटपट की भनक नहीं लगी। नीरज के अनुसार, सूचना देने के बाद भी पुलिस काफी देर तक मौके पर नहीं पहुंची। बाद में थाने जाकर लिखित शिकायत दी गई।वहीं, थानाध्यक्ष अनिरुद्ध शर्मा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव गई थी। लिखित आवेदन शाम को मिला और रात होने के कारण विस्तृत जांच नहीं हो सकी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द चोरों की पहचान कर ली जाएगी।

# उथरथू और ओंदा में बाढ़ का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक हृदयकांत ने शुक्रवार को उथरथू एवं ओंदा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों में जलस्तर, जलनिकासी की व्यवस्था और ग्रामीणों को हो रही परेशानियों का प्रत्यक्ष जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उन्हें आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। डीएम ने अंचल एवं प्रखंड प्रशासन को प्रभावित आबादी तक सूखा राशन, सुरक्षित पेयजल, आवश्यक दवाइयां और अन्य राहत सामग्री तत्काल पहुंचाने को कहा। जरूरतमंद



परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं करने का निर्देश दिया गया।जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय कर्मियों को जलस्तर तथा तटबंधों की लगातार निगरानी रखने को कहा गया। साथ ही जलजमाव वाले क्षेत्रों में जलनिकासी के त्वरित एवं प्रभावी उपाय करने का निर्देश दिया गया।प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए पर्याप्त चारा उपलब्ध कराने तथा पशुपालकों को आवश्यक सहयोग देने को कहा गया। वहीं, जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए मेडिकल कैंप सक्रिय रखने और जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने अधिकारियों और कर्मियों को फील्ड में मुस्तैद रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा की स्थिति में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम और एसपी ने ग्रामीणों से सतर्क रहने, प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

### सुहानी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा आयोजित

**18.10 लाख रुपये का हुआ वार्षिक लाभ**

**हिलसा।** सुहानी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, हिलसा प्रखंड के योगीपुर गांव की वार्षिक आमसभा योगीपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार, सहकारिता पदाधिकारी एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।सभा को संबोधित करते हुए बीडीओ चंदन कुमार ने जीविका दीदियों के निरंतर प्रयास और समिति की आर्थिक प्रगति की सराहना की। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने, स्वरोजगार अपनाने तथा सरकार की विभिन्न विकासकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।प्रखंड परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार ने संस्था की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक संगठनों एवं कैडरों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार समिति को वर्ष के दौरान 18 लाख 10 हजार रुपये का वार्षिक लाभ हुआ। आमसभा में लाभ को और बढ़ाने तथा क्षेत्र की सभी जीविका दीदियों को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र की करीब 300 से अधिक दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच संचालन क्षेत्रीय समन्वयक विभूति नारायण तिवारी ने किया। मौके पर शशि कुमार चंचल, सरिता कुमारी, सुनीता कुमारी, अनीता कुमारी, शोभालता, निभा कुमारी, अनु कुमारी, रूबी कुमारी, किरण कुमारी, कंचन कुमारी सहित जीविका के कैडर, परियोजना कर्मी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्टे ऑर्डर के बावजूद मकान तोड़ने का आरोप

**हिलसा।** नगर परिषद क्षेत्र के काजी बाजार स्थित नीम तर के समीप भूमि विवाद को लेकर उस समय हड़कंप मच गया, जब अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम को सक्षम न्यायालय द्वारा तत्काल कार्रवाई पर रोक लगाए जाने का आदेश प्राप्त हुआ। हालांकि, पीडित परिवार ने प्रशासन पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए मकान ध्वस्त करने का गंभीर आरोप लगाया है।पीडित परिवार के अनुसार, विवादित भूमि से संबंधित मामला सक्षम न्यायालय में वाद संख्या 36/26 के रूप में पहले से विचाराधीन है। परिवार का दावा है कि न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश दिया था। इसके बावजूद प्रशासनिक अमले द्वारा उनके मकान पर बुलडोजर चलाकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया।पीडित पक्ष ने बताया कि उनके पक्के मकान में कुल आठ कमरे बने हुए थे, जिन्हें कार्रवाई के दौरान पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। मकान टूटने के बाद परिवार के सामने रहने का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है और सभी सदस्य खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। पीडित परिवार ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। परिवार के सदस्यों ने उच्च अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने और उन्हें उचित राहत उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

### करंट की चपेट में आने से सिपाही की मौत

**बिहारशरीफ।** पानी की टंकी साफ करने के दौरान मोटर में करंट आ जाने से अररिया जिला बल में तैनात सिपाही की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवादा जिले के महारत गांव निवासी बैजू चौधरी के 40 वर्षीय पुत्र मोहन कुमार के है। वह इन दिनों सिपाही से जमादार पद के लिए राजगीर में पीटीसी प्रशिक्षण ले रहे थे। परिजनों ने बताया कि वे आवश्यक घरेलू काम के लिए छुट्टी लेकर गांव आए हुए थे। शुक्रवार की सुबह वह घर की छत पर लगी पानी की टंकी की सफाई कर रहे थे। टंकी में पानी भरने के लिए उन्होंने पास में मोटर लगाया था। इसी दौरान अचानक मोटर में करंट आ गया। करंट की चपेट में आने से वह बेहोश होकर मौके पर ही गिर पड़े। हादसे के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल और निजी क्लीनिक लेकर पहुंचे। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी ने मोहा मन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** राष्ट्रीय जैन संत कमल मुनि कमलेश विद्यालय परिसर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में गीत, नृत्य और अभिनय की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने 'जू जू जू जू यशोदा का नंदलाला, ब्रज का उजाला है', 'तू ही तो मेरी जान राधा'



तथा 'चुपके-चुपके चोरी-चोरी, पीछे-पीछे आए नंदलाल' सहित अन्य कृष्ण भक्ति गीतों पर एक से बढ़कर एक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। राधा-कृष्ण की जोड़ी में सजे बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। वहीं बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में प्रसिद्ध माखन चोरी की लीला का भी जीवंत मंचन किया। मौके पर बाल्मीकि कुमार उपाध्याय, रविंद्र प्रसाद, संगीता देवी, रीता सिन्हा, पिंकी कुमारी, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, सरिता कुमारी, स्नेहा कुमारी, राधा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डॉ. मैट्टी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक एवं महान विभूति डॉ. काउंट सीजर मैट्टी की 130वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को देवीसराय स्थित श्रीकृष्णा मार्केट में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस दौरान उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में इलेक्ट्रो होम्योपैथी विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. उपेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. मैट्टी ने अपनी तपस्या और त्याग से चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने 1865 ई. में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का आविष्कार किया। उन्होंने बताया कि इस पद्धति में पेड़-पौधों से निर्मित





औषधियों के उपयोग की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि डॉ. मैट्टी का उद्देश्य सरल और कम जोखिम वाली चिकित्सा पद्धति को लोगों तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के सिद्धांतों और इसके प्रचार-प्रसार पर भी चर्चा की गई। हालांकि, वक्ताओं द्वारा विभिन्न गंभीर बीमारियों के उपचार से संबंधित कई दावे भी किए गए। इस अवसर पर समिति के सचिव डॉ. अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष प्रियंका कुमारी, डॉ. अमर कुमार, डॉ. किरण कुमारी, शिक्षक जनार्दन प्रसाद सिंह, अजय कुमार गुप्ता, नीतीश कुमार, धीरेंद्र कुमार, महेश कुमार, अभिषेक कुमार सहित दर्जनों लोगों ने डॉ. मैट्टी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# 'नंद घर आनंद भयो' से गूंजा डैफोडिल पब्लिक स्कूल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को 'बाल गोपाल महोत्सव—नंद घर आनंद भयो' कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, राधा-कृष्ण की झांकी, कृष्ण लीला, गीत-संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम के दौरान 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से विद्यालय परिसर कृष्णमय हो उठा। नन्हे-मुन्ने बच्चे कृष्ण, राधा और ग्वाल-बालों की आकर्षक वेशभूषा में सभी के आकर्षण का केंद्र बने रहे। विद्यार्थियों की कृष्ण लीला और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरीं।इस अवसर पर कृष्ण-सुदामा की अटूट मित्रता पर विशेष नाट्य प्रस्तुति दी गई।

# टोल से बचने का शॉर्टकट भी होगा महंगा, नूरसराय में बनेगा नया टोल प्लाजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में एनएच-20 स्थित पैठना टोल प्लाजा से बचने के लिए एसएच-78 (बिहटा-सरमेरा पथ) का रुख करने वाले वाहन चालकों की जेब अब और ढीली होने वाली है। बिहार कैबिनेट की राज्य उच्च पथों पर टोल वसूली की मंजूरी के बाद नूरसराय तिमुहाना के पास नए टोल प्लाजा की स्थापना की तैयारी तेज हो गई है। इससे एनएच से बचकर स्टेट हाईवे के रास्ते राजगीर पहुंचने का विकल्प भी अब सशुल्क हो जाएगा। पैठना टोल शुरू होने के बाद टोल टैक्स बचाने के लिए बड़ी संख्या में वाहनों ने एसएच-78 का रुख किया था। इसके चलते बिहटा-सरमेरा पथ पर वाहनों की आवाजाही में 20 गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। यह कॉरिडोर नालंदा, पटना, मोकामा और हाजीपुर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है। नूरसराय में टोल प्लाजा बनने के बाद राजगीर, नालंदा विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर जाने वाले पर्यटकों के साथ व्यावसायिक वाहनों और रोजाना सफर करने वाले यात्रियों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। राज्य सरकार की स्वीकृत 'बिहार पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियमावली-2026' के तहत हल्के वाहनों के लिए 1.25 रुपये प्रति किलोमीटर की दर निर्धारित की गई है, जबकि भारी वाहनों के लिए शुल्क अधिक होगा। कैबिनेट ने राज्य के 55 स्टेट हाइवे और 44 बड़े पुलों पर टोल वसूली तथा बूथ निर्माण के लिए फंड को मंजूरी दी है। पहले चरण में एसएच-78 के बाद एसएच-71 पर भी टोल प्लाजा बनाया जाएगा। यह मार्ग जहानाबाद से घोसी, इस्लामपुर, राजगीर, गिरियक और कतरीसराय होते हुए पार्वती (नवादा) तक जाता है। आरसीडी के कार्यपालक अभियंता विकास चंद्र ने बताया कि पहले चरण में टोल वसूली वाले 55 एसएच में एसएच-78 शामिल है। नालंदा में एसएच-71, एसएच-4 और 'टूरिस्ट वे ऑफ राजगीर' भी राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं।

# इस्कॉन गया में शांतिपूर्ण वातावरण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न

## डीएम, एसडीएम एवं एसएसपी ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर मंदिर पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया जी।** भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' का भव्य महोत्सव आज इस्कॉन गया में अत्यंत उत्साह, भक्ति एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जन्माष्टमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस्कॉन गया पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन, हरिनाम संकीर्तन, श्रीकृष्ण कथा, महाभिषेक एवं महाआरती में भाग लिया। इस्कॉन गया के मंदिर अध्यक्ष जगदीश श्याम दास ने जन्माष्टमी महोत्सव के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं, भक्तों, स्वयंसेवकों तथा जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया है। जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रात्रि में इस्कॉन गया मंदिर पहुंचकर जन्माष्टमी की तैयारियों का जायजा लिया गया है। अधिकारियों ने मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जगदीश श्याम दास ने कहा कि अधिकारियों के इस दौरे से मंदिर प्रशासन एवं भक्तों में विश्वास बढ़ा और प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता दिखाई गई है। जन्माष्टमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया गया जिससे मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सकी। इसके साथ ही मंदिर प्रशासन को सड़क पर आवश्यक बैरिकेडिंग करने की अनुमति भी प्रदान की गई। मंदिर प्रशासन एवं स्वयंसेवकों ने प्रशासन के सहयोग से श्रद्धालुओं की कतार एवं आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की है। जगदीश श्याम दास ने कहा कि प्रशासन के सहयोग से श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर ढंग से संभालने में काफी सहायता मिली है। उन्होंने कहा हम जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं सभी संबंधित अधिकारियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हैं। जन्माष्टमी जैसे विशाल आयोजन में प्रशासन का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अधिकारियों ने समय रहते स्थिति को समझा और आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

**भक्ति एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों से गूंजा इस्कॉन गया**

जन्माष्टमी के अवसर पर प्रातः 4:30 बजे मंगल आरती से कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसके बाद मंत्र ध्यान, गुरु पूजा एवं श्रीकृष्ण कथा सहित दिनभर विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

पूरे दिन मंदिर परिसर 'हरिनाम संकीर्तन एवं भक्तिमय वातावरण' से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था, स्वागत, प्रसाद एवं अन्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है।

# यात्री बस डिवाइडर से टकरायी, 30 से अधिक यात्री घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाराचट्टी।** पश्चिम बंगाल से अजमेर जा रही यात्रियों से भरी बस बाराचट्टी के गोखले पुल पर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 24 यात्री घायल हुए हैं जिनका इलाज जारी है। बाराचट्टी का गोखले पुल शुक्रवार की सुबह एक और सड़क हादसे का गवाह बना। पश्चिम बंगाल से अजमेर शरीफ जा रही एक यात्री बस गोखले पुल के समीप डिवाइडर से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में बस पर सवार 30 से अधिक यात्री मामूली रूप से घायल हो गये।

घायलों को एंबुलेंस की मदद से बाराचट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें से जुम्मातुन बीवी को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर किया गया।

# अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने तिरुपति बालाजी महाराज का किया सपरिवार दर्शन-पूजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आंध्र प्रदेश स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगवान तिरुपति बालाजी महाराज का सपरिवार दर्शन एवं विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी से बिहार सहित पूरे देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि तिरुपति बालाजी महाराज का पावन धाम देश ही नहीं, बल्कि विश्वभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं। देश के विभिन्न तीर्थस्थल हमारी सांस्कृतिक एकता, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान तिरुपति बालाजी के दर्शन का अवसर प्राप्त होना अत्यंत सौभाग्य की बात है। मंदिर की दिव्यता, भव्यता और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा प्रत्येक श्रद्धालु को आत्मिक शांति एवं नई प्रेरणा प्रदान करती है। पूजन-अर्चन के उपरांत डॉ. प्रेम कुमार ने देश और बिहार की निरंतर प्रगति, विकास एवं जनकल्याण के लिए भगवान से प्रार्थना की।

# वृंदावन कॉलोनी में जल-जमाव की समस्या का त्वरित संज्ञान

## जल निकासी के लिए नगर निगम ने कार्य शुरू किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** गया शहर के चंदौती थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-29 स्थित वृंदावन कॉलोनी में विगत दिनों हुई भारी बारिश के कारण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होने की सूचना जिलाधिकारी शशांक शुभंकर को प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नगर आयुक्त, गया नगर निगम डॉ. गगन कुमार को स्थल का निरीक्षण कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में नगर आयुक्त स्वयं एवं संबंधित पदाधिकारियों तथा कर्मियों के साथ जाकर स्थिति का जायजा लिया गया। नगर निगम द्वारा वृंदावन कॉलोनी में जलजमाव को दूर करने के लिए पंप सेट सहित आवश्यक मशीनरी एवं संसाधनों को लगाया गया है। इसके माध्यम से जल निकासी का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। ताकि स्थानीय निवासियों को जलजमाव के कारण होने वाली परेशानी से शीघ्र राहत मिल सके। नगर आयुक्त, गया नगर निगम ने बताया कि वृंदावन कॉलोनी अपेक्षाकृत नया बसावट क्षेत्र है। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत सड़क का निर्माण कराया गया है। विगत दिनों हुई भारी वर्षा के कारण क्षेत्र में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हुई है। नगर निगम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए पंप सेट एवं अन्य आवश्यक मशीनों के माध्यम से जल निकासी का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान जलजमाव की समस्या के त्वरित समाधान के साथ-साथ भविष्य में इस क्षेत्र में दोबारा जलजमाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए स्थायी समाधान की दिशा में भी कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम के अभियंताओं को क्षेत्र का तकनीकी निरीक्षण कर जल निकासी की व्यवस्था, सड़क की ऊंचाई, जल के प्राकृतिक बहाव एवं आवश्यक ड्रेनेज व्यवस्था का आकलन करने का निर्देश दिया गया है। आवश्यकतानुसार नाला/ड्रेनेज निर्माण अथवा अन्य तकनीकी उपायों के माध्यम से स्थायी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा तत्काल राहत के साथ-साथ दीर्घकालिक समाधान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ताकि आगामी बरसात के दौरान स्थानीय लोगों को इस प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को जल निकासी कार्य की नियमित निगरानी करते हुए इसे शीघ्र पूर्ण कराने तथा क्षेत्र में जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# मृतक के परिजनों को मंत्री विजय सिन्हा ने दी सांत्वना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार के पिता राजेन्द्र प्रसाद सिंह का दो सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे बिहार सरकार के सेवानिवृत्त पदाधिकारी थे। सूचना पर कृषि मंत्री सह प्रभारी जिला मंत्री विजय कुमार सिन्हा उनके आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद सिंह के आकस्मिक निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। साथ ही शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करें।

# बीइओ के खिलाफ अनिश्चितकालीन आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी, प्रशासन से टकराव

## 7 सूत्री मांगों को लेकर धरना जारी, बीडीओ ने स्थल बदलने को कहा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमण पर भ्रष्टाचार के आरोप को लेकर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार प्रखंड कार्यालय परिसर में अनशन पर बैठे हैं। उनके समर्थन में दर्जनों लोग बैनर तले नारेबाजी और भाषण करते रहे। इस दौरान बीडीओ चंदन कुमार और थानाध्यक्ष आलोक रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ज्ञापन की मांग की। किशोर कुमार ने बीईओ के खिलाफ 7 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। बीडीओ ने कार्यक्रम को प्रखंड कार्यालय से बाहर करने को कहा। इस पर धरनार्थियों ने कहा कि प्रखंड कार्यालय पर धरना शुरू से इसी स्थान पर होता आया है। यहीं होगा। अगर कहीं और जगह आवंटित करनी है तो लिखित में दें। इसके बाद बीडीओ वापस अपने चैंबर चले गए। अनशनकारियों ने आरोप लगाया कि अब तक मेडिकल टीम अनशनकारी किशोर कुमार का स्वास्थ्य जांचने नहीं पहुंची है। मौके पर पूर्व जिला पार्षद रामचंद्र आजाद, चंद्रलेखा चंद्रवंशी, जयंत यादव, दिलीप कुमार दिलेर, जगदीश यादव, विनोद यादवेंदु, दुर्गा पासवान, बृजमोहन पासवान, महादेव यादव, बीरेंद्र वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 29वीं पासिंग आउट परेड की पूर्व संध्या पर गौरव पदक सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, गया में पासिंग आउट परेड से पूर्व समारोहों के प्रमुख आकर्षण के रूप में प्रशिक्षण पूर्ण कर रहे अधिकारी कैडेटों के गौरवान्वित परिवारों के सम्मान में भव्य गौरव पदक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर वियतनाम जन सेना के जनरल स्टाफ के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल ले वान हुआंग, जो 29वीं पासिंग आउट परेड के समीक्षा अधिकारी थे, उपस्थित रहे हैं। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी कमान तथा लेफ्टिनेंट जनरल संदीप सिंह, अति विशिष्ट सेवा मेडल, कमांडेंट, अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी गया, अकादमी के गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह आयोजन कैडेटों के परिवारों के अटूट सहयोग के प्रति सम्मान का प्रतीक था तथा भारतीय सशस्त्र सेनाओं के भावी नेतृत्व के निर्माण में उनके योगदान को नमन करता है।

# बेलवन ठाकुरबाड़ी विवाद में समिति सख्त, दखल दिया तो होगी कानूनी कार्रवाई

## 2007 में धार्मिक न्यास परिषद से हो चुका है निबंधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** बेलवन बिहारी ठाकुरबाड़ी में उपजे विवाद के बाद शुक्रवार को समिति की बैठक हुई। अध्यक्ष सह एसडीएम प्रवीण कुंदन ने दो टूक कहा कि ठाकुरबाड़ी का निबंधन वर्ष 2007 में ही बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद से हो चुका है। परिषद की अधिसूचना के आधार पर गठित समिति ही ठाकुरबाड़ी का संचालन कर रही है। समिति के कामकाज में किसी तरह की बाधा या विवाद उत्पन्न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि ठाकुरबाड़ी सार्वजनिक संपत्ति है और सरकार के अधीन है। न्यायालय की ओर से भी समिति के संचालन पर रोक का कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। गुरुवार को हुए विवाद के बाद ठाकुरबाड़ी का निरीक्षण किया गया और वहां रह रहे लोगों को विवाद से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। इधर कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर शुक्रवार को समिति की ओर से ठाकुरबाड़ी में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। समिति के सदस्य विजय गुप्ता, सुनील चंद्रवंशी और रामाश्रय पासवान ने आरोप लगाया कि अमरजीत दास द्वारा ठाकुरबाड़ी पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है और समिति के कार्यों में लगातार बाधा डाली जा रही है। सदस्यों ने कहा कि अमरजीत दास बिना किसी आदेश के खुद को ठाकुरबाड़ी का महंत बताते हैं जिसको लेकर शिकायत भी की गई है। बैठक में सचिव भरत शर्मा, कोषाध्यक्ष रामाशीष प्रजापति, सदस्य रामप्यारे दास, पुष्पा चौरसिया, सत्येंद्र मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक दिवस पर आकाश प्रियदर्शी ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** शिक्षक दिवस ( 5 सितंबर) के पावन अवसर पर गया के प्रसिद्ध दिवंगत व्यवसायी स्वर्गीय बादल सिन्हा के सुपुत्र, युवा समाजसेवी सह विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के ट्रस्टी आकाश प्रियदर्शी ने बिहार और मगध के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के अमूल्य योगदान और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि एक मजबूत समाज के निर्माण में शिक्षक और छात्र रीढ़ की हड्डी के समान होते हैं। इस अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में मुख्य रूप से महादेवा एंटरप्राइजेज सह एचपी पेट्रोल पंप की मालकिन काजल सिन्हा, कॉलेज के प्रिंसिपल नागेंद्र सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार, डॉ. सुषमा कुमारी और राजन सिन्हा आदि गणमान्य लोग शामिल रहे जिन्होंने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी और शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया।

# हम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार मृतकों के परिजनों से मिले



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** हम के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार को प्रदेश 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति का सदस्य बनाए जाने के बाद शुक्रवार को कोंच में पहली बार आगमन हुआ। कार्यकर्ताओं ने नहर के पास उनका जोरदार स्वागत कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वागत के बाद डॉ. कुमार सड़क दुर्घटना और नदी में डूबने से मृत युवकों के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने चिचौरा गांव में नदी में डूबने से मृत मुकेश चंद्रवंशी के परिजनों से मिलकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। इसी तरह धरहरा के राहुल चौधरी और ददरेजी के शांतनु कुमार की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर शोक व्यक्त कर परिजनों को शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर अजीत कुमार सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जेपी मेमोरियल स्कूल में जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण के बाल स्वरूप ने मन मोहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**शेरघाटी।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को शेरघाटी स्थित जेपी मेमोरियल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण के बाल स्वरूप में सजकर सभी का मन मोह लिया। बच्चे भगवान श्रीकृष्ण और राधा के सुंदर व आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे जिसे देखकर सहपाठी एवं शिक्षक काफी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने राधा-कृष्ण के बाल स्वरूप में सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जन्माष्टमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को प्रस्तुत किया। विद्यालय परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं स्नेहा कुमारी, चांदनी कुमारी, तालद प्रवीण, तंजीला, रिजवाना, शगुफ्ता सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मियों ने सहयोग किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंदन कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों ने राधा-कृष्ण के बाल स्वरूप में बेहतर प्रस्तुति देकर सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

# आज बेला-चाकन्द समेत कई फीडरों में बिजली बंद रहेगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया जी जिले के कई क्षेत्रों में 33 केवी विद्युत लाइनों में पेड़ छंटाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य को लेकर 5 सितंबर को बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार 33 केवी चाकन्द फीडर में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान चाकन्द फीडर से जुड़े ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। दोपहर में कई फीडरों में बिजली रहेगी बंद वहीं 33 केवी बेला, 33 केवी मेन, 33 केवी पाईबिगहा तथा 33 केवी छतियाना फीडर में दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। निर्धारित समय में संबंधित लाइनों पर आवश्यक कार्य किया जायेगा। बिजली बंद रहने से घरेलू उपभोक्ताओं, दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों को परेशानी हो सकती है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विद्युत संबंधी कार्य पहले ही पूरा कर लें।

# आमस में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, नारायणपुर से डोभी तक निकली भव्य शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आमस।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में कृष्ण भक्त शामिल हुए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को आमस प्रखंड परिसर में एक सामान्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के बाद हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।

शोभायात्रा प्रखंड के नारायणपुर मोड़ से शुरू होकर नवागढ़, ताराडीह, आमस, चंडीस्थान, हमजापुर होते हुए डोभी तक गई। पूरे रास्ते में शोभायात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया। यात्रा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां, भजन-मंडली और 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा के डोभी पहुंचने पर संतोष लाल यादव के द्वारा सभी भक्तों को प्रसाद ग्रहण करवाया गया जिसके बाद शोभायात्रा का विधिवत समापन किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन के द्वारा हर चौक-चौराहे एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** बाढ़ प्रभावित परिवारों को स्माइल टुगेदर इंडिया फाउंडेशन की ओर से राहत सामग्री वितरित की गई। करीब 300 लोगों को पका हुआ भोजन मिला और जरूरतमंद परिवारों को तिरपाल भी दिए गए जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली। गया जी के गुरारू प्रखंड के महुआइन गांव स्थित महादलित टोले में बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई—निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), ई—निविदा सं०— पूमरे—मुप्रअ—नि—द— ईपीसी—03—26—27, कार्य का नाम :** "इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी)" – बख्तियारपुर—राजगीर—तिलैया खंड के दोहरीकरण के संबंध में, "25 टन भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के लिए दोहरीकरण कार्य के निर्माण हेतु इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी)" (जिसमें करनाउती स्टेशन (2.844 किमी सहित) से बिहार शरीफ स्टेशन (29.350 किमी को छोड़कर) तक और 1.900 किमी से 28.192 किमी (कुल 26.292 किमी) तक के कार्य शामिल हैं। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 575,14,02,853.17, **निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 11,50,28,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 810 दिन, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 30.12.2026 at 15.30 बजे। ऐसी ई—निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई—निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई—निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ **IREPS** वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/0867/सीओएन/एस/एमएचएक्स/पीएटी/सीओएनएसटी/टी/26-27/48


# चेरलापल्ली-पटना एक्सप्रेस से 22 किलो गांजा बरामद, तस्कर फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया जंक्शन पर चेरलापल्ली-पटना एक्सप्रेस से 22 किलो गांजा बरामद किया गया है। हालांकि इस दौरान गांजा तस्कर पुलिस की पकड़ से बच निकला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गया जंक्शन पर चलाये जा रहे विशेष जांच अभियान के दौरान शुक्रवार को रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने चेरलापल्ली-पटना एक्सप्रेस ट्रेन से करीब 22 किलो गांजा बरामद किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान गांजा तस्कर पुलिस के हाथ नहीं लग सका। बरामद गांजा को जब्त कर रेल थाना गया में अज्ञात तस्कर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। रेल थानाध्यक्ष शिवकुमार और आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि गया जंक्शन पर यात्रियों की सुरक्षा और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को गया जंक्शन पर पहुंचने वाली और यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में सघन जांच की जा रही थी। जांच के दौरान चेरलापल्ली-पटना एक्सप्रेस ट्रेन में दो-तीन बैग लावारिस हालत में पड़े मिले। आसपास मौजूद यात्रियों से बैग के संबंध में पूछताछ की गयी, लेकिन किसी ने भी उस पर अपना दावा नहीं किया। संदेह होने पर वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी गयी। सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह के निर्देश पर टीम ने बैग को खोलकर जांच की। बैग के अंदर गांजा बरामद होने के बाद उसे जब्त कर लिया गया। रेल पुलिस ने बरामद गांजा को जब्त कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा किसका था और इसे कहां से लाया गया था तथा कहां पहुंचाया जाना था। इसके लिए ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों और स्टेशन परिसर में लगे निगरानी कैमरों के फुटेज की भी जांच की जा रही है। सीनियर कमांडेंट दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि गया जंक्शन पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ट्रेनों में संदिग्ध सामान और यात्रियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

# पांच सितंबर को शिक्षकों की समस्याओं पर होगा संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** पांच सितंबर को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। एमएलसी जीवन कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिक्षकों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा होगी। गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार ने गया सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस कर पांच सितंबर को आयोजित होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समारोह में जिलेभर के शिक्षक शामिल होंगे। समारोह का उद्देश्य शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर संवाद करना है। इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं, सुझावों और मांगों को प्राथमिकता से सुना जाएगा। विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार ने बताया कि शिक्षकों द्वारा उठाये जाने वाले मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक पहल और विचार-विमर्श किया जाएगा।

**शिक्षकों से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रयास**

एमएलसी जीवन कुमार ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रभावी पहल करना जरूरी है। शिक्षक सम्मान समारोह के माध्यम से शिक्षकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी बातों को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

संपादकीय

# सिंधु समझौता : पाक का रोना

पाकिस्तान पहले हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर मुद्दा उठाया करता था, लेकिन अब वह सिंधु नदी जल समझौते का रोना रो रहा है। यह बात अलग है कि उसकी इस गुहार पर दुनिया ध्यान नहीं दे रही है। भारत इस मामले में अपने फैसले पर अडिग है कि जब तक पाकिस्तान आंतकवाद को शह देना बंद नहीं करता, तब तक सिंधु जल समझौता स्थगित ही रहेगा। ताजा मामला किर्गीस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का है। जहां पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु नदी जल समझौते का मुद्दा उठाया और इस मामले में भारत के रूख पर आपत्ति जताई। शहबाज शरीफ ने सम्मेलन में कहा कि साझा जल संसाधनों से जुड़े समझौते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाध्यकारी प्रतिबद्धताएं हैं। जिनका बिना किसी शर्त के पालन किया जाना चाहिए। शरीफ ने जीवन रेखा (लाइफ ब्लड) बताते हुए बिना किसी रुकावट के पानी की आपूर्ति की मांग की है। पाकिस्तान ने यह बात हाल में हेग स्थित परमनेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (इंटर गवर्नमेंटल कोर्ट) द्वारा दिए गए उस फैसले के संदर्भ में उठाई, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि भारत को पाकिस्तान के साथ जल बँटवारे की संधि का पालन करना चाहिए। सिंधु जल संधि पूरी तरह प्रभावी है और भारत के पास इसे समाप्त या निलंबित करने का कोई औचित्य नहीं था। साथ ही भारत को जम्मू-कश्मीर में बनाए जा रहे एक पनबिजली संयंत्र पर अपने काम को सीमित करना चाहिए। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन एक इंटरगवर्नमेंटल संगठन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को वैकल्पिक विवाद समाधान सेवाएं देता है। लेकिन इस कोर्ट ने जो फैसला दिया है, वह भारत के कतई अनुकूल नहीं है। गौरतलब है कि सिंधु जल समझौता विश्व बैंक की मध्यस्थता में 1960 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू और पाक राष्ट्रपति अयूब खान के बीच हुआ था। इसके तहत मुख्य रूप से तीन पूर्वी नदियों पर भारत का अधिकार है, जबकि पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब पर पाकिस्तान का अधिकार है। हालांकि, भारत को इन पश्चिमी नदियों का इस्तेमाल कुछ लक्ष्यों के लिए करने की अनुमति है, जिसमें कुछ पनबिजली परियोजनाएं भी शामिल हैं। जबकि पाकिस्तान की आबादी और अर्थव्यवस्था सिंधु नदी के पानी पर काफ़ी हद तक निर्भर है। पाक के लिए यह संधि अहम है। भारत इस संधि का 65 साल से पालन करता आ रहा था। लेकिन पाकिस्तान इसका भी अपने ढंग से दोहन कर रहा था। पिछले साल कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले के बाद भारत सरकार ने कड़ा फैसला लेते हुए सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया। इसके बाद पाक लगातार बिलबिलाया हुआ है। एससीओ में पीएम नरेन्द्र मोदी ने आंतकवाद का मुद्दा जोर शोर से उठाया। भारत ने साफ कर दिया है कि सीमा पार आतंकवाद और द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति को देखते हुए सिंधु जल संधि से जुड़े मामलों पर राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। भारत का मानना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है, जबकि पाकिस्तान इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाकर इसका अंतरराष्ट्रीयकरण करने का प्रयास कर रहा है। जहां तक कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन का सवाल है तो भारत इसका सदस्य होते हुए भी इसके अस्तित्व को मान्यता नहीं देता। उसके कोर्ट के औचित्य पर ही सवाल उठाते हुए उसके फैसले को सिरे से खारिज कर दिया है। जबकि पाकिस्तान इसे अपनी जीत मान रहा था। वैसे भी कोर्ट के पास अपने फैसले को लागू करने का कोई मैकेनिज्म नहीं है। देश उसे माने चाहे न माने। जाहिर है कि पाक भारत के फैसले से बुरी तरह बौखलाया हुआ है, लेकिन अपनी हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। दरअसल लातों के देव बातों से नहीं मानते।

# कागज पर पांचवीं अनुसूची, अधिकार कब?

**मोरहाबादी महाजुटान ने परिसीमन के सवाल को भी इसी व्यापक संदर्भ में उठाया। आदिवासी नेताओं की चिंता है कि आबादी के आधार पर भविष्य में होने वाला परिसीमन झारखंड में आदिवासी राजनीतिक प्रतिनिधित्व को प्रभावित कर सकता है। सांसद सुखदेव भगत ने आबादी के अनुपात में आदिवासियों के लिए अधिक सीटों की मांग की। यह मांग केवल सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग नहीं है। इसके पीछे यह धारणा है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व तभी सार्थक होगा जब ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदाय निर्णय लेने की संस्थाओं में पर्याप्त संख्या में मौजूद हों। हालांकि यहां एक कठिन सवाल भी है। क्या केवल आरक्षित सीटों की संख्या बढ़ा देने से आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हो जाएंगे? शायद नहीं। प्रतिनिधित्व जरूरी है, लेकिन प्रतिनिधित्व के साथ निर्णय लेने की शक्ति भी जरूरी है। विधानसभा में आदिवासी विधायक हों, संसद में आदिवासी सांसद हों, लेकिन गांव की ग्रामसभा अपने ही जंगल, जमीन और पानी के बारे में निर्णय न ले सके, तो प्रतिनिधित्व अधूरा रह जाता है।**

रांची के मोरहाबादी मैदान में उमड़ा आदिवासी समाज का महाजुटान केवल एक राजनीतिक सभा नहीं था। उसके पीछे एक लंबा इतिहास, असुरक्षा की एक गहरी अनुभूति और संविधान से किए गए उस वादे की याद थी, जो आज भी पूरी तरह जमीन पर नहीं उतर पाया है। मंच से परिसीमन का विरोध हुआ, अनुसूचित जनजातियों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग उठी, सीएनटी और एसपीटी कानूनों के उल्लंघन पर चिंता जताई गई, खनन और भूमि अधिग्रहण में ग्रामसभा की अनुमति को अनिवार्य बनाने की मांग की गई और जनगणना में अलग सरना धर्म कोड की आवाज बुलंद हुई। लेकिन इन तमाम मांगों के भीतर एक साझा संवैधानिक प्रश्न मौजूद था–जब संविधान ने आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लिए विशेष सुरक्षा दी है, तो उस सुरक्षा का वास्तविक अधिकार आदिवासी समाज को कब मिलेगा? भारतीय संविधान का अनुच्छेद 244 अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन के लिए विशेष प्रावधान करता है। पांचवीं अनुसूची इसी संवैधानिक व्यवस्था का हिस्सा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ऐसे क्षेत्रों में प्रशासन सामान्य प्रशासनिक ढांचे की तरह न चले, बल्कि वहां रहने वाले आदिवासी समुदायों की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विशिष्टताओं को ध्यान में रखकर संचालित हो।

लेकिन झारखंड का अनुभव बताता है कि संवैधानिक प्रावधान और उनका वास्तविक अनुपालन दो अलग-अलग चीजें हो सकते हैं।

मोरहाबादी में उठी आवाज का महत्व इसलिए है कि उसने आदिवासी अधिकारों की बहस को एक बार फिर चुनावी राजनीति से निकालकर संविधान के मूल प्रश्न से जोड़ दिया है। परिसीमन की चिंता अपनी जगह है, लेकिन उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि जिन क्षेत्रों को संविधान ने विशेष संरक्षण दिया, वहां निर्णय लेने की प्रक्रिया में आदिवासी समुदाय की वास्तविक भागीदारी कितनी है? पांचवीं अनुसूची में राज्यपाल को विशेष शक्तियां दी गई हैं। अनुसूचित क्षेत्रों में शांति और सुशासन के लिए नियम बनाने तथा कुछ कानूनों के लागू होने को संशोधित या अपवाद सहित लागू करने की व्यवस्था इसके



तहत की गई है। जनजातीय सलाहकार परिषद की भी परिकल्पना की गई है। इसका उद्देश्य केवल एक सलाहकारी संस्था खड़ी करना नहीं था, बल्कि आदिवासी हितों से जुड़े मामलों में शासन को संवेदनशील और उत्तरदायी बनाना था।

लेकिन व्यवहार में इन संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका कितनी प्रभावी रही है, यह गंभीर समीक्षा का विषय है।

यदि पांचवीं अनुसूची का उद्देश्य आदिवासी समाज के हितों की रक्षा है, तो जमीन के हस्तांतरण का प्रश्न उसके केंद्र में होना चाहिए। झारखंड में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम ने आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों के हाथों जाने से रोकने के लिए महत्वपूर्ण कानूनी सुरक्षा दी। इसके बावजूद भूमि हस्तांतरण और कब्जे से जुड़े विवाद लगातार सामने आते रहे हैं।

यह विडंबना ही है कि जिस समाज के लिए भूमि केवल संपत्ति नहीं बल्कि जीवन, संस्कृति और पहचान का आधार है, उसकी जमीन के सवाल को अक्सर राजस्व के दस्तावेजों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं तक सीमित कर दिया जाता है। खनन के मामले में यह विरोधाभास और गहरा हो जाता है। झारखंड की धरती खनिजों से समृद्ध है। कोयला, लौह अयस्क और अन्य खनिजों ने देश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन खनिजों के इस विकास में सबसे अधिक कीमत किसने चुकाई? जिन गांवों की जमीन गई, जिन जंगलों का स्वरूप बदला और जिन समुदायों को विस्थापन झेलना पड़ा, उनके हिस्से में विकास का कितना लाभ आया?

मोरहाबादी में एमएमडीआर संशोधन कानून के विरोध और ग्रामसभा की अनुमति के बिना खनन तथा भूमि अधिग्रहण पर रोक की मांग को इसी संदर्भ में समझना चाहिए।

ग्रामसभा को महज बैठक मान लेना पांचवीं अनुसूची की आत्मा को समझने से इनकार करना है। पेसा कानून, 1996 ने अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा की भूमिका को विशेष महत्व दिया। वन अधिकार कानून, 2006 ने भी वन-निर्भर समुदायों के अधिकारों को मान्यता दी। इन कानूनों का मूल दर्शन यही है कि जंगल और जमीन से जुड़े फैसले उन लोगों की भागीदारी के बिना नहीं होने चाहिए जिनका जीवन उनसे सीधे जुड़ा है।

फिर सवाल उठता है कि ग्रामसभा की सहमति वास्तविक निर्णय क्यों नहीं बन पाती?

किसी परियोजना के लिए जमीन चाहिए। सरकार या कंपनी आती है। अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होती है। कागजों पर सहमति, पुनर्वास और मुआवजे की व्यवस्थाएं दिखाई देती हैं। लेकिन जमीन छोड़ने वाले व्यक्ति के लिए जमीन केवल बाजार मूल्य नहीं होती। उसमें उसका खेत है, जंगल है, सामुदायिक जीवन है, पूर्वजों की स्मृति है और आने वाली पीढ़ियों की आजीविका है। इसलिए विस्थापन का हिसाब केवल मुआवजे की रकम से नहीं लगाया जा सकता।

यही वह जगह है जहां पांचवीं अनुसूची और विकास नीति के बीच तनाव दिखाई देता है।

आदिवासी समाज विकास का विरोधी नहीं है। सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, स्कूल चाहिए, अस्पताल चाहिए, रोजगार चाहिए और उद्योग भी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि विकास किसके लिए और किसकी कीमत पर? यदि विकास का अर्थ किसी समुदाय को उसके संसाधनों से बेदखल करना है, तो लोकतंत्र में उसकी वैधता पर सवाल उठेंगे ही।

मोरहाबादी महाजुटान ने परिसीमन के सवाल को भी इसी व्यापक संदर्भ में उठाया। आदिवासी नेताओं की चिंता है कि आबादी के आधार पर भविष्य में होने वाला परिसीमन झारखंड में आदिवासी राजनीतिक प्रतिनिधित्व को प्रभावित कर सकता है। सांसद सुखदेव भगत ने आबादी के अनुपात में आदिवासियों के लिए अधिक सीटों की मांग की। यह मांग केवल सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग नहीं है। इसके पीछे यह धारणा है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व तभी सार्थक होगा जब ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदाय निर्णय लेने की संस्थाओं में पर्याप्त संख्या में मौजूद हों। हालांकि यहां एक कठिन सवाल भी है। क्या केवल आरक्षित सीटों की संख्या बढ़ा देने से आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हो जाएंगे? शायद नहीं।

प्रतिनिधित्व जरूरी है, लेकिन प्रतिनिधित्व के साथ निर्णय लेने की शक्ति भी जरूरी है। विधानसभा में आदिवासी विधायक हों, संसद में आदिवासी सांसद हों, लेकिन गांव की ग्रामसभा अपने ही जंगल, जमीन और पानी के बारे में निर्णय न ले सके, तो प्रतिनिधित्व अधूरा रह जाता है।

इसीलिए पांचवीं अनुसूची को चुनावी आरक्षण से अलग करके देखने की जरूरत है। यह शासन की एक वैकल्पिक संवैधानिक दृष्टि प्रस्तुत करती है, जिसमें स्थानीय समुदायों की विशिष्टता और भागीदारी को महत्व दिया गया है।

सरना धर्म कोड की मांग भी इसी पहचान के प्रश्न का एक दूसरा आयाम है। आदिवासी समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की अपनी विशिष्टता है। अलग सरना कोड की मांग के पीछे केवल जनगणना में एक अलग खाने की इच्छा नहीं, बल्कि अपनी पहचान को आधिकारिक मान्यता दिलाने की आकांक्षा है। यह मांग बताती है कि विकास और प्रतिनिधित्व के साथ सांस्कृतिक अस्मिता भी आदिवासी राजनीति का महत्वपूर्ण आधार बन रही है।

अध्यात्म

## सुख भाग्य से नहीं, आपसी सम्मान और लगातार प्रयास करने से आता है

पुराने समय की एक लोक कथा है। एक छोटे से गांव में एक दंपत्ति (कपल) था, उनका वैवाहिक जीवन बहुत सुखी था। पति अपनी पत्नी से बेहद प्रेम करता था और पत्नी भी घर-परिवार को संभालते हुए पति का पूरा ध्यान रखती थी, लेकिन समय के साथ उनके जीवन की छोटी-छोटी परेशानियां आने लगीं। कभी आर्थिक चिंता, कभी काम का तनाव, तो कभी पुराने विवाद, धीरे-धीरे उनके बीच झगड़े होने लगे। हालांकि उनके दिल में एक-दूसरे के लिए प्रेम था, लेकिन क्रोध, अहंकार और पुरानी बातों को बार-बार दोहराने की आदत ने उनके बीच तनाव बढ़ा दिया था। एक दिन गांव में एक ज्ञानी संत आए। पति-पत्नी उनके प्रवचन सुनने पहुंचे। संत की बातें उन्हें बहुत अच्छी लगीं और उन्होंने संत को भोजन के लिए अपने घर आमंत्रित किया। अगले दिन संत उनके घर आए। भोजन के दौरान संत ने दोनों के चेहरे पर तनाव और दूरी को महसूस किया। भोजन के बाद संत ने एक साधारण सा पानी से भरा लोटा उठाया और उसे हवा में पकड़कर पूछा- 'अगर मैं इस लोटे को लगातार ऐसे ही पकड़े रहूं, तो क्या होगा?' पति ने कहा, 'थोड़ी देर तक तो आसान है, लेकिन ज्यादा देर तक हाथ दर्द करने लगेगा और लोटा भारी लगने लगेगा। ' संत मुस्कुराए और बोले, 'यही जीवन का नियम है। जैसे यह लोटा जितनी देर पकड़ोगे उतना भारी लगेगा, वैसे ही पुरानी बातें, गुस्से और शिकायतें जितनी देर मन में रहेंगी, जीवन उतना ही भारी होता जाएगा।' संत ने आगे समझाया कि रिश्तों में समस्याएं आती हैं, लेकिन उन्हें समय रहते हल करना जरूरी है। अगर हम समस्याओं को पकड़कर बैठे रहेंगे, उन्हें बार-बार सोचते रहेंगे और छोड़ेंगे नहीं, तो प्रेम धीरे-धीरे खत्म हो जाता है और तनाव बढ़ता जाता है। पति-पत्नी को संत की बात समझ में आ गई। उन्होंने तय किया कि अब वे छोटी बातों को दिल से नहीं लगाएंगे, गलतफहमियों को तुरंत सुलझाएंगे और एक-दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे। उस दिन के बाद उनके जीवन में फिर से प्रेम, शांति और संतुलन लौट आया।

**सीखः** वैवाहिक जीवन सुखी भाग्य से नहीं, बल्कि समझदारी, धैर्य और लगातार प्रयास करने से बनता है। पति-पत्नी का रिश्ता तभी मजबूत होता है जब दोनों एक-दूसरे को समझने और स्वीकार करने की कोशिश करते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी संवाद बहुत जरूरी है।

# थोड़ा रीलबाजी का मजा लीजिए

**वक्त जरूरत के अनुसार मोबाइल चलाते-चलाते एक दिन वह रीलबाजी के चक्कर में पड़ गए। अब चुलबुल पांडे की तरह स्टाइल मारते फिरते और अपनी रीलें बनवा कर इंस्टाग्राम पर धड़ाधड़ दिन-रात झोंकते रहते। वायरल होने के लिए भांति-भांति तरह से बंदरों की तरह गुलाटी मारते रहते पर अभी तक उन्हें कोई बड़ी ऐसी उपलब्धि नहीं मिल सकी जिससे दुनिया भर के लोग उन्हें आसानी से पहचान सकते, एक दिन एक महिला सड़क पर घायलावस्था पड़ी कराह रही थी , कोई गाड़ी वाला उसे पीछे से ठोकर मारकर चला गया ,ऐसा प्रत्यक्षदर्शी बता रहे थे।**



जबूती से खूंटा गाड़ने की कला सबको नहीं आती। अपना खूंटा जो जहां मजबूती से गाड़ देता है फिर वहां उसका सिक्का मजबूती से चलने लगता है। रामलाल बचपन से ही हर जगह अपना खूंटा गाड़ने में बहुत पारंगत थे, वह जहां-जहां खूंटा गाड़ देते वहां-वहां उनकी बात की वैल्यू सौ फीसदी हो जाया करती थी, अपना खूंटा गाड़ते-गाड़ते एक दिन वह सिपाही बने फिर सिपाही से दीवान बने फिर एक दिन ऐसा खूंटा गाड़ा कि दीवान से झकास दरोगा बन गए थे, पूरे क्षेत्र में उनका दबदबा हो गया ,रौब इतना कि बड़े-बड़े गुण्डे मवाली और धन्ना सेठ तक उन्हें बड़े अदब से सलाम ठोंकने आते थे।

वक्त जरूरत के अनुसार मोबाइल चलाते-चलाते एक दिन वह रीलबाजी के चक्कर में पड़ गए। अब चुलबुल पांडे की तरह स्टाइल मारते फिरते और अपनी रीलें बनवा कर इंस्टाग्राम पर धड़ाधड़ दिन-रात झोंकते रहते। वायरल होने के लिए भांति-भांति तरह से बंदरों की तरह गुलाटी मारते रहते पर अभी तक उन्हें कोई बड़ी ऐसी उपलब्धि नहीं मिल सकी जिससे दुनिया भर के लोग उन्हें आसानी से पहचान सकते, एक दिन एक महिला सड़क पर घायलावस्था पड़ी कराह रही थी, कोई गाड़ी वाला उसे पीछे से ठोकर मारकर चला गया, ऐसा प्रत्यक्षदर्शी बता रहे थे। दरोगा जी को दया आयी,अपनी पेट्रोलिंग कार से उतरे, उस महिला को अपने दोनों हाथों से उठाकर लंबे-लंबे डग भरते हुए सरकारी अस्पताल की ओर चल पड़े। उनके पीछे-पीछे उनकी पेट्रोलिंग कार भी धीरे-धीरे चल रही थी। दरोगा रामलाल जी की लोग रील बनाने लगे। दरोगा जी आज अपने आपको रीयल चुलबुल पांडे समझकर बड़ी ठसक से चल रहे थे। काफी देर बाद उस घायल महिला को अस्पताल में पहुंचाया।

फिर अपनी पेट्रोलिंग गाड़ी पर सवार होकर फुर्र से उड़ पड़े। थोड़ी देर बाद उन्होंने अपना फेसबुक और इंस्टाग्राम का एकाउंट खोला तो वह भौंचक। सिर पर कई टैंकर पानी गुजर गया। उनका वीडियो ट्रेंडिंग में था। उनके वीडियो पर वेज, नानवेज कमेंट्स की बाढ़ आ चुकी थी। एक कमेंट में एक यूजर ने लिखा -'रील बाजी का इतना नशा सवार है कि पीछे-पीछे आ रही दरोगा, अपनी चौपहिया गाड़ी को ही भूल गया।...लग रहा परोपकार का अपना खूंटा दुनियाभर में गाड़ने की, दिमाग में बड़ी खुजली मची है,पर अब लगता है, इसके उच्च अधिकारी, इसे ऐसे खूंटे में बांध कर रंग देंगे कि इस बंदे को रीलबाजी का भरपूर बिंदास मजा आएगा।

# टेट से मुक्ति के लिए अध्यादेश क्यों नहीं लाती सरकार?

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पहले केंद्र सरकार ने कभी शिक्षा अधिकार कानून लागू होने के बावजूद उन शिक्षकों को टेट परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्देश नहीं दिए जिनकी नियुक्ति कानून लागू करने के पहले हुई थी। इसका सीधा मतलब यह है कि केंद्र सरकार,शिक्षा अधिकार कानून के अनुसार जारी अधिसूचना दिनाँक 23 अगस्त 2010 के बिंदु 4 के अनुरूप दी गई छूट से सहमत है। देश के सभी राज्यों ने भी इसी अनुसार एनसीटीई के निर्देशों का पालन किया है। सुप्रीम कोर्ट के उक्त फैसले के बाद ही केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों ने अपने ही नीति- निर्देशों के विरुद्ध, शिक्षा अधिकार कानून 2009 के पहले नियुक्त किए गए शिक्षकों को टेट परीक्षा में शामिल होने के लिए बिना किसी ठोस प्रतिवाद के निर्देश दिए हैं जो शिक्षकों के साथ प्रताड़ना और अन्यायपूर्ण कार्यवाही है। जब सभी को जानकारी है कि शिक्षा अधिकार कानून के अनुसार एनसीटीई ने जो अधिसूचना जारी की है (और जिसे भारत सरकार ने ही जारी किया है ) उसके अनुसार ही शिक्षक 2010 से 2025 तक शिक्षण कार्य बिना टेट उत्तीर्ण किए कर रहे हैं तो इसके लिए उत्तरदायी शिक्षक हैं कि सरकार? फिर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने शिक्षकों को अपने हाल पर क्यों छोड़ दिया है? क्यों राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के अधिकारियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए सभी उपयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए ? क्या सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए कोई भी नागरिक बिना सरकारी नियुक्ति पत्र प्राप्त किए प्रवेश कर सकता है? जब सरकार द्वारा ही शिक्षकों को सरकारी नौकरी के रूप में पूरे नियम प्रक्रियाओं का पालन करते हुए नियुक्ति प्रदान की गई है और सभी शिक्षकों ने 25-30 वर्षों तक सरकारी स्कूल में निर्बाध रूप से कार्य संपादित किया है तो फिर सरकारें अपने द्वारा नियुक्त किए गए शिक्षकों (कर्मचारियों) के विरुद्ध निर्णय क्यों कर रही हैं?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज पैसों की स्थिति संभली रहेगी। वृषभ बचत की सुरक्षा करने और फालतू खर्च से बचने की सीख देंगे। परिवार या किसी करीबी से मदद मिल सकती है।

**वृषभ**
आज पैसों के मामले में आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। आप अपनी बचत को सही जगह लगाने और पुराने भुगतान निपटाने के बारे में सोचेंगे।

**मिथुन**
आज आपका कमाई बढ़ाने का मन करेगा। जल्दबाजी में खरीदारी से बचें। सिर्फ सुंदर दिखने पर चीजें न खरीदें। नियम से चलना ही आपकी कमाई को सही रास्ते पर रखेगा।

**कर्क**
आज बचत और भविष्य के बड़े खर्चों की योजना बनाएँगे। जरूरत से ज्यादा दरियादिली न दिखाएं। दूसरों की मदद के साथ अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना भी जरूरी है।

**सिंह**
आज पैसों के फैसलों में बहुत सावधान रहना होगा। बड़ा सामान खरीदने से पहले कागजात और सच जांच लें। घमंड में आकर कोई भी लेन-देन का फैसला न लें।

**कन्या**
आज पैसों की सही योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। कहां फालतू खर्च हो रहा है, यह पहचानना आसान होगा। बिना शर्तों के किसी को पैसे उधार न दें।

**तुला**
आज संतुलित खर्च और बेहतर तालमेल बनाना पड़ेगा। आप अपनी जरूरतों का ध्यान रखेंगे और सही जगह खर्च करेंगे। आराम के लिए हद से ज्यादा खर्च न करें।

**वृश्चिक**
आज भविष्य की योजना बनाते समय धीरज से काम लें। किसी भी फैसले में जल्दबाजी न करें। पूरी जांच और सही हिसाब लगाने से ही नुकसान से बचा जा सकता है।

**धनु**
आज आपका पढ़ाई, यात्रा या अपनी पसंद पर खर्च हो सकता है। खर्च जरूरी हो तो भी बजट ध्यान में रखें। सिर्फ उम्मीद के भरोसे बड़ा जोखिम न लें। सही सीमा तय करने से ही धन सुरक्षित रहेगा।

**मकर**
आज रुके काम निपटाना और काम में अनुशासन रखना होगा। बचत मजबूत करने और घर के खर्चों का हिसाब लगाने का मन करेगा। संभलकर चलना ही जोखिम लेने से ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

**कुंभ**
आज सोच-समझकर निवेश और नई सोच के साथ करें। जल्दी पैसा कमाने की चाहत जागेगी। तुरंत फायदे वाली बातों से दूर रहें। पुरानी बचत को सुरक्षित रखने और धीरे-धीरे आगे बढ़ने की सलाह देते हैं।

**मीन**
आज शांत मन से फैसले और पेंडिंग काम का निपटारा होना। पुराने बजट या लेन-देन की जांच करें। इसे रुकावट न समझें। पुरानी गलती सुधारने से भविष्य मजबूत होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी की बिजली करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतकों की पहचान नरेन्द्र भगत (37 वर्ष) पिता नरेश भगत और उनकी पत्नी रूबी देवी (32 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे दोनों पति-पत्नी गांव के किनारे स्थित अपनी फूल की खेती में निकौनी करने और फसल देखने गए थे। खेत के बगल में लगे अर्थींग तार की चपेट में पति आ गया। पति को छुड़ाने गई पत्नी भी करंट की चपेट में आ गई और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।रात करीब आठ बजे तक जब दोनों घर नहीं लौटे तो उनके दो बेटे, जिनकी उम्र 13 साल और 8 साल है, परिजनों के साथ उन्हें खोजने निकले। खेत में पहुंचने पर दोनों को एक साथ सटे हुए मृत अवस्था में देखा। सूचना मिलते ही भगवानगंज पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दंपति के दो छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। घटना से गांव में गमगीन माहौल है। एक ही घर से पति-पत्नी की एक ही साथ अर्थी उठने से पूरे गांव में मातम का माहौल है हर किसी की आंखें नम हो गई।



### अस्पताल के ही डॉक्टर पर साजिश का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 29 अगस्त को मरीजों से दवा के नाम पर पैसा लेने का वीडियो वायरल होने के बाद मामले में नया मोड़ आ गया है। जांच में पता चला है कि वीडियो किसी और ने नहीं, बल्कि अस्पताल के ही एक डॉक्टर ने जानबूझकर बनवाया था। सीएचसी प्रभारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया था। उन्होंने डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. स्नेहा और आशा फैसिलिटेटर को शामिल कर जांच टीम गठित की। गहन जांच में सामने आया कि अस्पताल के डॉ. संजीव कुमार ने साजिश के तहत मरीज से पैसे वसूली की बात कहलवाकर वीडियो बनवाया।प्रभारी का आरोप है कि डॉ. संजीव अस्पताल का नाम बदनाम कर उन्हें प्रभारी पद से हटवाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले शनिवार को सिमहाडी में ड्यूटी लगी थी, जहां डॉ. संजीव अनुपस्थित थे, इसलिए उनका अटेंडेंस काट दिया गया था। उसी रंजिश में उन्होंने यह वीडियो बनवाया।बताया गया कि 29 अगस्त को प्रखंड के सिम्हाडी,चकसाई, जलालपुर की कुछ प्रसूता मरीज भर्ती थीं, उसी दौरान प्रसव के दवा के नाम पर पैसा वसूली का वीडियो बनवाया गया।इस संबंध में जिला मुख्यालय को पत्र लिखा गया है। अब देखना है कि जांच रिपोर्ट के बाद आरोपी डॉक्टर पर क्या कार्रवाई होती है।



### चार की मौत मामले में बिसरा भेजा गया विधि जांच प्रयोगशाला

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के बेढ़ना सैदपुर गांव में 30 अगस्त को चार लोगों की जहर मिली शराब पीने से हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम के बाद मृतक के पेट से मिले बिसरा को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेज दिया गया है। इसमें तेज जहर की पहचान की जाएगी। हालांकि पुलिस ने अब तक जहर के संबंध में पुख्ता जानकारी हासिल नहीं किया है। संदेह है कि शातिराना तरीके से शराब में जहर मिलाई गई थी ।आरोपी ने काफी सोच समझकर जहर का चयन किया था ताकि हर हाल में मौत सुनिश्चित हो जाए । विवेचना पदाधिकारी को विधि विज्ञान प्रयोगशाला और फॉरेंसिक जांच टीम के रिपोर्ट का इंतजार है ।उधर दूसरी तरफ पुलिस को अनुमंडल अस्पताल प्रशासन ने दो डॉक्टरों की टीम द्वारा किए गए चारों मृतकों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट सौंप दिया है। सूत्रों के अनुसार इसमें जहरीला पेय पदार्थ पीने के लक्षण पाए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ बेढ़ना गांव में चार युवकों की मौत के बाद ग्रामीण और परिवार लगातार उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। वहीं शराब सप्लाई सिंडिकेट के उद्भेदन को लेकर भी पुलिस पर दबाव बढ़ रहा है ।ज्ञात हो कि पुलिस की लव स्टोरी एंगल विवाद के घेरे में आ गई थी जिससे पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी।

### मसौढ़ी के प्राथमिक विद्यालय रेवो मुसहरी में चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदौल ओपी क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रेवो मुसहरी में चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामानंद सिंह ने नदौल ओपी में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि सोमवार, दिनांक 31.08.2026 की सुबह 9:15 बजे जब वे विद्यालय का मुख्य द्वार खोलकर अंदर प्रवेश किए तो बरामदे का गेट खुला हुआ मिला। कार्यालय के पास जाने पर दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा था और टेबल के दराज टूटे हुए थे। प्रधानाध्यापक के अनुसार चोरों ने विद्यालय से दो सरकारी टैब और एक व्यक्तिगत लैपटॉप चोरी कर लिया है। चोरी गए सामानों में सरकारी टैब व्यक्तिगत लैपटॉप, व्यक्तिगत मोबाइल ,सिम नं.50 किलो एमडीएम का चावल और अन्य सामान घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।



### ठाकुरबाड़ियों में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर सहित ग्रामीण इलाकों की ठाकुरबाड़ियों में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी मंदिरों को आकर्षक विद्युत रोशनी, फूल-मालाओं और रंग-बिरंगे झालरों से सजाया गया था। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई थी।सुबह से ही ठाकुरबाड़ियों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। महिला, पुरुष और बच्चों ने परिवार सहित पहुंचकर भगवान की पूजा-अर्चना की। दिन भर भजन-कीर्तन, श्रीकृष्ण लीला और धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। पुजारियों में गोपाल पांडे ने विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा की।रात्रि 12 बजे जैसे ही भगवान के जन्म का समय हुआ, मंदिर के पट खोले गए। शंख और घंटों की ध्वनि के साथ आरती हुई और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से माहौल गूंज उठा। इस दौरान हरे कृष्णा-हरे रामा के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।कई जगहों पर छोटे-छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा का रूप धारण किया, जो सभी के आकर्षण का केंद्र बने रहे। देर रात तक भक्त नाच-गाकर कान्हा के जन्म की खुशियां मनाते रहे। अंत में सभी भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।



### शिक्षिका की हत्या मामला में पति ने स्कूल प्रभारी पर लगाया आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कैलुचक मोहल्ला में महिला की हत्या का सनसनीखेज मामले में मृतका के पति ज्ञानचंद चौधरी ने थाने में आवेदन देकर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में ज्ञानचंद चौधरी पिता जुदागी चौधरी ने बताया है कि वह मूल रूप से कैलुचक, मसौढ़ी के निवासी हैं और वर्तमान में गया जिले के टेकारी प्रखंड में जेई के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 1 सितंबर 2026 की रात करीब 10 बजे उनकी पत्नी लक्ष्मी कुमारी से फोन पर बात हुई थी। 2 सितंबर को सुबह 10:36 बजे कॉल करने पर फोन रिसीव नहीं हुआ। लगातार कॉल करने के बाद उन्होंने पत्नी के स्कूल के प्रभारी ब्रजेश कुमार को कॉल किया, जिन्होंने बताया कि वह आज फोन नहीं उठा रही हैं और स्कूल भी नहीं आई हैं। इसके बाद उन्होंने अपनी बेटी शिखा कुमारी को 11:45 बजे फोन किया। बेटी ने भी मां से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन बात नहीं हो पाई।

# मोकामा में गंगा का रौद्र रूप, गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

### जंजीरा दियारा की पूरी आबादी ने किया पलायन, प्रखंड मुख्यालय में डाला डेरा; कसहा दियारा में भी हालात बिगड़े, प्रशासन अलर्ट





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर ने मोकामा इलाके में बाढ़ का संकट गहरा दिया है। गंगा और टाल दोनों कृषि क्षेत्र जलप्लावित हो चुके हैं। कई गांवों में पानी प्रवेश कर गया है, जबकि कुछ घर भी बाढ़ के पानी की चपेट में आ गए हैं। पशुपालकों के सामने चारा और पशुओं को सुरक्षित रखने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। जलस्तर में इसी तरह अगले एक-दो दिनों तक वृद्धि जारी रही तो ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भयावह होने की आशंका है।मोकामा प्रखंड के हाथीदह, दरियापुर, औंटा, रामपुर डुमरा, नौरंगा जलालपुर, मालपुर, मरांची उत्तरी और दक्षिणी पंचायत समेत कई पंचायतों के विभिन्न गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। मोकामा का अंतिम पंचायत कसहा दियारा भी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है। वहीं कई निमार्णाधीन और निर्मित सरकारी परियोजनाओं पर भी बाढ़ का गंभीर खतरा मंडरा रहा है।केंद्रीय जल आयोग से मिली जानकारी के अनुसार गंगा के जलस्तर में अभी भी लगातार वृद्धि जारी है। हाथीदह में गंगा का जलस्तर हाई फ्लड लेवल के करीब पहुंच गया है। इस वर्ष जलस्तर वर्ष 2021 के स्तर तक पहुंच चुका है। लगातार बढ़ते पानी को लेकर दियारा और नदी किनारे बसे लोगों में भय का माहौल है।बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में है। शुक्रवार को बाढ़ एसडीएम कृष्णा जोशी ने मोकामा के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने तपस्वी घाट, निषाद टोला घाट, मरांची और आसपास के दियारा क्षेत्रों का दौरा कर गंगा के जलस्तर का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से स्थिति की जानकारी ली। खतरनाक घाटों पर बैरिकेडिंग कराई गई है।एसडीएम ने कहा कि प्रशासन बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। नाव, पॉलिथीन, सामुदायिक रसोई और मेडिकल टीम को तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। घाटों के आसपास रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। पंजीकृत नावों की तैनाती की गई है, जिन पर बाढ़ के जलस्तर की पहचान के लिए फ्लड निशान भी लगाया गया है।बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित जंजीरा दियारा की पूरी आबादी सुरक्षित स्थान की तलाश में पलायन कर चुकी है। बड़ी संख्या में विस्थापित लोग मोकामा प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर वहीं डेरा डाले हुए हैं। एसडीएम ने प्रखंड कार्यालय में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।मोकामा अंचलाधिकारी लवली कुमारी ने बताया कि विस्थापित लोगों के बीच प्लास्टिक शीट उपलब्ध करा दी गई है। पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था की गई है तथा सामुदायिक रसोई भी शुरू कर दी गई है। कसहा दियारा पंचायत में शुक्रवार रात से सामुदायिक रसोई शुरू करने की तैयारी है।जंजीरा दियारा से विस्थापित लोगों का हाल जानने शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद कार्तिक कुमार भी प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और अधिकारियों से बात कर प्रभावित परिवारों को उचित व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को बिचौलियों से दूर रहकर स्वयं क्षेत्र में निरीक्षण एवं राहत व्यवस्था की निगरानी करने की बात कही।मोकामा नगर परिषद के कई वार्डों में बुडको द्वारा बनाए जा रहे नाले के कारण भी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई इलाकों में पानी जमा होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।भीषण बाढ़ के बीच कसहा दियारा की मुख्य सड़क कट जाने से आवागमन प्रभावित हो गया है। ऐसे में ग्रामीणों को इलाज के लिए बाहर जाने में परेशानी हो रही है। भाजपा नेता भोजल निषाद के साथ कसहा दियारा के ग्रामीणों ने बंद पड़े उप स्वास्थ्य केंद्र को तत्काल खोलने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के दौरान जब मुख्य सड़क से आवागमन बंद हो गया है, तब स्थानीय उप स्वास्थ्य केंद्र का संचालन लोगों के लिए बेहद जरूरी है।

### पुनपुन बाजार और घाट पर चढ़ा बाढ़ का पानी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी अपने रौद्र रूप में है। शुक्रवार को नदी का जलस्तार बढ़ने से पानी पुनपुन घाट पर चढ़ गया है और पुनपुन बाजार समेत अन्य गलियों में भी घुसने लगा है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि 1976 के बाद 2019 में पुनपुन नदी का जल प्रलय देखने को मिला था और अब 2026 में फिर से नदी का रौद्र रूप दिख रहा है।



## पुनपुन के मुस्तफापुर में दो दर्जन से अधिक घर जलमग्न





### खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर लोग, बाढ राहत की मांग

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी रौद्र रूप में है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार जलस्तर 53.16 मीटर रिकॉर्ड किया गया है। पुनपुन प्रखंड के पांच पंचायतें बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित हैं, जिसमें बरावां, लखना पूर्वी, लखना उत्तरी पश्चिमी, श्रीपालपुर और अकौना है,जहाँ लखना पूर्वी और बरावां पंचायत में सबसे ज्यादा तबाही है। लखना पूर्वी पंचायत के मुस्तफापुर गांव के महादलित टोले में दो दर्जन से अधिक घरों में पानी घुस गया है। गांव में 70 घर हैं, जिनमें अधिकांश कच्चे मिट्टी के मकान पानी में गिर गए हैं। लोग घर छोड़कर सड़कों पर और दूसरों के मकानों की छत पर सोने को मजबूर हैं। पीड़ितों ने बताया कि खाने-पीने, रहने और सोने को लेकर भारी परेशानी है। बिजली कटी हुई है, खाना बनाने में दिक्कत हो रही है। एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाला लिंक मार्ग पूरी तरह जलमग्न है, जिससे यातायात ठप है और संपर्क टूट गया है। लोगों ने सरकार से सामुदायिक किचन, मोमबत्ती, दियासलाई, नाव परिचालन और मेडिकल कैंप की मांग की है। जहरीले सांप-बिच्छू निकलने से खतरा बढ़ गया है। बाढ़ पीड़ितों से मिलने पूर्व विधायक गोपाल रविदास मौके पर पहुंचे। उन्होंने सरकार से सामुदायिक किचन, नाव परिचालन और अस्थायी मेडिकल कैंप की व्यवस्था की मांग की।गौरतलब है कि बरावां पंचायत के सपहुआ, छोटकी सपहुआ, उड़ानटोला, चंडासी, लालसाचक, श्रीपालपुर पंचायत के खेनियाचक, लोदीपुर, दुलारचक, सबलपुर और लखना पूर्वी पंचायत के गोपाल टोला, कंसारी, बेलदारी चक, मढीचक, मुस्तफापुर, धानुचक, बलुआचक, खैरा, साहेबनगर, बीजू बीघा, बालीपुर, नियामतपुर, मुरादपुर, पहलादपुर सहित दर्जनों गांव बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं। मुस्तफापुर के बाढ़ पीड़ितों में सुनीता देवी, ममता देवी, लालती देवी, सोनम देवी, पूनिया देवी, राजदेव मांझी, समेत कई लोगों का घर बाढ़ के पानी से प्रभावित हो चुका है। सबों ने बाढ़ राहत की मांग की है।

## पुनपुन नदी में जल प्रलय, 1976 के बाद पहली बार 53.16 मीटर पहुंचा जलस्तर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में नदियां रौद्र रूप दिखा रही हैं। पटना से सटे मसौढ़ी अनुमंडल में पुनपुन नदी पूरे उफान पर है। पुनपुन का जलस्तर खतरे के निशान से करीब 3 मीटर ऊपर बह रहा है, जिससे कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। लोग घर छोड़कर ऊंचे स्थानों पर शिफ्ट हो रहे हैं, जनसंपर्क और यातायात प्रभावित हो गया है।बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार पुनपुन नदी का डेंजर लेवल 50.60 मीटर है, जबकि शुक्रवार को जलस्तर 53.16 मीटर तक रिकॉर्ड किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 1976 में जलस्तर 53.91 मीटर दर्ज किया गया था। अब 1976 के बाद पहली बार जलस्तर उसी रिकॉर्ड के करीब पहुंच गया है, जिससे 1976 की विनाशकारी बाढ़ की याद ताजा हो गई है। उस वर्ष सुरक्षा बांध टूटने से पूरे पुनपुन, मसौढ़ी सहित पटना जिला जलमग्न हो गया था। इधर धनरुआ की दरधा नदी भी 20 साल बाद विकराल रूप में है। उसका जलस्तर 52.90 मीटर बताया जा रहा है।



पुनपुन में बाढ़ से बरावां पंचायत के करीब 10 गांव और लखना उत्तरी पंचायत के 8 गांव पूरी तरह प्रभावित हैं। वहीं धनरुआ में दरधा नदी से 4 पंचायत प्रभावित हैं। सड़कों पर पानी चढ़ने से आवागमन ठप है। जिला प्रशासन लगातार बाढ़ क्षेत्रों का दौरा कर रहा है। अधिकारियों को तटबंधों की 24 घंटे मॉनिटरिंग और युद्धस्तर पर कटावरोधी कार्य चलाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत शिविर, सामुदायिक किचन, पशुओं के लिए चारा और स्कूलों में ठहरने की व्यवस्था को मिशन मोड में तैयार रखने का निर्देश दिया गया है।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया बाढ़ प्रभावित दियारा क्षेत्र के पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण





**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बख्तियारपुर, अथमलगोला एवं बाढ़ अंचल/प्रखंड अंतर्गत बाढ़ प्रभावित दियारा क्षेत्र के पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ कृष्णा जोशी, भाप्रसे, द्वारा बख्तियारपुर अंचल के काला दियारा पंचायत के ग्यासपुर गंगा घाट का निरीक्षण किया गया तथा दियारा क्षेत्र के प्रभावित जनसंख्या के आवागमन एवं रोजमर्रा के जरूरतों के लिए अंचल अधिकारी बख्तियारपुर को निर्देशित कर निःशुल्क सरकारी नाव का परिचालन प्रारंभ करवाया गया है तथा बाढ़ के कारण विस्थापित हुए परिवारों के लिए सामुदायिक रसोई केंद्र का संचालन करने का निर्देश दिया गया है। बख्तियारपुर में दो स्थानों पर सामुदायिक रसोई केंद्र का संचालन आज से किया जाएगा। साथ हीं मवेशियों के लिए भी पशु चारा की व्यवस्था कराई गई है। राहत कैम्प स्थल पर विस्थापितों के स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से राहत कैंपों में चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी एवं आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं का मुफ्त वितरण कराने की व्यवस्था किया गया है। इसी प्रकार अथमलगोला अंचल के राम नगर दियारा पंचायत का स्थलीय भ्रमण के दौरान पाया गया कि इस पंचायत में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है तथा ग्रामीण रामनगर दियारा पुल के पास शरण लिए हुए हैं उन शरणार्थियों के लिय भोजन की व्यवस्था पास में हीं मध्य विद्यालय सबनिमा में संचालित कराया जा रहा है। इस पंचायत में प्रभावित जनसंख्या के लिए अबतक आवश्यकता अनुसार 04 सरकारी नाव का परिचालन प्रारंभ किया गया है, जो बिल्कुल निःशुल्क है। इसी स्थान कर चिकित्सा कैम्प का भी आयोजन किया गया है, जो कार्यरत है। इसी प्रकार बाढ़ अंचल अंतर्गत बंडा दियारा क्षेत्र के प्रभावित जनसंख्या को गंगा के इसपार नाव से रेस्क्यू कर लाया गया है तथा उनके लिए सामुदायिक रसोई केंद्र का संचालन किया जा रहा है उन विस्थापित परिवारों के लिए चिकित्सा सुविधाएं हेतु राहत कैम्प में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ किया गया है तथा बाढ़ अंचल में आज से सामुदायिक रसोई केंद्र में सभी को खाने की व्यवस्था किया गया है। उपरोक्त तीनों अंचलों में चिन्हित किए गए कैम्पों में रौशनी हेतु जनरेटर, पेयजल टेंट इत्यादि की व्यवस्था अंचल स्तर से किया गया है।

## पुनपुन के मुस्तफापुर में बाढ़ पीड़ितों का विरोध प्रदर्शन, राहत कार्य शुरू करने की मांग



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी का जलस्तर लगातार ढाई से 3 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। नदी अपने रौद्र रूप में है। पुनपुन प्रखंड की पांच पंचायतें बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित हैं। मुस्तफापुर गांव में दो दर्जन से अधिक घर तबाह हो चुके हैं, जिससे पीड़ितों में आक्रोश है। शुक्रवार को बाढ़ पीड़ितों ने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ घंटों विरोध प्रदर्शन किया। पीड़ितों ने सरकार से मांग की कि गांव में सामुदायिक किचन, नाव परिचालन और अस्थायी मेडिकल कैंप की व्यवस्था की जाए। विरोध प्रदर्शन में सुनीता देवी, ममता देवी, सुरेश मांझी, लालती देवी, मोनालिसा देवी, पूनिया देवी, मंजू देवी, सुनैना देवी, नरेश मांझी, राजदेव मांझी, दिसंबर मांझी, नवल मांझी, अनीता देवी, पिंकी देवी, सोनमती देवी, करु मांझी, मोहन मांझी के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल रहे। इस मौके पर पूर्व मुखिया मदन पासवान, जयप्रकाश पासवान सहित भाकपा-माले के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। बाढ़ का जायजा लेने पहुंचे पूर्व विधायक गोपाल रविदास भी पीड़ितों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।पीड़ितों ने कहा कि उन्हें रहने, खाने-पीने और रोजमर्रा के कामों में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द राहत कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।मुख्य मांगें में सामुदायिक किचन की व्यवस्थ- एक गांव से दूसरे गांव जाने के लिए नाव परिचालन,अस्थायी शौचालय और मेडिकल कैंप,मवेशियों के लिए चारा, दियासलाई और मोमबत्ती की व्यवस्था की जाए।

## बाढ़ प्रभावित मुस्तफापुर में प्रशासन का घेराव, पीड़ितों ने की राहत की मांग



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड की पांच पंचायतें बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित हैं। दर्जनों गांवों का संपर्क एक-दूसरे से टूट चुका है। शुक्रवार को पटना की एडीएम आसीन शाहीन और प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार अपनी पूरी टीम के साथ बाढ़ का जायजा लेने मुस्तफापुर गांव पहुंचे, तो बाढ़ पीड़ितों ने उन्हें घेर लिया और घंटों अपनी समस्याएं रखीं। बाढ़ पीड़ितों में मालती देवी, सोनमती देवी, पूनिया देवी, सुनैना देवी, नरेश मांझी, राजदेव मांझी सहित कई लोगों ने कहा कि उनके घरों में पानी घुस गया है। रहने, खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। जहरीले सांप-कीड़ों से लोग परेशान हैं। सोने तक की जगह नहीं है और मवेशियों के लिए चारा नहीं है।पीड़ितों ने मांग की कि गांव में सामुदायिक किचन, अस्थायी मेडिकल कैंप, नाव परिचालन और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।इसी दौरान मौके पर पूर्व विधायक गोपाल रविदास भी पहुंचे और पीड़ितों की मांगों का समर्थन किया। बीडीओ उदय कुमार ने पीड़ितों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सामुदायिक किचन शुरू किया जाएगा और नाव परिचालन की व्यवस्था की जाएगी।

### अज्ञात व्यक्ति की अकबरपुर रोड में मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर रोड में अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर 50 वर्षीय अचेत व्यक्ति को अनुमंडल अस्पताल में लाया जहां पर चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बाढ़ पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे पहचान के लिए सुरक्षित रखा है । वहीं दूसरी तरफ एक अन्य अज्ञात व्यक्ति को पुलिस ने अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया है जिसका इलाज चल रहा है।

### विवादित जमीन पर ठेकेदार ने शुरू की पीसीसी ढलाई

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड के जोधन बीघा गांव में कोर्ट और अंचलाधिकारी के निर्देश पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी होने के पहले की संवेदक द्वारा पीसीसी ढलाई का काम शुरू कर दिया गया है ।इसको लेकर ग्रामीण जनार्दन सिंह ने गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई करने की मांग की है ।उन्होंने बताया कि कोरारी मौजा के थाना नंबर 257 खाता संख्या 258 खेसरा संख्या 948 गैर मजरुआ जमीन पर अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अंचल पदाधिकारी द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

## अलख नाथ रोड स्थित ब्राइट माइंड स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई गई जन्माष्टमी



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अलख नाथ रोड स्थित ब्राइट माइंड स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चे भगवान श्रीकृष्ण और बच्चियां राधा के मनमोहक रूप में सजकर विद्यालय पहुंचे। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। जन्माष्टमी समारोह के दौरान बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के रूप में सुंदर प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की झांकियां प्रस्तुत कीं तथा भजन और गीतों पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद बच्चों ने मिलकर मटकी फोड़ी और श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशी में केक काटा। बच्चों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करते हुए पूरे उत्साह और उमंग के साथ जन्माष्टमी का पर्व मनाया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के निदेशक राजीव रोशन ने सभी बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन बच्चों को प्रेम, सत्य, कर्म और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समारोह में बच्चों की मनमोहक वेशभूषा, प्रस्तुतियों और उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को आकर्षक एवं यादगार बना दिया।

## सरथुआ के ढोभरा, मदारीचक व सरहज खंधा पर महतमाईन और भुतही नदी के उफान से धान की फसल पर संकट



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खरभैया पंचायत के मदारिचक, सरथुआ, खरभैया, मिल्की नियामतपुर इन गांवों में हरे भरे धान के फसलों पर फल्गु की शाखा महतमाईन, लोकाईन, भुतही व धोबा इन बरसाती नदियों के उफान से खेतों में लगे हरियाली युक्त धान की फसलों पर डूबने का खतरा मंडरा रहा है। तटबंधों पर ग्रामीण किसान बांस बल्ली और बालू की बोडियों से अबतक गुआम कर उसे बचाये हुए हैं। सरथुआ के मुन्ना कुमार (खरभैया पैक्स अध्यक्ष), राजू कुमार,मंटू कुमार चंद्रवंशी, नागेंद्र पटेल, विमलेश कुमार, रामदयाल पासवान,वार्ड सदस्य 11 व अधिवक्ता शम्भू कुमार ने बताया कि अभी सरकारी स्तर पर या कोई प्रखंड प्रशासन से सहायता न मिली है। इस बीच सरथुआ महाल का खरभैया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र चौधरी ने डोमा कोना, सरहज व मद्दारीचक खंधा के किसानों से मिले और विजिट किया। बमशंकर, ऋषि, रितेश, अनिल प्रेमी, सतीश कुमार, चंद्रभूषन मंटू, जयंत बबलू, सोनी मिस्त्री ने कहा कि हमलोग अपने स्तर से अभी महाल को बचाये हुए हैं। समाचार प्रेषण तक इन नदियों के जलस्तर में वृद्धि जारी थी।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा क्षेत्र



**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को सिगोड़ी थाना क्षेत्र के चिक्सी टाड़ीपर खेल मैदान परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा चिक्सी गांव से शुरू होकर नदहरी, अरवल जिले की सीमा से होते हुए किंजर बाजार और चंढ़ोस बाजार पहुंची। इसके बाद शोभायात्रा वापस चिक्सी टाड़ीपर खेल मैदान पहुंचकर समाप्त हुई। रास्ते में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और धार्मिक उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शोभायात्रा का संचालन राजद के युवा नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार यादव, पालीगंज राजद नेता बिट्टू यादव एवं राकेश कुमार उर्फ कटास ने किया। कार्यक्रम में मुखिया सनोज यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रंजन यादव, मृत्युंजय यादव, हिमांशु यादव, धनंजय यादव, पिंटू यादव, संतोष यादव, मनीष यादव, सुधीर यादव, पत्रकार रामप्रवेश यादव, पत्रकार पंकज कुमार, पत्रकार रोहित कुमार, नीतीश यादव, मुकेश यादव, अभिषेक यादव, सोनू, जयप्रकाश मुन्ना सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में बेटियों को योगी सरकार का तोहफा, 50 हजार मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी

**लखनऊ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सरकार की रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत स्नातक पास करने वाली 50 हजार मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी देने का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। योजना के तहत चयनित छात्राओं को नई पेट्रोल स्कूटी के साथ आरटीओ पंजीकरण, बीमा, सुरक्षा हेलमेट, जरूरी एक्सेसरीज और वितरण के समय 4 से 5 लीटर पेट्रोल भी उपलब्ध कराया जाएगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, संबंधित संस्थानों की स्नातक पास छात्राओं में से शीर्ष 5 प्रतिशत मेधावी छात्राओं का चयन किया जाएगा। शहीद परिवारों की बेटियों, दिव्यांग और निराश्रित मेधावी छात्राओं को सामान्य कटऑफ से 10 प्रतिशत तक कम अंक होने पर भी पात्रता मिल सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए छात्रा का उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना जरूरी है। उसे मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संबद्ध डिग्री कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी करनी होगी। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। छात्राओं को अलग से आवेदन नहीं करना होगा। संबंधित विश्वविद्यालय और कॉलेज अपने रिकॉर्ड के आधार पर पात्र छात्राओं की पहचान कर दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। इसके बाद सूची शासन के आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में चयनित छात्राओं को स्कूटी की चाबी सौंपी जाएगी। सरकार की योजना के अनुसार, 2025-26 शैक्षणिक सत्र की चयनित छात्राओं को अक्टूबर-नवंबर के दौरान स्कूटी वितरित करने की तैयारी है।



### 43 बोरी अवैध यूरिया खाद जब्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मोतिहारी के समवाय बेलदरवामठ द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत अवैध रूप से जमा की गई यूरिया खाद की एक बड़ी खेप बरामद की गई। स्थानीय पुलिस एवं कृषि विभाग के साथ चलाए गए संयुक्त छापेमारी अभियान में 43 बोरी (प्रति बोरी 45 किलोग्राम) यूरिया खाद जब्त किया गया है।समवाय बेलदरवामठ के द्वारा आसूचना तंत्र से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम औरैया (जमुनापुर), थाना आदापुर निवासी बद्रजोहा उर्फ कोठा द्वारा अपने घर में अवैध रूप से यूरिया खाद का भंडारण किया गया है। जिसके अधार पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदापुर तथा थाना प्रभारी आदापुर से संपर्क कर एक संयुक्त टीम का गठन कर ग्राम औरैया में संबंधित आरोपी के घर पर छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान घर से अवैध रूप से भंडारित यूरिया खाद की 43 बैग (कुल मात्रा लगभग 1,935 किग्रा) बरामद की गई। बरामद खाद को प्रखंड कृषि पदाधिकारी कार्यालय, आदापुर के निदेर्शानुसार विजय कुमार गुप्ता स्टोर को सुपुर्द किया गया है। कृषि समन्वयक सह -उर्वरक निरीक्षक मो. अनवर द्वारा आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हेतु आदापुर थाने में लिखित प्राथमिकी दर्ज कराई गई।



### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बाजार व मंदिरों में आकर्षक सजावट व श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को माखनचोर, श्रीमद्भागवत गीता के महान उपदेशक भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन जन्माष्टमी पर दनियावां के 33 राजस्व गांवों के 6 पंचायतों में श्रद्धालुओं ने उपवास कर उनकी पूजा अर्चना की।शाहजहांपुर के राधा-कृष्ण ठाकुरवाड़ी, सरथुआ के शिवपुरी प्रांगण, कुंडली, निमी, हसनपुर में राधे-कृष्णा की तस्वीरों पर खूब सजावट कर माखन, मिश्री, दही व 5 मिठाई का भोग लगया गया। ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक व चलो चलें कलम की ओर अभियान से जुड़े शिक्षाविद डॉ. रवि रंजन, जीनियस फैक्टरी हिलसा कोचिंग के निदेशक कुमार पवन,नगर परिषद हिलसा के वार्ड 22 की सदस्या सिंधु कुमारी व उनके प्रतिनिधि सामकिज कार्यकर्ता पप्पू कुमार ने राधा-कृष्ण मंदिर में मुरलीधर कान्हा की आराधना की। उधर,राजद के मुख्य प्रवक्ता व महागठबंधन के पूर्व हिलसा विधायक श्री अत्रिमुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव दिन भर श्रीकृष्ण भक्ति में सपरिवार सराबोर दिखे।वे हिलसा में 2025 तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर समारोह का आयोजन कर हिलसा वासियों को राधा-कृष्ण भक्ति में मंत्रमुग्ध कर दिया था।उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण एक महापुरुष, योगी,सुदर्शन चक्र धारी और महान गोपालक व उपासक थे।भारतीय संस्कृति के वे महान नायक थे।हिलसा के वरीय पत्रकार व बाबा अभयनाथ मंदिर के सचिव प्रो0 कमल किशोर प्रसाद ने मंदिर में स्थापित राधा-कृष्ण की प्रतिमा पर 1000 भक्तों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना की।स्कूली बच्चों ने भी राधा-कृष्ण के बाल रूप का अभिनय किया।अनायरा श्री ने हिलसा में दीपशिखा, शिवानी व नीतू नयन व अविरल की उपस्थिति में अपना परफॉर्मेंस दिया।



### 342 बेटिकट यात्री पकड़े गए, 2,83740 हजार जुर्माना वसूला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड पर शुक्रवार की सुबह पुनपुन स्टेशन पर चलाए गए सघन टिकट चेकिंग अभियान में 342 बेटिकट और अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए। इनसे जुर्माने के रूप में 2,83749 हजार रुपये रेल राजस्व वसूला गया।वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में यह अभियान सुबह 6 से 10 बजे तक चलाया गया। इसके लिए वाणिज्य विभाग की 19 टीटीई की टीम और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन 'लाल गाड़ी' के साथ पुनपुन स्टेशन पर जांच की। अभियान का असर पूरे रेलखंड पर दिखा। परसा बाजार, पुनपुन घाट, जटडुमरी, तारेगना, जहानाबाद समेत सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। हर स्टेशन पर टिकट बिक्री में प्रत्यक्ष वृद्धि दर्ज की गई। रेल प्रशासन ने बताया कि बिना टिकट और अनियमित यात्रा के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### 'चिकित्सा आपके द्वार' जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के प्रत्येक नागरिक तक सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने और गंभीर बीमारियों के प्रति जन - जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की गई। जिला स्वास्थ्य समिति, सदर अस्पताल परिसर से जिला गैर संचारी पदाधिकारी द्वारा 'जांच एवं उपचार, चिकित्सा आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत विशेष जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला के स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह जन जागरूकता रथ आगामी 01 महीने तक जिले की सभी पंचायतों और ग्रामीण इलाकों का लगातार भ्रमण करेगा। इस रथ का मुख्य उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित जाँच तथा सही समय पर उपचार कराने के प्रति जागरूक करना है। इस रथ द्वारा जागरूकता अभियान को प्रभावी और रोचक बनाने के लिए इस वाहन में आधुनिक ऑडियो-विजुअल (प्रोजेक्टर/एलईडी) की व्यवस्था की गई है। रथ के माध्यम से पंचायतों में लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इन फिल्मों के जरिए आमजनों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण, उनसे बचाव, मुफ़्त डॉक्टरी जांच और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।



# बाढ़ की आशंका को लेकर सारण में प्रशासन अलर्ट, कई प्रखंडों में अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## सारण में संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी, राहत-बचाव की तैयारियां पूरी रखने का निर्देश

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर गुरुवार को विभिन्न प्रखंडों के बाढ़ प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों का अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान जलस्तर, आवागमन, तटबंधों की स्थिति और राहत संसाधनों की उपलब्धता का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। छपरा सदर प्रखंड के कोटवा पट्टी रामपुर, बरहरा, मांझी, रायपुर एवं बिनगांव के अलावा दिघवारा के अकिलपुर, गरखा के मौजमपुर, इटवा एवं श्रीपाल बसंत, रिविलगंज के दलिया एवं रहीमपुर तथा सोनपुर प्रखंड के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से भी उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को सामुदायिक रसोई, ऊंचे स्थलों पर आश्रय स्थल, पर्याप्त राहत सामग्री, सुरक्षित नाव परिचालन, पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।



**राहत सामग्री और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध**

आपदा की स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाने के लिए सोनपुर अंचलाधिकारी को 1,000 तथा दिघवारा अंचलाधिकारी को 500 पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराई गई हैं। सोनपुर को एक महाजाल, 25 लाइफ जैकेट और 15 लाइफ बॉय दिए गए हैं। इसके अलावा छपरा सदर को 20 लाइफ जैकेट व 18 लाइफ बॉय, दिघवारा को 20 लाइफ जैकेट व 15 लाइफ बॉय, गरखा को 20 लाइफ जैकेट व 15 लाइफ बॉय तथा रिविलगंज को 20 लाइफ जैकेट व 15 लाइफ बॉय उपलब्ध कराए गए हैं।

**56 नावों का कराया जा रहा परिचालन**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के आवागमन और आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित निकासी के लिए विभिन्न प्रखंडों में कुल 56 नावों का परिचालन किया जा रहा है। इनमें सोनपुर में 25, छपरा सदर में 16, दिघवारा में 9 और रिविलगंज में 6 नावें शामिल हैं। प्रशासन ने आवश्यकता के अनुसार नावों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया है।

**डीएम और एसएसपी ने सोनपुर में किया निरीक्षण**

रिविलगंज में अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन एवं सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। छपरा सदर में अपर समाहर्ता, विधि-व्यवस्था ने स्थिति का जायजा लिया, जबकि दिघवारा में अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन एवं सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने संयुक्त निरीक्षण किया। वहीं सोनपुर में जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से विभिन्न बाढ़ प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा जरूरत पड़ने पर लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखने और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी तैयारियां पूर्ण रखने को कहा है। डीएम ने स्पष्ट किया कि बाढ़ प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा तथा उन्हें समय पर राहत और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद में आगे आई जीविका दीदियां, राहत सामग्री पैकिंग में किया श्रमदान



**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों तक आवश्यक खाद्य एवं खान-पान सामग्री पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे राहत कार्यों में जीविका दीदियां भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं। इसी क्रम में सारण जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से जुड़ी जीविका दीदियों ने राहत सामग्री की पैकिंग में श्रमदान कर आपदा राहत कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित इस कार्य में कुल 42 जीविका दीदियां सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रही हैं। दीदियों द्वारा राहत सामग्री को व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से पैक किया जा रहा है, ताकि बाढ़ प्रभावित परिवारों तक आवश्यक सामग्री समय पर पहुंचाई जा सके। राहत कार्य के दौरान जीविका की जिला स्तरीय टीम एवं प्रखंड कर्मियों द्वारा भी सक्रिय सहयोग किया जा रहा है। मौके पर जिला से प्रबंधक सूक्ष्म वित्त मनोज कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी बबीता कुमारी, छपरा सदर प्रखंड परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार एवं क्षेत्रीय समन्वयक संजय कुमार सहित प्रखंड के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में जीविका दीदियों का आगे आकर राहत कार्यों में श्रमदान करना उनकी सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक भावना को दशार्ता है। जिला प्रशासन के सहयोग से चल रहे इस कार्य में दीदियां पूरी तत्परता और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभा रही हैं।

## सांसद ने तलवारबाजी मैच का उद्घाटन कर खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत खेल प्रतिभाओं को तराशने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से 'संसद खेल महोत्सव' का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि सांसद राधा मोहन सिंह ने तलवारबाजी खेल स्पर्धा का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया तथा खिलाड़ियों का मैच शुरू करवाकर उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने युवाओं और खेल के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। संसद खेल महोत्सव का उद्देश्य गांव और कस्बे से निकलने वाली ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है। आज तलवारबाजी जैसे साहसिक खेल में हमारे खिलाड़ियों का जोश देखकर मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे क्षेत्र के युवा आने वाले समय में देश का नाम रोशन करेंगे। हम अपने क्षेत्र में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार, आधुनिक सुविधाओं और खिलाड़ियों को हर संभव प्रोत्साहन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। जब हमारे खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं, तो वे केवल खेल नहीं खेलते, बल्कि एक सशक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल विधाओं यथा-तलवारबाजी, कैरम, शतरंज, कुश्ती, थाग-टा, वॉलीबॉल, एथलेटिक,वुशु, भरोतोलन, टेबल टेनिस, जूडो, साइकलिंग और कबड्डी की प्रतियोगिताएं 08 अक्टूबर 2026 तक लगातार आयोजित की जाएगी, जिसमें सैकड़ों स्थानीय खिलाड़ी भाग लेंगे। इस उद्घाटन समारोह में लालबाबू प्रसाद गुप्ता उप महापौर नगर निगम, जिला खेल पदाधिकारी विकास कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना शिक्षा विभाग, राकेश सिंह एवं रोचक झा समाजसेवी,विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, शारीरिक शिक्षा शिक्षक, तलवारबाजी के तकनीकी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## दिव्य अनुभूति भवन में गूंजी कृष्ण जन्म की बधाइयां, सजी जीवंत झांकी

### राधा - कृष्ण के रूप में बच्चों ने मन मोहा, मक्खन-मिश्री का लगा भोग; बीके मनोरमा दीदी ने बताया कृष्ण जैसा बनने का आध्यात्मिक रहस्य



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्रह्माकुमारी दिव्य अनुभूति भवन, केसरिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्य अनुभूति भवन को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा श्रीकृष्ण की मनमोहक एवं जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। समारोह में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर रासलीला प्रस्तुत की, जिसे देखकर उपस्थित भाई-बहन एवं जिज्ञासु भाव-विभोर हो उठे। कृष्ण के रूप में कोमल तथा राधा के रूप में अंशु की चैतन्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं अनन्या द्वारा बाल गोपाल कृष्ण के रूप में प्रस्तुत रासलीला ने भी सभी का मन मोह लिया। बच्चों की सहज प्रस्तुति और झांकी में दिखाई गई जीवंतता ने पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया। सेवा केंद्र प्रभारी बीके मनोरमा दीदी की योग शक्ति एवं मार्गदर्शन से निर्मित दिव्य अनुभूति भवन को जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण की आरती की गई, उन्हें झूले पर झुलाया गया तथा उपस्थित लोगों के बीच मक्खन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर केक कटिंग भी की गई। समारोह को संबोधित करते हुए सेवा केंद्र प्रभारी बीके मनोरमा दीदी ने कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक धार्मिक पात्र नहीं, बल्कि सतयुग की पवित्रता, सर्वगुण सम्पन्नता और दिव्य जीवन के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम भी 16 कला संपूर्ण और सर्वगुण सम्पन्न बनना चाहते हैं तो इसके लिए जीवन को संपूर्ण पवित्र बनाकर ध्यान-योग और परमात्मा स्मृति के माध्यम से श्रेष्ठ बनाना होगा। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण सतयुग के प्रथम राजकुमार माने जाते हैं। उनके जैसा श्रेष्ठ जीवन प्राप्त करने के लिए हमें ज्ञान रूपी माखन का सेवन करते हुए परमात्मा को याद करना होगा। ज्ञान और योग के माध्यम से जीवन में पवित्रता एवं श्रेष्ठ संस्कारों को धारण करने से मनुष्य अपने जीवन को दिव्य बना सकता है।जन्माष्टमी समारोह में बड़ी संख्या में भाई-बहन, गणमान्य अतिथि एवं जिज्ञासु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विपिन भाई, रामनाथ भाई, सुधीर भाई, विवेक भाई, सृष्टि बहन, अंजू बहन, शिक्षा बहन, मनी माताजी, सरोज बहन, मीरा बहन, बेबी बहन, पूजा बहन, पवन भाई सहित अनेक लोगों की सक्रिय सहभागिता रही। समारोह के दौरान भक्ति, आध्यात्मिकता और बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से दिव्य अनुभूति भवन का वातावरण पूरी तरह कृष्णमय बना रहा।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विविध धार्मिक अनुष्ठान, मंदिरों में गूंजे भजन-कीर्तन

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गर पंचायत एकमा बाजार व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। मंदिरों व मठों में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक भक्ति और उल्लास के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान अखंड अष्टयाम, हवन-पूजन, भजन-कीर्तन व प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड संख्या-13 अंतर्गत राजापुर गांव स्थित चौबाह बाबा स्थान परिसर में सामूहिक स्वर में 24 घंटे के सार्वजनिक अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया। धार्मिक एवं सामाजिक अनुष्ठान में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकताओं तथा गणमान्य लोगों ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य जनकल्याण, क्षेत्र में अमन-चैन तथा सामाजिक सौहार्द और गंगा-जमुनी संस्कृति को मजबूत करना है। एकमा ब्लॉक रोड स्थित एक घर में बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की आकर्षक झांकी सजाई। इसमें कृतिका सिंह और उनके छोटे भाई आदर्श ने श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी प्रस्तुत की। वहीं गोपाली में श्रीकृष्ण के बाल रुप की झांकी देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ जुटी। रात्रि में क्षेत्र के विभिन्न मठ-मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्म के बाद श्रद्धालुओं ने सोहर गायन कर खुशियां मनाई। एकमा और रसूलपुर थाना परिसर के अलावा रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ एवं जीआरपी जवानों ने भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। छपरा सदर एसडीपीओ-2, एकमा प्रेमचंद सिंह ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पारंपरिक रीति रिवाज के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। विशेष रूप से कोपा थाना क्षेत्र में इस अवसर पर विशेष आयोजन व पूजा-अर्चना संपन्न हुई। वहीं मांझी प्रखंड के भजौना-नचाप पंचायत अंतर्गत नचाप गांव स्थित श्री दुर्गा-शिव-राम-जानकी-हनुमान मंदिर परिसर में ग्रामीणों के सहयोग से 24 घंटे का सार्वजनिक अखंड अष्टयाम आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन-पूजन के बीच शनिवार को अष्टयाम संपन्न होगा। समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नगर पंचायत एकमा बाजार क के हंसराजपुर स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्तिमय वातावरण में 24 घंटे के अखंड अष्टयाम का शुभारंभ किया गया। परसागढ़ स्थित प्रसादीनाथ मठ सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों और घरों में भी जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।





## रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव




**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के नचाप गांव स्थित रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। रंग-बिरंगे फूलों, झांकियों, गुब्बारों एवं अन्य सजावटी सामग्री से विद्यालय परिसर को मनमोहक रूप दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण एवं माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भजन, प्रार्थना, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा एवं ग्वाल-बाल के आकर्षक रूप धारण कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। स्कूल में कक्षा 2 के छात्र आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनकी बाल लीलाओं पर आधारित सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं नाटिका भी प्रस्तुत की। माखन चोरी, गोकुल की बाल लीलाएं तथा श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता जैसे प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## सहमति से बने संबंध को दुष्कर्म नहीं माना जा सकता, झारखंड हाई कोर्ट ने प्राथमिकी की निरस्त

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एके चौधरी की अदालत ने शादी का वादा कर करीब सात साल तक शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में दर्ज दुष्कर्म के मामले को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि मामले के तथ्यों से प्रथमदृष्ट्या दोनों के बीच सहमति से संबंध होने की स्थिति सामने आती है। अदालत ने आरोपित लालू महथा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी, गिरिडीह के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा 16 अगस्त 2024 को लिए गए संज्ञान आदेश सहित पूरी आपराधिक कार्यवाही को निरस्त कर दिया। मामला गिरिडीह महिला सदर थाना से जुड़ा था। पुलिस ने जांच के बाद लालू महथा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। शिकायत के अनुसार, दोनों की मुलाकात वर्ष 2016 में एक शादी समारोह में हुई थी। मोबाइल नंबर के आदान-प्रदान के बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हुआ। महिला का आरोप था कि लालू महथा ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जो करीब सात वर्षों तक जारी रहे। शादी के लिए दबाव बनाने पर वह टालमटोल करता रहा।

## इंडोनेशिया में बिहार की ज्ञान परम्परा का प्रतिनिधित्व करेंगे महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. प्रसून दत्त सिंह

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह आगामी 13वें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सोशल साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज, 2026 में बिहार की ज्ञान-परम्परा, विशेषकर पारम्परिक ज्ञान और जैव-विविधता संरक्षण पर आधारित अपने शोध-पत्र का वाचन करेंगे। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 7-8 सितम्बर, 2026 को बाली, इंडोनेशिया में आयोजित होगा। प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने बताया कि आज विश्व स्तर पर इंडिजिनस नॉलेज सिस्टम्स, इंडियन नॉलेज सिस्टम्स, पर्यावरण संरक्षण, बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन, क्लाइमेट चेंज तथा सस्टेनेबिलिटी जैसे विषय वैश्विक विमर्श के केंद्र में हैं। ऐसे समय में बिहार की पारम्परिक ज्ञान-परम्परा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना न केवल भारतीय ज्ञान-परम्परा की समृद्धि को रेखांकित करेगा, बल्कि बिहार की सांस्कृतिक विरासत, लोकपरम्परा और प्रकृति-केंद्रित जीवन-दृष्टि को भी वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। प्रो. सिंह अपने शोध में इस बात को भी रेखांकित करेंगे कि स्थानीय समुदायों के पारम्परिक ज्ञान में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की ऐसी अवधारणाएँ निहित हैं, जो आज के वैश्विक समाज के लिए भी प्रासंगिक हैं। इसलिए, भारतीय ज्ञान-परम्परा जैसे विषय आज की आवश्यकता हैं। इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं नीति-निमार्ता सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी के समकालीन विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।संस्कृत भाषा एवं साहित्य और भारतीय ज्ञान-परम्परा के ख्यातिलब्ध विद्वान प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने 15 मौलिक पुस्तकों एवं 70 से अधिक शोध-पत्रों का सृजन एवं प्रकाशन किया है। उन्होंने विभिन्न संगोष्ठियों, कार्यशालाओं एवं वैचारिक सभाओं को भी संबोधित किया है। वे दो प्रतिष्ठित शोध-पत्रिकाओं-दृष्टिकोण एवं मतादर्श के संपादक भी हैं। प्रो. सिंह मॉरिशस विश्वविद्यालय की सीनेट द्वारा चयनित बाह्य विशेषज्ञ के रूप में संस्कृत विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे बिहार के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में महामहिम राज्यपाल द्वारा नामित सदस्य के रूप में सम्बद्ध हैं। प्रो. सिंह सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान और संस्कृत भूषण सम्मान से भी सम्मानित हैं तथा संस्कृत भाषा के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा पेटेंट भी प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त तीन शोध परियोजनाओं को भी इन्होंने पूरा किया है। सम्प्रति भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा वित्तपोषित वृहत शोध परियोजना, जिसका शीर्षक 'संस्कृतवाङ्मय में प्रतिबिम्बित भारत की सांस्कृतिक-धार्मिक विरासतः अतीत से वर्तमान तक' है, पर शोध कार्य में संलग्न हैं। भारत के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, जैसे बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और अन्य विश्वविद्यालयों में भी वे विषय-विशेषज्ञ के रूप में जुड़े हुए हैं। प्रो. सिंह का बाली, इंडोनेशिया के ऐसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय और बिहार का प्रतिनिधित्व करना विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध-परम्परा तथा वैश्विक अकादमिक उपस्थिति को सुदृढ़ करने का एक महत्त्वपूर्ण अवसर है। यह महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की भारतीय ज्ञान-परम्परा, लोक-अध्ययन, जनजातीय अध्ययन तथा मानविकी एवं समाज विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे गुणवत्तापूर्ण शोध को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने में सहायक सिद्ध होगा। गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर प्रो. प्रसून दत्त सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंचों पर विश्वविद्यालय के शिक्षक भारतीय ज्ञान-परम्परा, बिहार की सांस्कृतिक विरासत तथा स्थानीय समुदायों के अनुभवजन्य ज्ञान को वैश्विक विमर्श से जोड़ने का महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रो. सिंह का शोध विश्वविद्यालय के साथ-साथ बिहार की समृद्ध लोकज्ञान परम्परा को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में सहायक होगा। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षकों ने भी शुभकामना संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरवान्वित होने का क्षण है ।



## एक नजर

### भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के प्रदेश सचिव एवं औरंगाबाद निवासी महेन्द्र प्रसाद ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म, कर्म और मानवता का संदेश देता है। जन्माष्टमी का पर्व हमें उनके आदर्शों को अपनाने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारा बढ़ाने की प्रेरणा देता है। श्री प्रसाद ने लोगों से पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने तथा भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने सभी के सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

### सेवानिवृत्त शिक्षिका अद्या देवी को दी गई श्रद्धांजलि

**औरंगाबाद**। शहर के युगल मध्य विद्यालय, बिराटपुर में शोकसभा आयोजित कर सेवानिवृत्त शिक्षिका अद्या देवी को श्रद्धांजलि दी गई। उनका निधन 2 सितंबर की रात हो गया था। शोकसभा में वक्ताओं ने कहा कि अद्या देवी कुशल शिक्षिका, विदुषी और मृदुभाषी व्यक्तित्व की धनी थीं। हिंदी साहित्य एवं संस्कृत पर उनकी मजबूत पकड़ थी। उन्होंने विद्यालय में 23 वर्षों तक सेवा दी और मार्च 2018 में सेवानिवृत्त हुई थी। उनके पति प्रो. गोपाल मिश्रा कोडरमा कॉलेज में प्राचार्य रहे हैं। उनके ससुर पंडित बलदेव मिश्रा प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य थे। उनके एक पुत्र चतरा, झारखंड में सरकारी पीपी एडवोकेट के पद पर कार्यरत हैं, जबकि दूसरे पुत्र औरंगाबाद हाई स्कूल में संस्कृत शिक्षक हैं। विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नरोत्तमा कुमारी, संगीता सिंह, उषा देवी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई।

### धूमधाम से मनाई गयी जन्माष्टमी



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव विभिन्न तरीकों से लोगों के द्वारा मनाया गया। पूजा अर्चना की गई। विद्यालयों में बच्चों को राधा कृष्ण बनाकर उत्सव मनाया गया। विवेकानंद चाइल्ड गार्डन सेंटर में अयांश राज व भूमि सिंह कश्यप राधा कृष्ण की भूमिका में काफी मनोरम लगे। संस्था के प्राचार्य सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों की प्रस्तुति काफी आकर्षक रही। उत्साह पूर्वक बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। इधर बाजार में काफी रौनक रहा। राधा कृष्ण के साज सज्जा के लिए काफी प्रकार के वस्त्र व अन्य श्रृंगार की सामग्री की बिक्री हुई। आधी रात को उत्सव मनाने के लिए काफी तैयारी की गई है।

### कार से 408 लीटर शराब बरामद, तस्कर फरार

**अंबा (औरंगाबाद)**। शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में माली थाना पुलिस ने गुरुवार की देर रात पड़रिया रोड स्थित शिव मंदिर के समीप घेराबंदी कर एक कार से 408 लीटर झारखंड निर्मित देशी शराब बरामद की। हालांकि, पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब की खेप कार से ले जाई जा रही है। इसके बाद टीम ने शिव मंदिर के पास घेराबंदी की। संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक व अन्य धंधेबाज वाहन छोड़कर भाग निकले। तलाशी में 'रॉयल झारखंड देशी शराब' के 51 कार्टून मिले। प्रत्येक कार्टून में 200 एमएल के 40 पाउच थे। पुलिस ने शराब व कार जब्त कर ली है। बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन, कम कीमत पर मिलेंगी दवाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)** । शहर के महाराजगंज स्थित बढ़ई गली में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को विधायक प्रमोद कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ. संतोष सिंह, सुनील सिंह, रामलायक सिंह, केंद्र संचालक लवकेश कुमार एवं उपमुखिया नंद किशोर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह केंद्र खोला गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण दवाएं बाजार की तुलना में कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाती हैं। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रफीगंज विधानसभा क्षेत्र को भगवान श्रीकृष्ण की कृपा एवं आशीर्वाद प्राप्त हो और क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहे। इस दौरान वार्ड संख्या 14 में नल-जल की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने विधायक के समक्ष शिकायत रखी। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल दूरभाष के माध्यम से संबंधित ठेकेदार से बात की और समस्या को अविलंब ठीक कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल के लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। केंद्र के संचालक लवकेश कुमार ने बताया कि केंद्र पर विभिन्न प्रकार की अंग्रेजी दवाएं बाजार की कीमत से करीब 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इससे आम लोगों को इलाज के दौरान दवाओं पर होने वाले खर्च में राहत मिलेगी। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत कुमार, पंचायत समिति सदस्य डॉ. गोपाल प्रसाद, वार्ड सदस्य प्रभात कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बैंकिंग सुविधा का हुआ विस्तार, बीओआइ की खुली शाखा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । भखरुआं में औरंगाबाद रोड स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा का उद्घाटन एसडीओ अमित राजन ने किया। इस अवसर पर ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र भी मौजूद रहे। बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक एसबी साहनी, गया के आंचलिक प्रबंधक अभय कुमार झा, उप प्रबंधक विवेक सिन्हा, शिक्षाविद् सुरेश कुमार गुप्ता, आनंद प्रकाश, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, राजन कुमार आर्य एवं भरत आर्य उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत शाखा प्रबंधक श्रवण कुमार ने किया। बताया गया कि यह औरंगाबाद जिले में बैंक ऑफ इंडिया की पांचवीं शाखा है। इससे पहले जिले में रफीगंज, औरंगाबाद, ओबरा एवं मनिका में बैंक ऑफ इंडिया की शाखाएं संचालित हैं।

शाखा प्रबंधक श्रवण कुमार ने कहा कि नई शाखा के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर से बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। शाखा में बचत खाता, चालू खाता, सावधि जमा (एफडी) सहित विभिन्न प्रकार के ऋण की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें बेहतर सेवा प्रदान करना शाखा की प्राथमिकता होगी।

## पंचायत चुनाव के परिसीमन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसपुरा**। पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत परिसीमन कार्य को लेकर शुक्रवार को हसपुरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभाकक्ष में बीडीओ पंकज कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मियों को परिसीमन की प्रक्रिया और कार्य की समय-सीमा की विस्तृत जानकारी दी गई।बैठक में बीईओ रंजीत कुमार, परिसीमन इंट्री ट्रेनर ओम प्रकाश एवं बीएलओ ट्रेनर नीरज कुमार ने कर्मियों को परिसीमन की तैयारी से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताया गया कि बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायतों का परिसीमन किया जाना है। ट्रेनर ओम प्रकाश ने बताया कि सभी राजस्व गांवों के नक्शे परिसीमन ऐप पर अपलोड करने के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। राजस्व गांव के नक्शे के आधार पर निर्धारित नौ बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए उत्तर से दक्षिण दिशा में परिसीमन का कार्य किया जाना है। इस कार्य को पूरा करने की अंतिम तिथि 11 सितंबर निर्धारित की गई है। बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि परिसीमन कार्य में लगे सभी कर्मी पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने बताया कि राजस्व गांवों को नौ भागों में विभक्त किया गया है। निर्धारित निर्देशों के अनुसार कार्य करने पर परिसीमन की प्रक्रिया समय पर पूरी कर ली जाएगी। परिसीमन कार्य में किसी तरह की परेशानी होने पर कर्मियों की सहायता के लिए प्रखंड कार्यालय में नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष की जिम्मेदारी आईटी सहायक ओम प्रकाश, कार्यपालक सहायक नीलम कुमारी और डाटा इंट्री ऑपरेटर रानी रंजना कुमारी को दी गई है। बैठक में पंचायत सचिव, हल्का कर्मचारी, विकास मित्र, आवास सहायक, किसान सलाहकार, कार्यपालक सहायक, रोजगार सेवक सहित अन्य प्रखंड कर्मी एवं बीएलओ ट्रेनर मौजूद रहे।

## बंधन प्लेस में समाज सेवा समिति ने मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के बंधन प्लेस में समाज सेवा समिति बिहार की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन समाज सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. तुलसी यादव ने किया।

पूजा-अर्चना के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से भगवान श्रीकृष्ण को पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सोमप्रकाश कुमार, संजय सिंह यादव कॉलेज के अध्यक्ष संजय सिंह यादव, टुनटुन खान, रंजीत कुमार, कैफ खान, बबलू यादव, सशीद अंसारी, डॉ. रंजीत यादव, डॉ विकास कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर रिदम डांस अकादमी की ओर से मीनाक्षी कुमारी, आदित्य कुमार एवं अन्य कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की आकर्षक झांकी एवं नृत्य प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में संयोजक पप्पू यादव, प्रिंस राज, सचिव रौशन कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता बृजेश यादव, संरक्षक सीधी यादव, दिनेश यादव, किशोरी मोहन यादव, विष्णु देव यादव, रंजीत दास, लड्डू खान, सुधीर चंद्रवंशी एवं कृष्णदेव पासवान सहित अन्य शामिल हुए।

## स्वास्थ्य शिविर में एक हजार से अधिक ने कराई सेहत की जांच



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के तुलसी बिगहा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर श्रीकृष्ण सामाजिक सेवा संघ द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह से ही शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग आने लगे थे, बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित अन्य मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और दवाइयां प्राप्त किया। शिविर में औरंगाबाद और गया जिले से आए दर्जनों विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की बीपी, शुगर, हृदय रोग, हड्डी, चर्म, महिला एवं बाल रोगों की जांच की। जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। महोत्सव के सरंक्षक अजय यादव व अध्यक्ष दीपक दिनकर ने बताया कि महोत्सव के माध्यम से सेवा का संदेश देना ही मुख्य उद्देश्य है। सभी ने इस पुनीत पहल की सराहना की और इसे हर वर्ष आयोजित करने की मांग की। इस मौके पर डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. रणविजय कुमार सिन्हा, डॉ. कौशलेन्द्र कुमार, डॉ. अमरेन्द्र कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. रामानुज कुमार, डॉ. पिन्टू कुमार, डॉ. रवि रंजन, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. कमलेश राय, डॉ. प्रेमलाल यादव, डॉ. उपेन्द्र यादव, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. लालमोहन सिंह, डॉ. लक्कू कुमार, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. प्रकाश चन्द्र, डॉ. संजीत कुमार, डॉ. विकाश कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. राजू कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## विदाई समारोह में एसडीपीओ के कार्यों की सराहना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । एसडीपीओ रहे अशोक कुमार दास के स्थानांतरण के बाद कई जगह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। भखरुआं औरंगाबाद रोड स्थित अरविंद हॉस्पिटल में गुरुवार की देर शाम उनको विदाई दी गई। इस पद पर रहते हुए दाउदनगर की पुलिसिंग में उनके द्वारा दिए गए योगदान की चर्चा की गई। उनके कार्यों और व्यवहार कुशलता की सराहना की गयी। इस कार्यक्रम में अस्पताल के संचालक डॉ. अरविंद कुमार सिंह, भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, जेडीयू जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह चंद्रवंशी, मार्कण्डेय कुमार, ब्रजेश तिवारी, भाजपा नेता राकेश पांडेय, दिनेश कुशवाहा, सोनू तिवारी, संतोष कुमार, अरविंद यादव, मनोज कुमार सिंह, सुमित पांडेय उपस्थित रहे। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी दाउदनगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक द्वारा उनके सरकारी आवास पर इनके अच्छे कार्यकाल की बधाई दी गयी। अंगवस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। श्री पाठक ने बताया कि अशोक कुमार दास लॉ एंड ऑर्डर, बेहतर पुलिसिंग, कानूनी कार्यवाही से जनता के बीच समन्वय स्थापित किए। जनता के विश्वास को जीता। जनता के हित में इनका बहुत ही अच्छा सहयोग रहा है।

## शिक्षकों के कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं रामाकांत सिंह

डॉ. उपेंद्र कश्यप/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । रेपुरा निवासी शिक्षक रामाकांत सिंह शिक्षकों के कल्याण करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। प्रखंड में शायद ही कोई ऐसा शिक्षक हो जिनको दस्तावेजी कार्य की जरूरत हो और वे उनकी मदद करने को तत्पर खड़े ना हों। लगातर शिक्षकों की सेवा करते रहे हैं, बिना किसी स्वार्थ के। वे परमारथ कार्य से भी जुड़े हुऐ हैं। सत्संगी भी हैं। सत्संग के मध्यम से जहां कर सेवा करते हैं वहीं अपने पिता योगेश्वर बाबू की पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष गरीबों के बीच वस्त्र वितरण तो कभी निश्शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर आम गरीबों की मदद करते हैं। प्रशासन में भी उनकी मर्यादा काफी है। किसी भी प्रकार का चुनाव का कार्य हो, अनुमंडल प्रशासन से लेकर नगर निकाय प्रशासन के अधिकारी उनकी सेवा लेते हैं। मुख्यलय में उनको किसी भी प्रकार के निर्वाचन व जनगणना कार्य के लिए पहली पसंद माना जाता है। इस क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता है। बताते हैं कि उनके पिताजी शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। इसी दौरान उनकी मृत्यु पांच जुलाई 1983 को हो गई।

असमय परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया था। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हो गया। उस समय वे नौवीं कक्षा के छात्र थे। नौकरी करना लाचारी थी। मैट्रिक की परीक्षा 1985 में उतीर्ण होने के उपरांत अनुकंपा के आधार पर 12 सितंबर 1986 को शिक्षक बने। पिता यूगेश्वर सिंह समाजवादी के साथ ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे। उनके दरवाजे पर बड़े-बड़े राजनीतिज्ञों के साथ-साथ आसपास के बुद्धजीवियों का जमावड़ा लगा रहता था। रामाकांत सिंह बताते हैं पिता जी वेतन का पैसा लाकर घर में दे देते थे और खर्च के लिए मांग कर अपना खर्च चलाते थे। करीब 30 सदस्यीय संयुक्त परिवार था। सब मिलकर विकास के लिए प्रयास करते थे। एक भाई रविकांत फिल्म उद्योग में डायरेक्टर, प्रोड्यूसर व लेखक बने। कई धारावाहिक और फिल्में बनाया। छोटा भाई शशि भूषण भारत सरकार में टेक्सटाइल विभाग में सेक्रेटरी है। वह भारतीय रेल सेवा का अधिकारी है। रामाकांत सिंह का एक बेटा रेलवे में सेक्शन इंजीनियर तो दूसरा आईआईटी पास करने के बाद वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी अमेरिका से मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त कर अमेरिका में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। रामाकांत सिंह लगातार शिक्षक प्रशिक्षण से जुड़े रहे। प्रखंड गोह में 2003 से2007 तथा दाउदनगर में 2008 से 2013 तक प्रखंड साधन सेवी रहे। प्रखंड के हजारों शिक्षक के साथ समन्वय बनाना, प्रशिक्षण देना, अकादमिक अनुसमर्थन करना एक बहुत बड़ा चैलेंज था जिसे किया। 2005 में जिला स्तरीय प्रशिक्षक बने। विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण यथा आपदा प्रबंधन, मासिक, अर्धवार्षिक वार्षिक मूल्यांकन प्रशिक्षण, प्रखंड साधन सेवी, संकुल समन्वयकों का जिला स्तरीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। प्रखंड साधन सेवी एवं संकुल समन्वयकों का प्रशिक्षण देने हेतु नवादा, जहानाबाद, गया जिला मगध प्रमंडल के हरिदास सेमिनरी इंटर विद्यालय में चयन हुआ। साक्षर भारत मिशन के अंतर्गत 2010 में मुख्य स्तोत्र व्यक्ति के रूप में चयन हुआ। जनगणना 1991, 2001, 2011 तथा 2026में मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका में रहे।


## साहित्यकुंज के कवि सम्मेलन में बही भक्ति की धारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर साहित्यकुंज द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े वरिष्ठ एवं युवा रचनाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, बाल लीलाओं और जीवन दर्शन पर आधारित मौलिक रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री शहाना परवीन 'शान' की सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि बोधगया की डॉ. अम्बे कुमारी रही, जबकि अध्यक्षता साहित्यकुंज के प्रधान महासचिव एवं साहित्यकार अरविंद अकेला ने की। संचालन कवि श्रीराम राय ने किया। सम्मेलन में अरविंद अकेला, शहाना परवीन 'शान', शोभेन्द्र पटेल 'राज', घनंजय कुमार बघेल, हीरा सिंह कौशल, राम कुमार प्रजापति, आरती तिवारी, अशोक कुमार शुक्ला, अवध किशोर मिश्र, डॉ. अम्बे कुमारी, आदित्य अविरल और मीनाक्षी सुकुमारन सहित दर्जनों रचनाकारों ने ऑडियो माध्यम से भक्ति रचनाएं एवं भजन प्रस्तुत किए।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण



# बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान

प्राकृतिक आपदा एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित स्थानीय आपदाओं में पशुपालकों के पशुओं की मृत्यु की स्थिति में सरकार द्वारा सहाय्य अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। सहाय्य अनुदान के दावा एवं भुगतान की प्रक्रिया तथा दर निम्नवत है :

## आवेदन एवं भुगतान की प्रक्रिया

1 **पशु मृत्यु के पश्चात् अगर शव प्राप्त हो:**

(क) पशुपालक निकटतम पशु चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दें तथा विहित प्रपत्र (प्रपत्र–क) में आवेदन दें।

(ख) आवेदन मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य/सरपंच/पंच/वार्ड सदस्य द्वारा अग्रसारित होना चाहिये (प्रपत्र–क)। पशु चिकित्सा पदाधिकारी आवेदन अंचलाधिकारी को प्रेषित करेंगे।

(ग) अंचलाधिकारी प्रतिवेदन के अनुसार स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

2. **पशु शव प्राप्ति नहीं होने की स्थिति में:**

(क) पशुपालक स्थानीय थाना में पशु क्षति के संबंध में सनहा/प्राथमिकी दर्ज कराऐं।

(ख) पशुपालक सनहा/प्राथमिकी की प्रति संलग्न कर आवेदन अंचलाधिकारी को देंगे। अंचलाधिकारी राजस्व कर्मचारी/अन्य कर्मी से वास्तविक रूप से पशु क्षति संबंधी जाँचोंपरान्त स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करेंगे (प्रपत्र–ग)।

(ग) अंचलाधिकारी पशु क्षति संबंधी सूचना को ससमय जिला पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे (प्रपत्र–ख/प्रपत्र–ग)। जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक जाँचोपरान्त अभिलेख स्वीकृत कराकर घटना के एक सप्ताह के अन्दर सहाय्य अनुदान का भुगतान किया जायेगा।

3. **अन्य आपदाओं यथा सुखाड़/वज्रपात/अग्निकाण्ड आदि की स्थिति में यथासंभव अन्त्य परीक्षण कराना आवश्यक होगा। बड़ी संख्या में एक ही स्थान में एक ही तरह की परिस्थिति में पशुओं की मृत्यु होने पर रैण्डम रूप से यथासंभव पाँच से दस प्रतिशत पशुओं/मुर्गियों का अन्त्य परीक्षण करते हुए मृत्यु का कारण निर्धारित किया जाएगा।**

टिप्पणी :

1. विहित प्रपत्र–क, ख एवं ग तथा विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया विभागीय वेबसाईट (https://state.bihar.gov.in/ahd), जिला पशुपालन कार्यालय एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है।
2. आवेदन में वांछित विवरण यथा नाम, पता, मोबाईल नं., आधार नं., मृत पशु से संबंधित विवरण, मृत्यु का कारण तथा बैंक खाता का ब्योरा इत्यादि अंकित रहना आवश्यक है।

### बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान की दर

| क्रं. | पशु का प्रकार | राशि प्रति इकाई | अधिकतम अनुमान्य (प्रति परिवार) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **दुग्धकारी पशु** क) गाय/भैंस/ऊँट/याक/मिथुन आदि | 37,500/– | 3 पशु तक सीमित | 1. आर्थिक रूप से उत्पादक पशुओं की वास्तविक क्षति के अनुसार सीमित होगी। 2. किसी अन्य सरकारी योजना से प्राप्त होने वाली सहायता (यथा एवियन इन्फ्लूएन्जा से पक्षियों की मृत्यु या अन्य बीमारियों से मृत्यु) की स्थिति में यह सहाय्य अनुदान देय नहीं होगा। |
| | ख) बकरी/भेंड़/सुकर | 4,000/– | 30 पशु तक सीमित | |
| 2 | **भारवाही पशु** क) बैल/ऊँट/घोड़ा आदि | 32,000/– | 3 पशु तक सीमित | |
| | ख) बछड़ा/खच्चड़/गदहा/टट्टु | 20,000/– | 6 पशु तक सीमित | |
| 3 | **पॉल्ट्री** | 100/– | अधिकतम सीमा 5000/– रूपये | |
| 4 | **घर के साथ संलग्न पशु शेड अग्निकांड हेतु** | 3,000/– | प्रति पशु शेड | |

विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना
स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612–2230942) या
पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612–2226049)
से प्राप्त की जा सकती है।

@BiharDFARD

PR No.- 011087 (Animal)D. 2026-27

# बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर सरकार गंभीर

## वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्तमान बाढ़ की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने, प्रभावित परिवारों तक त्वरित सहायता पहुंचाने तथा संभावित परिस्थितियों के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में औरंगाबाद जिला से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा कुमार, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी समाहरणालय के एनआईसी के सभा कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राज्य में वर्तमान बाढ़ की स्थिति एवं संचालित राहत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के अनुसार राज्य के 17 जिले, 56 प्रखंड/अंचल, 199 पंचायत एवं 456 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रभावित आबादी 7,93,688 तथा प्रभावित परिवारों की संख्या 1,71,688 है। अब तक 1,553 लोगों का सुरक्षित निष्क्रमण कराया गया है। राहत एवं बचाव कार्यों के तहत 55 चिकित्सा शिविर, 35 पशु चिकित्सा शिविर एवं 7 बाढ़ राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन एवं आवश्यकतानुसार सुरक्षित निष्क्रमण के लिए नाव एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था की गई है। राज्य के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। तीन सितंबर तक सामुदायिक रसोई के माध्यम से 67,140 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही राहत कार्यों के लिए पॉलीथीन शीट, सूखा राशन पैकेट सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता एवं वितरण की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुग्रह राहत के रूप में वर्ष 2023 से प्रति परिवार 7,000 की सहायता राशि दिए जाने की व्यवस्था की जानकारी दी गई। यह राशि डीबीटी के माध्यम से लाभुक के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। पात्र परिवारों को निर्धारित समय-सीमा में अनुग्रह राहत का भुगतान सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संभावित बाढ़ एवं आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। जिलास्तर पर उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा आवश्यकता के अनुरूप त्वरित राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के लिए संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रखा गया है। जिले में 12 नावें उपलब्ध हैं, जिनका आवश्यकता के अनुरूप उपयोग किया जा सकता है। साथ ही 2,359 पॉलीथीन शीट उपलब्ध हैं तथा आपदा की स्थिति में प्रभावित परिवारों को आवश्यकतानुसार राहत सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। जिला स्तर पर एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की एक टीम भी उपलब्ध है। जिला प्रशासन द्वारा आपदा की संभावित परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखा जा रहा है। जलस्तर, मौसम एवं अन्य परिस्थितियों पर लगातार निगरानी रखते हुए आवश्यकता के अनुरूप राहत एवं बचाव कार्यों को तत्काल सक्रिय करने की व्यवस्था की गई है। बैठक में आमजनों को बाढ़ एवं जलजमाव की संभावित परिस्थितियों के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। मीडिया, सोशल मीडिया एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को लगातार आवश्यक सावधानियों की जानकारी देने तथा नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से नहीं जाने, तैराकी एवं स्नान से बचने की अपील करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वे आपदा एवं बाढ़ से संबंधित किसी भी सूचना के लिए प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यकतानुसार सभी संबंधित विभागों के माध्यम से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर व्यवसायी और उसके पुत्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामला कुटुंबा थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार स्थित पाठक मार्केट की है। इस दौरान व्यवसायी के बेटे को एक युवक ने दांत से काटकर घायल कर दिया। मारपीट के बाद दोनों युवक देख लेने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो युवक बाइक से स्टेशनरी सामग्री खरीदने के बहाने पाठक मार्केट पहुंचे थे। आरोप है कि दोनों कागज के एक टुकड़े पर मोबाइल नंबर लिखकर एक बालिका को जबरन देने का प्रयास कर रहे थे। बालिका ने इसका विरोध किया जिसके बाद वहां शोरगुल होने लगा। शोर सुनकर मार्केट मालिक और उनके परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवकों की इस हरकत का विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों युवक विजय पाठक और उनके पुत्र से उलझ गए। देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मारपीट के दौरान एक युवक ने अंकित को दांत से काटकर जख्मी कर दिया। इसके बाद दोनों युवक देख लेने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। घटना के बीच बालिका भी मौके से चली गई। घटना से आहत व्यवसायी ने कुटुंबा थाने में लिखित आवेदन देकर मामले में दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को कागज पर लिखा हुआ एक मोबाइल नंबर भी सौंपा है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि घटना को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज और उपलब्ध वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जाएगा।

# कार से 408 लीटर झारखंड निर्मित शराब बरामद, तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अंबा (औरंगाबाद)।** शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में माली थाना पुलिस ने गुरुवार की देर रात पड़रिया रोड स्थित शिव मंदिर के समीप घेराबंदी कर एक कार से 408 लीटर झारखंड निर्मित देशी शराब बरामद की। हालांकि, पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब की खेप कार से ले जाई जा रही है। इसके बाद टीम ने शिव मंदिर के पास घेराबंदी की। संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक व अन्य धंधेबाज वाहन छोड़कर भाग निकले। तलाशी में 'रॉयल झारखंड देशी शराब' के 51 कार्टून मिले। प्रत्येक कार्टून में 200 एमएल के 40 पाउच थे। पुलिस ने शराब व कार जब्त कर ली है। बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# नशामुक्त समाज के लिए सामूहिक भागीदारी का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तत्वावधान में शुक्रवार को नशामुक्ति जागरूकता को लेकर बृहद बभंडी स्थित आश्रय गृह के मैदान में फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन युवाओं एवं आमजनों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य से किया गया। मैच में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक महेशानंद के नेतृत्व में सामाजिक सुरक्षा एवं बाल संरक्षण कोषांग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर खेल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि युवाओं की ऊर्जा एवं प्रतिभा को सकारात्मक दिशा प्रदान करने में खेलकूद की महत्वपूर्ण भूमिका है। नियमित रूप से खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों से जुड़कर युवा न केवल अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं बल्कि शिक्षा, रोजगार, करियर निर्माण एवं सामाजिक विकास में भी प्रभावी योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी उड़ाये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के हामिद नगर मोड़ के समीप बंद एक घर को चोरों ने निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार मकान मालिक राहुल कुमार सपरिवार अपने पैतृक गांव उपहारा थाना क्षेत्र के डहरू बिगहा गए थे। इसी बीच बीते गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर के ताला तोड़कर सोने-चांदी के ज़ेवर, नकद एवं अन्य जरूरी सामग्रियां करीब तीन लाख रूपये की संपत्ति लेकर फरार हो गए। गृह स्वामी को चोरी की जानकारी पड़ोसियों से प्राप्त हुई। सूचना पर पहुंचे गृह स्वामी ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है। गृह स्वामी ने बताया कि बीते दिनों पिता की मौत के बाद परिवार सहित अपने पैतृक गांव डहरू बिगहा चले गए थे। गुरुवार को पड़ोसियों ने उन्हें फोन कर सूचना दिया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है जिसके बाद वह वापस अपने घर हामिद नगर मोड़ आए। जहां उन्होंने देखा की घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने उसके घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नकदी सहित अन्य कई जरूरी सामग्रियां लेकर फरार हो गए। इधर, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही संदिग्धों की जानकारी जुटा रही है। पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# 14 वर्षीया दलित किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला गरमाया

## राजद ने गठित की उच्चस्तरीय जांच कमेटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय दलित किशोरी के साथ चार पहिया वाहन में हाथ-पैर बांधकर किए गए सामूहिक दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले ने तूल पकड़ लिया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए बिहार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान के नेतृत्व में छह सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया है। घटना 30 अगस्त 2026 की है, जब एक गांव निवासी किशोरी दिन में अस्पताल जा रही थी। रास्ते में तीन युवकों ने चार पहिया वाहन से उसका अपहरण कर लिया और चलती गाड़ी में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में कुटुंबा थाने में कांड संख्या 162/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 70(2), पॉक्सो एक्ट (4/6) तथा एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी को भी बरामद कर लिया है। वहीं, मुख्य आरोपी राजू कुमार सिंह उर्फ झुन्नु सिंह ने 4 सितंबर को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपियों ने पीड़िता को धमकाते हुए पूर्व में 21 अन्य लड़कियों के साथ भी ऐसी हरकत करने का अहंकारपूर्ण दावा किया था।

### मेडिकल रिपोर्ट में देरी पर राजद ने जताई साजिश की आशंका

राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पीड़िता की मेडिकल जांच रिपोर्ट सक्षम स्तर पर उपलब्ध नहीं हो पाई है। पार्टी ने आशंका जताई है कि रिपोर्ट में जानबूझकर की जा रही देरी से मामले में घालमेल या साक्ष्यों से छेड़छाड़ हो सकती है। मामले की तहकीकात के लिए गठित समिति 5 सितंबर को औरंगाबाद के लिए रवाना होगी। टीम घटनास्थल का मुआयना करने के साथ-साथ पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात करेगी। इसके अलावा समिति औरंगाबाद के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मिलकर अब तक की कार्रवाई और लंबित मेडिकल रिपोर्ट पर जवाब तलब करेगी तथा अपनी विस्तृत रिपोर्ट पार्टी मुख्यालय को सौंपेगी। जांच समिति में संयोजक पूर्व मंत्री सुरेश पासवान के अलावा विधायक सुवेदार दास, विधायक अमरेन्द्र कुमार कुशवाहा, पूर्व विधायिका समता देवी, पूर्व विधायक सतीश दास तथा राजद के निवर्तमान जिला प्रधान महासचिव अनिल टाईगर को सदस्य बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश महासचिव हरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने जिला प्रशासन से जांच दल को सुरक्षा मुहैया कराने का आग्रह किया है।

# सदर अस्पताल में अव्यवस्था के खिलाफ विधायक ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** खेत में काम करने के दौरान एक युवक को जलीय जहरीले कीड़ ने काट लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। मामला कुटुंबा प्रखंड के दधपा गांव की है। घायल युवक की पहचान दधपा गांव निवासी धनंजय मेहता के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार धनंजय खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान पानी में मौजूद किसी जहरीले जलीय जीव ने उसे काट लिया। कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने तत्काल उसे सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। इलाज के बाद फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। इधर घटना की सूचना पर गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा सदर अस्पताल पहुंचे और घायल धनंजय मेहता व उसके परिजनों से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। विधायक ने अस्पताल में मरीज को हो रही परेशानियों को लेकर कर्मियों के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित चिकित्सक से मुलाकात कर मरीज का बेहतर तरीके से इलाज करने और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। विधायक ने कहा कि सदर अस्पताल में कई जरूरी संसाधनों और सुविधाओं की कमी है। इसके कारण मरीजों और उनके परिजनों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। कई बार मरीजों की स्थिति गंभीर होने के बावजूद समय पर समुचित ध्यान नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही है, जिसे दूर करने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि बिहार सरकार को सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके और उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

# तीन दिवसीय पलवैया धाम गणिनाथ मेला का शुभारंभ

**पुष्पांकर गुप्ता**



**हाजीपुर।** जिले के महनार प्रखंड के हसनपुर गांव में आज कानू हलवाई समाज के अवतरित महापुरुष बाबा गणिनाथ जी की जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय पलवैया धाम गणिनाथ मेला का शुभारंभ हुआ। राज्य सरकार के पर्यटन, कला व संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित गणिनाथ मेला का उद्घाटन राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल, पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता, अनुसूचित जाति व जनजाति मंत्री लखेन्द्र कुमार रोशन, राज्य बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष सह स्थानीय विधायक उमेश कुशवाहा, छपरा की विधायक छोटी कुमारी एवं जिला परिषद अध्यक्ष आशुतोष कुमार दीपू ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जब समाज शिक्षित होता है, तब वह समाज विकास करता है। ऐसे समाज के प्रतीक बाबा गणिनाथ आज हम सबो के प्रेरणा दायक हैं। उनके सुविचार एवं आदर्श का अनुसरण करने की जरुरत है। तभी सही मायने में बाबा गणिनाथ जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती को एक भव्य मेला के रुप मनाने की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार इसके (मेला) पूरी मदद कर रही है। क्योंकि दिन प्रतिदिन इस मेले की ख्याति बढ़ रही है और बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों और फिर नेपाल से श्रद्धालु एवं पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। ऐसे में सरकार की ओर किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सत बाबा गणिनाथ जी एक महान समाज सुधारक थे और समाज के मार्गदर्शक के रुप में लोगों की सेवा की। आज उनके बताए हुए रास्ते पर समाज के लोगों को चलने की जरुरत है। तभी हमारा समाज विकसित हो सकता है। आने वाली पीढ़ी के लिए बाबा गणिनाथ जी प्रेरणादायक साबित होंगे। कला व संस्कृति मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि बाबा गणिनाथ जी सिर्फ कानू हलवाई समाज के महापुरुष नहीं थे बल्कि सभी के मार्गदर्शक थे। अनुसूचित जाति व जनजाति मंत्री लखेन्द्र कुमार रोशन ने कहा कि महनार के पलवैया की धरती के महापुरुष बाबा गणिनाथ जी आज हम सबों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की जरुरत है। इसके पहले वैशाली के उप विकास आयुक्त कुंदन कुमार ने आगत अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पौधा प्रदान कर अभिनंदन किया। जबकि वैशाली की एडीएम किरण सिंह, महनार के एसडीओ अंकित कुमार, एसडीपीओ प्रवीण कुमार, बीडीओ मुकेश कुमार, महनार प्रखंड प्रमुख नेहा कुमारी, जवाहर प्रसाद, सहदेव साह, सूबेदार नंदकिशोर साहु, सहित जिला एवं स्थानीय प्रशासन के लोग पूरे कार्यक्रम तक में सक्रिय रहे।

# मडवाडीह वाटरफॉल आनंद उठा रहे सैलानी

**नवबिहार टाइम्स, संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में प्रकृति ने कई खूबसूरत नजारों को अपने आगोश में समेट रखा है। इन्हीं प्राकृतिक आकर्षणों में मडवाडीह का वाटरफॉल भी शामिल है। बरसात के मौसम में पहाड़ी क्षेत्र से पानी की धार गिरने लगती है तो यहां का नजारा बेहद मनमोहक हो जाता है। झरने की कल-कल करती धारा और चारों ओर फैली हरियाली लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। बारिश के दिनों में वाटरफॉल को देखने के लिए स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ आने वाले लोग प्राकृतिक नजारे का आनंद लेते हैं और इसकी खूबसूरती को कैमरे में कैद करते हैं। मदनपुर प्रखंड में मौजूद ऐसे कई झरने बारिश के दौरान लोगों के आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। स्थानीय समाचार रिपोर्टों में भी मड़वाडीह वाटरफॉल पर बारिश के मौसम में लोगों की भीड़ जुटने और पिकनिक के लिए लोगों के पहुंचने का उल्लेख किया गया है।

### प्रकृति की गोद में सुकून तलाशते हैं लोग

मडवाडीह वाटरफॉल की खासियत यह है कि यहां पहुंचने के बाद लोगों को शहर की भीड़भाड़ से अलग प्राकृतिक वातावरण का अनुभव मिलता है। पहाड़, जंगल और झरने का मनोरम दृश्य लोगों को आकर्षित करता है।

# नागरमल बाजोरिया पंचतत्व में विलीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



पार्थिव शरीर के भागलपुर पहुंचने पर शोकाकुल परिजनों, गणमान्य लोगों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने स्व बाजोरिया को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

**भागलपुर।** देश के सबसे अनोखे चुनावी योद्धा एवं 'धरती पकड़' के नाम से मशहूर भागलपुर निवासी 96 वर्षीय स्व. नागरमल बाजोरिया का अंतिम संस्कार आज यहां किया गया। स्व. बाजोरिया लंबे समय से बीमार चल रहे थे और पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। गुरुवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली और हमेशा के लिए धरती पर से विदा हो गए। तत्पश्चात शुक्रवार को उनके लंबे समय तक उनका राजनीतिक एवं सामाजिक सफर बड़ा दिलचस्प रहा। उन्होंने अपने जीवनकाल में 280 से अधिक चुनाव लड़े और अपनी अनूठी पहचान बनाई। स्व बाजोरिया ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी, संजय गांधी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे देश के बड़े राजनीतिक दिग्गजों के खिलाफ चुनाव लड़े थे। इसके अलावा राष्ट्रपति पद के लिए साल 1969 में वी.वी. गिरि के खिलाफ और कई दशकों बाद 2012 में प्रणब मुखर्जी के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था (हालांकि 2012 में उनका नामांकन खारिज हो गया था। भ्रष्टाचार के खिलाफ अनोखा संदेश देने के लिए उन्होंने 2005 के बिहार विधानसभा चुनाव में गधों के साथ एक रैली निकाली थी और प्रचार के दौरान हाथ में घड़ी-घंटा लेकर चलते थे।

# निर्विरोध निर्वाचित पैक्स अध्यक्षों प्रमाण पत्र

**मनीगाछी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दो पंचायत में हुई पैक्स चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित पैक्स अध्यक्षों को को बी डी ओ द्वारा निर्वाचन संबंधी प्रमाण पत्र दे दिया गया. जानकारी के अनुसार राघोपुर दक्षिणी पैक्स एवं टटूआर में पैक्स अध्यक्ष एवं सभी प्रबंध कार्य समिति के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित किए गए.राघोपुर दक्षिणी में पैक्स अध्यक्ष के पद पर श्रीनारायण यादव एवं टटुआर पैक्स अध्यक्ष के पद पर पवन कुमार झा निर्वाचित किए गए।

# एसटी-एससी एक्ट सहित अन्य मामलों में 52 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 52 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एसटी-एससी एक्ट में दो, हत्या के प्रयास में छह, मद्य निषेध अधिनियम के तहत छह तथा अन्य मामलों में 38 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 472 लीटर देसी शराब, एक स्कूटी एवं एक कार जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 988 वाहनों की जांच की गई जिसमें 29500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 22 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

## लोगों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में पर्व मनाने का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भगवानपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले एवं धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को भगवानपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने किया। पुलिस बल ने दहिया औगान, रसलपुर, बसही, दामोदरपुर, पासोपुर, भगवानपुर, मेहदौली सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर लोगों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने मेला स्थलों और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण भी किया।थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस पूरी तरह सतर्क है। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा किसी भी तरह की अफवाह या उपद्रव फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस फ्लैग मार्च में एसआई रितेश कुमार, एसआई प्रिया कुमारी, पीएसआई संजय कुमार, एएसआई अभिषेक रंजन, एएसआई अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास और भरोसा बढ़ा है।

## संत पॉल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर बच्चों ने दी प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भक्ति, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने भजन, एकांकी और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सृष्टि कुमारी ने किया। संगीत शिक्षक प्रफुल्ल कुमार द्वारा रचित श्रीकृष्ण भजन 'मधुर मुरली बजाते थे' की सामूहिक प्रस्तुति माही, अनिशा, नाव्या नवेली, प्रगति, प्राची गौतम, राधा एवं आयुषी ने दी। भावपूर्ण भजन से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिरस में डूब गया। शिक्षिका काजल कुमारी के नेतृत्व एवं मीठी कुमारी के निर्देशन में मानवी, वर्णिका, सृष्टि, अथर्व,



सिद्धार्थ एवं साइमा ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आधारित एकांकी प्रस्तुत की। वहीं ब्यूटी कुमारी के निर्देशन में 'वो कृष्णा है' गीत पर कानिका, अनोखी, मानसी, सुहानी, काव्या, इशानी, जैशिका एवं आराध्या ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। पूरा परिसर 'राधे-राधे' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का स्मरण कराते हुए कहा कि विद्यार्थियों को परिणाम की चिंता किए बिना पूरी निष्ठा और लगन से अपने कर्म अर्थात पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की मजबूत नींव है। प्राचार्या तनु सौरभ ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कारों से जोड़ने के साथ उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को संस्कारवान, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यक्रम की सफलता में समन्वयक राम कुमार मिश्रा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों सुरेंद्र कुमार सिंह, अविनाश कुमार, एस. राम चन्द्रण, रंजन कुमार, दीपक कुमार, संजीव कुमार सिंह, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी एवं राकेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से शुक्रवार को नावकोठी पंचायत के वार्ड संख्या-3 में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली विभाग की टीम ने अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते पाए गए तीन उपभोक्ताओं के विरुद्ध नावकोठी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। नावकोठी पावर स्टेशन के कनीय विद्युत अभियंता (जेई) विमल कुमार साहा ने बताया कि लक्ष्मी देवी, सुबो देवी एवं पूनम देवी के घर पूर्व से बिजली बिल बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बावजूद तीनों के द्वारा बिजली पोल से अवैध रूप से तार खींचकर विद्युत ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा था। जेई ने बताया कि अवैध विद्युत उपयोग से विभाग को कुल 32,883 रुपये के राजस्व की क्षति हुई है। मामले में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। छापेमारी अभियान में जेई विमल कुमार साहा के अलावा सहायक अभियंता राजीव रंजन, तकनीकी सहायक संजय कुमार, मानव बल रमेश कुमार सिंह, सुनील कुमार तांती सहित विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## गीदड़ ने एक दर्जन लोगों को किया घायल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के रजाकपुर पंचायत में इन दिनों गीदड़ के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गीदड़ के हमले में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों का शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावकोठी में इलाज कराया गया। राजद नेता अब्दुल कुद्दुस ने बताया कि पंचायत के वार्ड संख्या 11, 12, 13 और 14 में गीदड़ का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गीदड़ झुंड बनाकर घर-आंगन, गलियों और सड़कों पर घूमते हैं तथा मौका मिलते ही लोगों पर हमला कर देते हैं। खासकर छोटे बच्चों को गीदड़ अपना निशाना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले करीब दो वर्षों से दो से छह वर्ष की उम्र के बच्चों पर गीदड़ के हमले की घटनाएं सामने आती रही हैं। उन्होंने बताया कि मो. मुमताज के पुत्र मो. इम्तियाज, मो. मसलेह की पुत्री, मो. हकीम की पोती और मो. जलील के पुत्र समेत कई बच्चों को गीदड़ काटकर घायल कर चुका है। लगातार हो रहे हमलों के कारण ग्रामीण अपने छोटे बच्चों को घर से बाहर भेजने में भी भय महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शाम ढलने के बाद गीदड़ों की आवाजाही बढ़ जाती है। झुंड में घूमने के कारण लोग अकेले घर से निकलने में भी सावधानी बरत रहे हैं। इससे गांव में भय का वातावरण बना हुआ है। राजद नेता अब्दुल कुद्दुस ने वन विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों, विशेषकर छोटे बच्चों को गीदड़ों के हमले से सुरक्षित रखने के लिए विभाग को शीघ्र कदम उठाना चाहिए।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**मनीगाछी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को महादेव स्थान ट्रस्ट समिति के द्वारा जतुका स्थित दिगेश्वर स्थान से भव्य कलश शो मेंभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा में 251 कुमारी कन्याओं ने दिघिया पोखर से जल भरकर दिगेश्वर स्थान, वीआईपी चौक होते हुए पुनः दिगेश्वर स्थान पहुंची, जहां भव्य तरीके से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाई जाएगी। मौके पर समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर छह पंडालों में सजी भव्य प्रतिमाएं

## ठाकुरबाड़ियों और मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, रासलीला, कुश्ती, मैराथन व सांस्कृतिक कार्यक्रम बने आकर्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न ठाकुरबाड़ियों और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखकर मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद पूजा-अर्चना की तथा भोग अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रखंड क्षेत्र के छह पूजा पंडालों में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जन्मोत्सव के बाद दर्शन के लिए मंदिरों एवं पूजा पंडालों के पट खोल दिए गए, जहां देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पहसारा में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान रासलीला का आयोजन किया गया। कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं बाल लीलाओं का आकर्षक मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजा समिति के अध्यक्ष वचनदेव कुमार, उपाध्यक्ष लक्ष्मी सहनी एवं मीडिया प्रभारी गोलू कुमार ने बताया कि मेले के दौरान कई धार्मिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा बेगूसराय जिले का पहला मैराथन दौड़ आयोजित किया जा रहा है। मैराथन बौधू सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पहसारा बभनगामा से शुरू होकर इनैया और बेगमपुर होते हुए नावकोठी स्थित एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में समाप्त होगा। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में बिहार के साथ पंजाब, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के पहलवान अपने दांव-पेंच का प्रदर्शन करेंगे। मेले के दौरान प्रतिदिन रासलीला भी आयोजित होगी।बेगमपुर में दो पूजा पंडालों में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई है। श्रीकृष्ण पूजा समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार ने बताया कि यहां करीब 125 वर्षों से पारंपरिक रूप से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। दूसरे पंडाल में पूजा-अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेले का आयोजन किया गया है। रजाकपुर में छह दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। पूजा समिति के अध्यक्ष संजीत कुमार महतो एवं सचिव उमेश कुमार उर्फ मुन्ना महतो ने बताया कि मेले का उद्घाटन बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय कुमार करेंगे। मेले में कव्वाली, विदेशिया नृत्य समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए शांति दस्ता भी गठित किया गया है। पीरनगर और समसा में भी भक्तिमय माहौल पहसारा पूर्वी के पीरनगर में चार दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। यहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायक एवं कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं समसा स्थित ठाकुरबाड़ी में भी भगवान श्रीकृष्ण की भव्य प्रतिमा स्थापित कर मेले का आयोजन किया गया है। पूरे प्रखंड क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर भक्ति, उमंग और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## जन्माष्टमी पर बच्चों ने प्रस्तुत की आकर्षक झांकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** मां जयमंगला ज्ञानोदय शिक्षण संस्थान, पहसारा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, व्यक्तित्व एवं आदर्शों पर आधारित मनमोहक लघु नृत्य एवं झांकी प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने श्रीकृष्ण के बाल रूप, उनकी लीलाओं तथा उनके जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। झांकी के माध्यम से बच्चों ने श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके संदेश को जीवंत किया। कार्यक्रम में अमोली कुमारी, मानवी, रिया, वैष्णवी, नैना, आनंद, रुचिका, अदिति, वाणी श्री, राधिका, नैन्सी सहित अन्य बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य रामाशीष सिंह ने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व एवं आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, कर्तव्य, कर्म और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों से श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के व्यवस्थापक नवीन कुमार पाठक ने झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर अंशु, नीतीश, राजू, प्रिंस, रूबी, आरती, कामाक्षी, भारती, अन्नू, कोमल, सोनाली सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

# प्रमंडलीय शिक्षक मिलन सम्मेलन सह सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर द पार्क होटल, मिठनपुरा, मुजफ्फरपुर में परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में प्रमंडलीय शिक्षक मिलन सम्मेलन सह सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तिरहुत प्रमंडल के बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक सह तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भावी प्रत्याशी प्रणय कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार एवं प्रदेश संगठन



महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से कहा कि परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत है। संगठन का उद्देश्य शिक्षकों को एक मजबूत मंच प्रदान करना है। वहीं प्रदेश महासचिव अशोक कुमार एवं प्रदेश महासचिव, प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ जमील अहमद विद्रोही ने कहा कि शिक्षकों की एकजुटता से ही शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह एवं प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष मो. दाऊद अली ने कहा कि आगामी तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में शिक्षकों की आवाज को मजबूती देने के लिए भाई प्रणय कुमार को हर हाल में सदन तक पहुंचाना है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षक समाज के सम्मान और अधिकारों के लिए संगठन लगातार कार्य कर रहा है। ऐसे सम्मेलन शिक्षकों के बीच संवाद और संगठनात्मक मजबूती को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। सभी ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षकों के सम्मान और उनके योगदान को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जमशेदपुर अली, पंकज कुमार चौधरी, राजीव कुमार, मुकेश कुमार गुप्ता, अमितेश मलिकौरिया, शुभम कुमार, मो.नसीम अख्तर, शुभी श्रीवास्तव, रानी कुमारी, जीतेन्द्र नाथ, राजीव कुमार, राजा अली, अजय कुमार, शशि कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पचरुखिया कला में 24 घंटे अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोईलवर (भोजपुर)।** प्रखंड के पचरुखिया कला गांव में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर उपाध्याय परिवार द्वारा दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को यहां 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ और हनुमान चालीसा का कार्यक्रम शुरू हुआ।

**भक्तिमय माहौल में हुआ पाठ**

उपाध्याय परिवार के आवास पर शुक्रवार से ही भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। श्रद्धालु लगातार अखंड रामचरितमानस पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। पूरे घर और आसपास का माहौल जय श्री राम और जय श्री कृष्णके जयघोष से गूंज रहा है। शनिवार को हवन, पूजा और भंडारा

आयोजकों के अनुसार शनिवार को हवन-पूजा पाठ किया जाएगा। इसके बाद भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति होगी। भंडारे में गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इस आयोजन को सफल बनाने में अनिल उपाध्याय, शिवाकांत उपाध्याय, पप्पू उपाध्याय, बंटी उर्फ निर्मल बाबा, रामाशंकर उपाध्याय, उदित उपाध्याय, नन्हे उपाध्याय सहित गांव के अन्य लोग जुटे हैं। सभी श्रद्धालुओं की सेवा और व्यवस्था में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। उपाध्याय परिवार ने सभी ग्रामवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

## स्कूलों में 15 सितंबर से अर्द्धवार्षिक परीक्षा

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एससीईआरटी के निदेशक ने सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों की अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा की विषयवार शिड्यूलय जारी कर दी है। परीक्षा 15 सितंबर से 20 सितंबर तक दो पाली में आयोजित होगी। क्लास 1 एवं 2 का मौखिक और क्लास 3 से 8 तक का लिखित मूल्यांकन होगा। 15 सितंबर को प्रथम पाली में क्लास 1 से 8 का हिंदी/उर्दू/बंगला व दूसरी पाली में क्लास 6 से 8 का विज्ञान, 16 सितंबर को प्रथम पाली में क्लास 1 से 8 तक का अंग्रेजी व दूसरी पाली में क्लास 3 से 8 तक का पर्यावरण अध्ययन/सामाजिक विज्ञान, 17 सितंबर को पहली पाली में क्लास 1 से 8 तक का गणित व दूसरी पाली में क्लास 6 से 8 तक का संस्कृत की परीक्षा होगी। 18 सितंबर को उर्दू/मकतब विद्यालयों को छोड़ कर सभी विद्यालयों में सह शैक्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन होगा। 19 सितंबर को पहली पाली में क्लास 3 से 8 तक का हिंदी (द्वितीय भाषा/अहिन्दी भाषी के लिए) होगी। 20 सितंबर को मकतब/उर्दू विद्यालयों में सह शैक्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन होगा। क्लास 3 से 8 तक के छात्र/छात्राओं का उत्तरपुस्तिका की जांच कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर पर 21 सितंबर से 25 सितंबर तक अधिकतम पांच कार्य दिवस की अवधि में की जाएगी। सभी प्रारंभिक विद्यालय में 26 सितंबर को अभिभावक - शिक्षक बैठक आयोजित कर अभिभावकों के साथ छात्र-छात्राओं के रिजल्ट को साझा किया जाएगा।

## बड़हरा सरैया में छह सितंबर को होगी फरक्का जल संधि पर सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत सरैया हाई स्कूल मैदान में आगामी 6 सितंबर 2026 को जनता दल यूनाइटेड की ओर से फरक्का जल संधि को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित बिहार सरकार के मंत्री, पार्टी के वरीय नेता एवं अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए संदेश विधानसभा क्षेत्र के विधायक राधाचरण साह उर्फ सेठ जी सरैया हाई स्कूल मैदान पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कार्यक्रम स्थल पर मंच, लोगों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है, इसलिए आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं, ताकि किसी भी तरह की परेशानी न हो। बताया जा रहा है कि फरक्का जल संधि से जुड़े मुद्दों को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं और स्थानीय समर्थकों में भी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों की ओर से क्षेत्र के लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। कार्यक्रम के लिए लोगों को सादर आमंत्रित किया गया है।

# कथरुआ में नाले से अज्ञात शव बरामद, इलाके में मची सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के कथरुआ गांव में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब डा. आसित रंजन के पीछे स्थित नाले से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने नाले में शव पड़े होने की सूचना नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की।

पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। शव किस परिस्थिति में नाले तक पहुंचा, इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों को लेकर पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया शुरू की है। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह

**दरभंगा।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर शनिवार 05 सितम्बर को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्यालय के दरबार हॉल में अपराह्न 02 बजे कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय की अध्यक्षता में प्रस्तावित कार्यक्रम में शिक्षक पदाधिकारी समेत कई कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। संस्कृत प्रेमी विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य सह सीनेटर विधायक डॉ विनय कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं, प्रो0 दिलीप कुमार झा के संयोजकत्व में आयोजित सम्मान समारोह की विशिष्ट अतिथि कैम्पस की एसबीआई शाखा की प्रबन्धक सुनीति होंगी। सेवानिवृत प्राचार्य डॉ0 अमरनाथ मिश्र, डॉ0 विनोद कुमार पाण्डेय तथा डॉ0 श्रवण कुमार चौधरी की भी गरिमामय उपस्थिति रहेगी। डॉ0 यदुवीर स्वरूप शास्त्री के मंच संचालन में आयोजित कार्यक्रम में प्रो दिलीप कुमार झा स्वागत भाषण देंगे।

# आरपीएफ ने बरामद की शराब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कार्रवाई**

**नवीनगर।** ऑपरेशन सतर्क के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) नबीनगर की टीम ने लगातार कार्रवाई करते हुए ट्रेन से लावारिस हालत में अंग्रेजी और देशी शराब बरामद की है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 5,400 रुपये बताई गई है। आरपीएफ के अनुसार, 3 सितंबर 2026 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में सहायक निरीक्षक शिव शंकर यादव, आरक्षी संजीव कुमार, आरक्षी सत्य प्रकाश एवं आरक्षी शैलेश कुमार शर्मा की टीम ने गाड़ी संख्या 63557 अप की जांच की।

जांच के दौरान नवीनगर रेलवे स्टेशन पर कोच संख्या ईसी-218507 में एक ट्रॉली बैग लावारिस हालत में रखा मिला। बैग की तलाशी लेने पर उसमें 40 अदद छबीली देशी शराब, प्रत्येक 200 मिलीलीटर तथा 40 अदद किंगफिशर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम बीयर, प्रत्येक 500 मिलीलीटर बरामद हुई। आरपीएफ के मुताबिक बरामद शराब की कुल मात्रा 28 लीटर है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 5,400 रुपये बताई गई है। मौके पर निरीक्षक राम विलास राम द्वारा विधिवत जब्ती सूची तैयार कर शराब को जब्त किया गया।

बरामद शराब को अग्रिम कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष, सदर उत्पाद, औरंगाबाद को सुपुर्द कर दिया गया है। आरपीएफ ने बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## सिरौधा गांव के तालाब को जीर्णोद्धार की जरूरत

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के मदनपुर प्रखंड के सिरौधा गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है। यहां तक कि पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। अभी बारिश के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौधा उग आए हैं। ग्रामीण विकास सिंह ने बताया कि तालाब का जीर्णोद्धार करने की जरूरत है। अगर तालाब की गहराई हो जाती है।

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Vikash Sharma s/o Kameshwar Sharma vill- Mohanpur post- Nalanda, Mohanpur, Distt. -Nalanda, Bihar PIN- 803111 have changed my name and I shall hereafter be known as Suraj Kumar.

C M Y K

# अलग-अलग स्थानों पर डूबने से तीन की मौत


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग स्थानों पर डूबने से तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सलैया थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पहली घटना पिरवां पंचायत के मुर्गी बिगहा की है। घर से महज 50 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे बह रहे नाले में चार साल का बच्चा खेलते-खेलते गिर गया जिसमें डूबने से उसकी मौत हुई। उसका शव तेतरिया बड़का आहर चहका के समीप मिला। मृतक की पहचान मुर्गी बिगहा निवासी चंदन दास के इकलौते पुत्र रिशु कुमार के रूप में हुई है। वहीं कठौतिया आहर में डूबने से 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी धर्मजीत यादव के पुत्र चंदन कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार चंदन कुमार पहाड़ की ओर गया था जहां पैर फिसलने से वह आहर में गिर पड़ा और डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ओबरा थाना अंतर्गत अदरी नदी स्नान के दौरान 17 वर्षीय किशोर पानी की तेज बहाव में लापता हो गया। मामला की है। करीब 18 घंटे तक चले खोज अभियान के बाद उसका शव बरामद किया गया। किशोर की पहचान रोहित कुमार के रूप में हुई है। वह ओबरा थाना के बगल स्थित दलित मोहल्ला निवासी राजेंद्र डोम का पुत्र था। सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। अंचलाधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशासन की तत्परता से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया और अभियान चलाकर युवक का शव बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को सरकार के आपदा राहत प्रावधानों के तहत नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# मिट्टी का मकान गिरने से किशोरी की मौत, चार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के सिंहुड़ी गांव में गुरुवार की देर रात मिट्टी का एक मकान अचानक भरभराकर ध्वस्त हो गया। हादसे के समय घर में सो रहे एक ही परिवार के पांच लोग मलबे में दब गए। घटना में 12 वर्षीय एक किशोरी की मौत हो गई जबकि उसकी मां और तीन अन्य बच्चे घायल हो गए। मृतका की पहचान कन्हाई विश्वकर्मा की पुत्री बबली कुमारी के रूप में की गई है। घायलों में उसकी मां पूनम देवी के अलावा नंदनी कुमारी, रिमी कुमारी और कुंदन कुमार शामिल हैं। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर पांचों लोगों को बाहर निकाला गया। मलबे से बाहर निकाले गए सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद किशोरी को मृत घोषित कर दिया जबकि उसकी मां पूनम देवी और तीनों घायल बच्चों का इलाज किया गया।







# एनटीपीसी, नबीनगर में श्रमिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** एनटीपीसी नबीनगर में श्रमिकों के सशक्तिकरण एवं जागरूकता हेतु श्रमिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गयाजी अंचल के कारखाना निरीक्षक, मोहम्मद हदीश के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उन्होंने स्टेशन का दौरा कर श्रमिकों के साथ सीधे संवाद कर और उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। कारखाना निरीक्षक मोहम्मद हदीश ने एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के हित में की जा रही पहलों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य वातावरण किसी भी औद्योगिक प्रतिष्ठान की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने श्रमिकों को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक रहने तथा सुरक्षित कार्य व्यवहार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों एवं प्रबंधन के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित कर कार्यों को बेहतर एवं सुरक्षित तरीके से निष्पादित कराना था। कार्यक्रम में श्रमिकों से कार्य स्थल पर कार्य के दौरान आराम करने के लिए रेस्ट रूम की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा एवं समय पर वेतन भुगतान की व्यवस्था आदि की जानकारी ली गई। श्रमिकों द्वारा बेझिझक अपनी बातों को पदाधिकारी के समक्ष रखा गया। यह संवाद कार्यक्रम एनटीपीसी नबीनगर परियोजना की श्रमिक-केंद्रित एवं कल्याणोन्मुख कार्य संस्कृति का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा जिसने श्रमिकों के सुरक्षा, जागरूकता और प्रबंधन-श्रमिक समन्वय को नई मजबूती प्रदान की। एनटीपीसी नबीनगर श्रमिकों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए उनके हित में इस प्रकार के प्रयास निरंतर करती रही है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
उमाकांत सिंह
प्रभारी प्रधानाध्यापक
राजकीयकृत उच्च विद्यालय
नवीनगर (औरंगाबाद)






















## पंखे से फंदा लगाकर युवक ने दी जान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अम्बा थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय युवक ने छत में लगे पंखे से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान महरूम शहाबुद्दीन अंसारी के 32 वर्षीय वसीम आलम उर्फ छोटू के रूप में की गई है। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई जफर आलम ने बताया कि गुरुवार की देर शाम सूचना मिली कि हमारा छोटा भाई काफी देर से घर पर नहीं है। इसी क्रम में मेरे दुकान के उपर जाकर देखा तो दुकान के अंदर और पीछे से दरवाज़ा बंद था। आवाज़ लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोलने पर मिस्त्री बुला कर दरवाजा तोड़ा गया। इसके बाद अंदर का नज़ारा देख कर स्तब्ध रह गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269






सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

## शिक्षक दिवस
(5 सितम्बर, 2026)

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

## संदेश

भारत के महान दार्शनिक, विश्वविख्यात् शिक्षाविद्, श्रेष्ठ बुद्धिजीवी एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर मैं बिहार सहित देश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।


शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान प्रदान करने के साथ–साथ व्यक्तित्व एवं चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे बच्चों में सहिष्णुता, विवेक, करूणा, विनम्रता, नैतिकता और संवेदनशीलता जैसे मानवीय गुण विकसित करते हैं तथा उनकी अन्तर्निहित प्रतिभा और क्षमताओं को निखारकर उन्हें जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का यह योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय है।

हम ऐसी शिक्षा व्यवस्था की अपेक्षा करते हैं, जो हमारी युवा पीढ़ी को ज्ञान और कौशल के साथ मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति भी सजग बनाए। हमारा विश्वास है कि शिक्षक विद्यार्थियों में सत्य, अहिंसा, त्याग, विश्व बन्धुत्व, नैतिकता, संवेदनशीलता एवं राष्ट्रप्रेम जैसी उदात्त भावनाओं का विकास करते हुए उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

शिक्षक दिवस के इस महत्वपूर्ण अवसर पर मैं राष्ट्र के सभी शिक्षकों के प्रति उनके समर्पण, सद्प्रयासों और अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्हें पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

PR No.-011195 (Education)D. 2026-27

**ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)**



बिहार सरकार

## संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

भारत के प्रख्यात शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए मैं सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

शिक्षक अमूल्य संसाधन हैं। सुकरात ने कहा था, "मैं किसी को कुछ पढ़ा नहीं सकता, मैं सिर्फ उन्हें सोचना सिखा सकता हूँ।" एक शिक्षक, सभी विद्यार्थियों में, उनकी मंजिल की ओर, सही दिशा में कदम कैसे बढ़ाएँ, यह सोच विकसित करता है। उनके एक अच्छे शब्द से किसी बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ सकता है। उनके एक प्रयास से विद्यार्थी अपने जीवन की दिशा बदल सकता है और उनके मार्गदर्शन से ही राष्ट्र एवं विश्व को एक वैज्ञानिक, चिकित्सक, अभियंता, शिक्षक, प्रशासक, उद्यमी, खिलाड़ी एवं संवेदनशील नागरिक जैसे बहुमूल्य रत्न मिलते हैं।

राज्य के 211 प्रखंड में डिग्री कॉलेज, 700 सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय, बिहार स्कूल लाइव क्लासेज सहित शिक्षा को देश भर में उच्च कोटि की पहचान दिलाने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में शिक्षा विभाग के बजट में कुल ₹66,676 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो कुल बजट का लगभग 20 प्रतिशत है। मुझे प्रसन्नता हो रही है कि नए डिग्री कॉलेजों की स्थापना से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसी क्रम में तकनीकी शिक्षा को रोजगार एवं नवाचार से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया जा रहा है तथा शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने हेतु राज्य स्तर पर लगातार पहल किए जा रहे हैं।

सरकार राज्यभर में आवश्यकतानुसार, शिक्षकों की संख्या में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत है। शिक्षक मात्र एक संख्या नहीं, बल्कि वे देश के भविष्य की आधारशिला हैं। एक अच्छा विद्यालय, सक्षम शिक्षक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समन्वय से ही संभव है। शिक्षक हमारी शिक्षा व्यवस्था की आत्मा है। इसे शाश्वत बनाए रखना हमारा कर्त्तव्य है।

शिक्षक दिवस के इस पुनीत अवसर पर मैं सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि वे विधार्थियों में सर्वांगीण विकास की भावना को विकसित करेंगे, ताकि वे एक प्रबुद्ध नागरिक के रूप में सफल राष्ट्र का निर्माण कर सके।

PR No.- 011196 (Education) D. 2026-27

**(सम्राट चौधरी)**